कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी 07:51 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 28 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 79, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आतंकवाद बर्दाश्त नहीं : जयशंकर 16

परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ 15

### अमृत विचार की ओर से आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में निजी डॉक्टरों ने जनप्रतिनिधियों के सामने प्रमुख समस्याओं पर की चर्चा

# आयुष्मान योजना के समय पर भुगतान न होने पर झलकी डॉक्टरों की चिंता

- महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों के नवीनीकरण के मुद्दे भी उठाए
- वन मंत्री डॉ. अरुण ने सभी समस्याओं को शासन में रखने का भरोसा दिलाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमृत विचार की ओर से रविवार को आयोजित हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में डॉक्टरों ने अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत समय पर भुगतान न किए जाने पर गंभीर चिंता जताई। महिला डॉक्टरों की सुरक्षा और अस्पतालों का पंजीकरण कराने की अनिवार्यता को हर साल के बजाय पांच साल में लागू किए जाने जैसे कई और मुद्दे भी प्रमुखता के साथ उठाए। डॉक्टरों ने कहा कि ये समस्याएं इस कदर चुनौतीपूर्ण हो चुकी हैं कि इनकी वजह से कई अस्पतालों का अस्तित्व दांव पर लग गया है।

पीलीभीत बाईपास पर स्वर्ण फार्म में आयोजित कॉन्क्लेव में निजी-सरकारी डॉक्टरों के साथ जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों और अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। निजी डॉक्टरों का सबसे ज्यादा फोकस आयुष्मान योजना की विसंगतियों पर रहा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अस्पताल मरीजों का इलाज करने के लिए तो बाध्य हैं, लेकिन कई बार बेहद औचित्यहीन कारणों से भुगतान रोक दिया जाता है। डॉक्टरों ने कहा कि यूपी मेडिकल काउंसिल इस आधार पर भी भुगतान रोक रही है कि इलाज करने वाले डॉक्टर की डिग्री उत्तर प्रदेश से बाहर की है जबकि आयुष्मान योजना के तहत सरकारी कमेटी ही अस्पतालों को इलाज करने का अप्रूवल देती है।

अस्पतालों को हर साल रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता पर डॉक्टरों ने कहा कि इसकी वजह से अस्पतालों को उत्पीड़न से जूझना पड़ता है। वे काफी समय से पांच साल में रजिस्ट्रेशन कराने की व्यवस्था लागू कराने की मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। कॉन्क्लेव में बरेली में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना का मुद्दा भी उठा। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के साथ बाकी जनप्रतिनिधियों ने भी ये समस्याएं सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। कॉन्क्लेव में विशिष्ट अतिथि के तौर पर बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, मेयर उमेश गौतम, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने किया।




अमृत विचार के हेल्थ केयर कॉन्क्लेव में मंचासीन मुख्य अतिथि वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्य, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एसएसआरएम ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

### जल्द लागू होगी पांच साल में रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था : डॉ. अरुण

- आयुष्मान का भुगतान रोकना गलत, शासन में रखेंगे मुद्दा

मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने निजी डॉक्टरों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर बिंदुवार जवाब दिए। कहा, अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन हर साल के बजाय पांच साल बाद कराने की व्यवस्था जल्द लागू होने वाली है। उनकी स्वास्थ्य मंत्री से बात हो चुकी है। उन्होंने आईएमए से इस संबंध में एक पत्र भी देने को कहा ताकि सरकार में उनकी बात एक बार फिर रखी जा सके। आयुष्मान योजना का भुगतान लटकाने को वन मंत्री ने भी गलत करार दिया। कहा, ये मुद्दा भी शासन में रखेंगे। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन कराने में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं मिल रही है तो उनसे कभी भी संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### अमृतपाल के सहयोगी सहित तीन गिरफ्तार

**जालंधर।** जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए अवैध हथियारों, ड्रग्स, जबरन वसूली और अन्य की तस्करी में शामिल होने के आरोप में अमृतपाल सिंह के एक पीएसओ सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने रविवार को बताया कि यह रैकेट राज्य में सक्रिय था और राज्य में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की योजना बना रहा था।

### जम्मू-कश्मीर में नार्को तस्कर गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को उधमपुर जिले में पोस्ता भूसी के साथ एक अंतर्राज्यीय नार्को तस्कर अवतार सिंह निवासी रामदास जिला, तहसील अमृतसर, पंजाब को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने राउंडोमेल में नाका पॉइंट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक ट्रक से 9.680 किलोग्राम पोस्ता भूसी बरामद किया।

### एम्बुलेंस से डोडाचूरा की तस्करी करते दो गिरफ्तार

**रतलाम।** मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने एक एम्बुलेंस से आठ क्विंटल से अधिक मात्रा में डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि एक एम्बुलेंस से दो व्यक्ति अवैध डोडाचूरा लेकर जा रहे थे।

# 50 उड़ानों में बम होने की धमकी

### धमकी के बाद इंडिगो एयर लाइन के दो विमानों का परिवर्तित किया गया मार्ग

### पिछले 14 दिनों के भीतर 350 से ज्यादा फ्लाइट्स को मिल चुकी हैं धमकियां

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों को रविवार को 50 विमानों में बम होने की धमकी मिली जिससे दो उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। पिछले 14 दिनों में भारतीय विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 350 से अधिक उड़ानों में बम होने की झूठी धमकी मिली है। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के जरिए दी गईं।

अकासा एयर ने रविवार को कहा कि उसकी 15 उड़ानों को सुरक्षा अलर्ट मिला। इंडिगो की 18 उड़ानों और विस्तारा की 17 उड़ानों के दौरान विमान में बम होने की धमकियां मिलीं। धमकियों के बाद इंडिगो की दो उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। इंडिगो के एक अधिकारी ने कहा कि इसकी पुणे से जोधपुर उड़ान को अहमदाबाद और कोझिकोड से दम्मम को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया। जिन उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले उनमें दिल्ली-इस्तांबुल, जेद्दा-मुंबई, गोवा-अहमदाबाद, बेंगलुरु-झारसुगुड़ा, अमृतसर-अहमदाबाद, कोलकाता-पुणे, हैदराबाद से बागडोगरा, दिल्ली से बेंगलुरु, बेंगलुरु से दिल्ली, रायपुर से हैदराबाद, मुंबई से कोलकाता, अहमदाबाद-लखनऊ, बेंगलुरु से कोलकाता, कोलकाता-बेंगलुरु) और रियाद-मुंबई शामिल हैं।




केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र उन अपराधियों को उड़ान भरने से प्रतिबंधित करने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रहा है, जो बम होने की झूठी धमकियां देते हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि इन फर्जी खतरों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों, कानून प्रवर्तन शाखा और गुप्तचर ब्यूरो की मदद लेने के अलावा केंद्र सरकार दो नागरिक उड्डयन कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है।

### लखनऊ के 9 होटलों को उड़ाने की धमकी

- होटलों की आईडी पर ई-मेल भेजकर दी गई धमकी, मांगे 55 हजार डॉलर
- मेल मिलते ही पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट, होटलों और रेस्टोरेंट की जांच शुरू

**लखनऊ।** राजधानी के 9 होटलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई। धमकी के बाद पुलिस ने सभी 9 होटलों में छानबीन की। पुलिस उच्चाधिकारियों ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया। प्रमुख शहरों में भी होटलों की जांच की गई। आरोपी ने एडम लांजा के नाम से सभी होटलों को मेल किया। जिसे Sandyhookchildkilling‹bha›@‹/bha›outlook.com मेल आईडी से सुबह 8.30 बजे भेजा। जिसके बाद होटल प्रबंधन ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। जिसके बाद सभी होटलों में बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीमें पहुंचीं। साइबर क्राइम की टीम आईपी एड्रेस का पता लगा रही है। जिन होटलों को धमकी मिली उनमें होटल क्लार्क अवध, फार्च्यून, पिकैडली, लेमन ट्री, होटल मैरिएट, होटल कम्फर्ट विस्टा, होटल कासा, होटल दयाल गेटवे और सरका होटल शामिल हैं। मेल भेजने वाले ने लिखा है, आपके होटल के परिसर में काले बैग में बम छिपाए गए हैं। मुझे 55 हजार डॉलर (लगभग 45.6 लाख रुपये) चाहिए, नहीं तो मैं बम से उड़ा दूंगा और हर जगह खून फैल जाएगा।

### अयोध्या की एक और उड़ान में बम की सूचना

**अयोध्या।** रविवार को बेंगलुरु से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। विमान में 173 यात्री थे। महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग के बाद बम स्क्वायड व सुरक्षा टीमों ने दो घंटे तक जांच की। सूचना झूठी साबित होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से जाने दिया गया। इससे पहले 15 अक्टूबर को जयपुर से अयोध्या आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम की सूचना मिली थी। अयोध्या एयरपोर्ट के डायरेक्टर विनोद कुमार ने विमान में बम की सूचना के बाद एयरक्राफ्ट और सामानों की जांच कराई गई लेकिन कुछ नहीं मिला।

# फिर से शुरू होंगे गुरुकुल पद्धति के विद्यालय : योगी

### संस्कृत छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत, 69195 विद्यार्थियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा-कंप्यूटर साइंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों में भी उपयोगी संस्कृत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से रविवार को राज्य के सभी संस्कृत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना की शुरूआत की। उन्होंने कुल 69195 विद्यार्थियों को 5.86 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति की घोषणा करते हुए संकल्प जताया कि प्रदेश में फिर से गुरुकुल पद्धति के आवासीय संस्कृत विद्यालय शुरू होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्कृत न केवल देववाणी है, बल्कि यह विज्ञान की भाषा भी है, जो कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों में उपयोगी है। संस्कृत की विशेषताएं इसे तकनीकी दृष्टिकोण से सहज बनाती हैं। इसीलिए संस्कृत के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले संस्कृत के केवल 300 विद्यार्थियों को ही छात्रवृत्ति मिलती थी, उसमें भी आयु सीमा तय थी, लेकिन अब सभी संस्कृत स्कूल, कालेज व विश्वविद्यालय के 69195 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश भी दिया। कहा कि संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। जिन स्थानों पर अभी तक शिक्षक नहीं हैं, वहां मानदेय के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनके अनुभव को वरीयता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों में संस्कृत शिक्षा को उपेक्षित रखे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि जो मानवता का पक्षधर है, वह संस्कृत का भी हिमायती है। मुख्यमंत्री ने 12 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक देकर योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालू, कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद् के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पाठक, काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### आप करें संस्कृत की पढ़ाई सरकार करेगी सारी व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गुरुकुलों को अतिरिक्त सुविधाएं दी जाएंगी, छात्रों के लिए निःशुल्क छात्रावास और भोजन की व्यवस्था करने वाले संस्थानों को विशेष सहायता मिलेगी। अच्छे आचार्यों की नियुक्ति की भी स्वतंत्रता दी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों के कहा कि निश्चिंत होकर संस्कृत की पढ़ाई करें, सरकार सारी व्यवस्था करेगी। एलान किया कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में स्थापित वैदिक विज्ञान केंद्र के माध्यम से विशिष्ट शोध को प्रोत्साहित करते हुए राज्य सरकार शोध करने वाले छात्रों को विशेष छात्रवृत्ति भी देगी।

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा प्रस्ताव
- लद्दाख का दर्जा केंद्र शासित प्रदेश का ही रहेगा

केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बना दिए थे। सरकार ने राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा भी दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

### राज्य दर्जे के बाद यह होगा बदलाव

पुलिस और कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार के पास आ जाएगी। सरकार का पुलिस पर सीधा नियंत्रण होगा। भूमि, राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर कानून बनाने का अधिकार भी राज्य सरकार को मिल जाएगा। सरकार चलाने में तब उपराज्यपाल का दखल नहीं होगा। वित्तीय मदद के लिए केंद्र पर निर्भरता खत्म होगी। वित्त आयोग से वित्तीय सहायता मिलेगी। राज्य की विधानसभा को पब्लिक ऑर्डर यानी सार्वजनिक व्यवस्था और समवर्ती सूची के मामलों में कानून बनाने के अधिकार मिलेंगे। सरकार कोई वित्तीय बिल पेश करती है तो इसके लिए उसे राज्यपाल की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं होगी। एंटी करप्शन ब्यूरो और अखिल भारतीय सेवाओं पर राज्य सरकार का पूरा नियंत्रण हो जाएगा। यानी राज्य में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग राज्य सरकार के हिसाब से होंगे, उस पर उपराज्यपाल का नियंत्रण नहीं रहेगा। व्यापार, टैक्स और वाणिज्य के मामलों में राज्य सरकार को सभी अधिकार हासिल हो जाएंगे। राज्य का दर्जा बहाल होने से विधायकों की संख्या के 15 प्रतिशत तक मंत्री बनाए जा सकेंगे।

# दिल्ली के पालिका बाजार में मोबाइल जैमर मिला, हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी



- पुलिस ने बरामद करने के बाद जांच को भेजा

दिल्ली पुलिस ने दिवाली से पहले जांच के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के पालिका बाजार से एक मोबाइल नेटवर्क जैमर जब्त किया। पुलिस उपायुक्त (नई दिल्ली) देवेश कुमार महला ने रविवार को बताया कि हमारी टीमें त्योहारों की शुरुआत से पहले सभी दुकानों, होटलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों की जांच कर रही हैं। विशेष जांच के दौरान एक टीम को बाजार में एक संदिग्ध वस्तु मिली। उन्होंने बताया कि मोबाइल नेटवर्क जैमिंग डिवाइस की तरह काम करने वाले इस उपकरण को तुरंत जब्त कर लिया गया। महला ने कहा कि हम उपकरण के सत्यापन के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं।

# मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में दस घायल

मुंबई, एजेंसी

- बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान हुआ हादसा

मुंबई में बांद्रा रेलवे स्टेशन पर रविवार तड़के गोरखपुर जाने वाली एक ट्रेन में चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की के दौरान मची भगदड़ में दस लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत गंभीर है। नगर निकाय और आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, पश्चिमी रेलवे ने घायलों की संख्या दो बताई है।

सूत्रों के अनुसार दिवाली और छठ के आगामी उत्सवों के मद्देनजर अपने घरों की ओर जाने की योजना बना रहे लोग बड़ी संख्या में बांद्रा टर्मिनल पहुंचे। जब अनारक्षित ट्रेन को एक प्लेटफॉर्म पर लाया जा रहा था तो कई यात्री उसमें चढ़ने के लिए दौड़ पड़े। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग 22921 बांद्रा-गोरखपुर अंत्योदय एक्सप्रेस पर चढ़ने के लिए बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर मौजूद थे। पश्चिम रेलवे ने बताया कि यह घटना देर रात 2:45 बजे बांद्रा टर्मिनल की प्लेटफॉर्म संख्या एक पर हुई जब अंत्योदय एक्सप्रेस यार्ड से प्लेटफॉर्म की ओर बढ़ रही थी। ड्यूटी पर मौजूद आरपीएफ, जीआरपी और होम गार्ड अफसरों ने घायल यात्रियों को नजदीकी भाभा गवर्नमेंट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बहरहाल, मुंबई आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ और नगर निकाय के एक अधिकारी के अनुसार अनारक्षित ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान भीड़भाड़ वाले ट्रेन टर्मिनल पर भगदड़ में नौ यात्री घायल हो गए।



# दीपावली से पहले कई शहरों की खराब होने लगी आबोहवा

### पूर्वी से पश्चिम उप्र. तक बढ़ा वायु प्रदूषण, लखनऊ, कानपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूर्वी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों की हवा इन दिनों प्रदूषित हो चली है। आबोहवा ऐसी ही बनी रही तो आने वाले दिनों में दिल के मरीज बढ़ सकते हैं। दरअसल, पूर्वी से लेकर पश्चिम उप्र. के तमाम शहरों में दिवाली से पहले वायु प्रदूषण बढ़ा हुआ है। इस क्रम में लखनऊ, कानपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, गाजियाबाद में चल रही हवा की गुणवत्ता प्रभावित है।

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि लंबे समय तक ऐसी हवा में रहने पर सांस की बीमारी का खतरा हो सकता है। 401 से 500 तक एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) होने पर स्वस्थ आदमी पर भी असर पड़ सकता है। पहले से बीमार लोगों को ज्यादा खतरा होता है। 51 से 100 के बीच एक्यूआई को संतोषजनक जाता है और 0-50 एक्यूआई को अच्छी स्थिति माना जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की साइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार रविवार की सुबह राजधानी लखनऊ स्थित बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के पास एक्यूआई 59, गोमतीनगर में 61, कुकरैल में 70, लालबाग में 106 रहा। जबकि पश्चिमी उप्र. की स्थिति यह है कि कई इलाकों में सूक्ष्म, धूल, सल्फर और कार्बन के कणों की अधिकता से लोग खांसने लगे हैं। खुले में निकलने पर आंखों में जलन महसूस हो रही है। सांस संबंधी बीमारियों के मरीज बढ़ गए हैं। डाक्टरों के पास सबसे ज्यादा यही मरीज हैं। कानपुर के किदवई नगर में 64, कल्याणपुर में 81 और नेहरू नगर में 56 एक्यूआई पाया गया। आगरा के मनोहरपुर में 190 एक्यूआई पाया गया है। मुरादाबाद के कांशीराम नगर में एक्यूआई 134, ट्रांसपोर्ट नगर में 99 पाया गया है। मेरठ के गंगानगर में 122 जयभीमनगर में 251, पल्लवपुरम में 213 एक्यूआई पाया गया है। प्रयागराज के झूंसी में 67, मोतीलाल नेहरू एनआईटी के पास 33 एक्यूआई पाया गया है।



### कई जिलों में बारिश के आसार

**लखनऊ।** मौसम में हो रहे बदलाव के बीच सुबह और रात में ठंड का एहसास बढ़ रहा है। कई शहरों के तापमान में गिरावट भी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले 24 घंटे में वाराणसी, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, जौनपुर, मिर्जापुर, संत रविदासनगर, सोनभद्र, चंदौली, आजमगढ़, बलिया, मऊ, गाजीपुर और देवरिया में हल्की बारिश हो सकती है। कानपुर में बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। लखनऊ और आसपास मौसम साफ रहने की संभावना है।

### दिल्ली में वायु की गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 359 दर्ज किया गया जबकि शनिवार को यह 255 था। बोर्ड ने 40 निगरानी केंद्र में से 36 का आंकड़ा साझा किया जिसमें से आनंद विहार, अलीपुर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, वजीरपुर, विवेक विहार और सोनिया विहार में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई जबकि शेष 28 में एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रहा।

## एक नजर

### राठौर महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अंजनी

**मवई, अयोध्या।** भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तर प्रदेश संगठन के संस्थापक अध्यक्ष राम नरायन साहू, प्रदेश अध्यक्ष राकेश राठौर के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष रमाशंकर साहू ने मवई चौराहा निवासी भाजपा मवई मण्डल अध्यक्ष अंजनी साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि नई जिम्मेदारी मिलने पर पूरी ईमानदारी पर काम करेंगे।

### तीन आम के पेड़ चोरी से बेचने की शिकायत

**मवई, अयोध्या।** क्षेत्र में 40 साल पुराने आम के हरे तीन पेड़ चोरी से काटकर बेचने की शिकायत मवई गांव निवासी सुखराम और बाबूलाल ने जिलाधिकारी से की है। आरोप है कि अपनी जमीन में करीब 40 साल पहले आम के छह पेड़ लगाये थे। जिसे रातोंरात चोर काटकर उठा ले गए। वन क्षेत्राधिकारी जेपी गुप्ता ने बताया कि डीएफओ की अनुमति से पेड़ काटे गए हैं।

# पहली बार 'रामलला की मौजूदगी' में होंगे सारे आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दीपोत्सव-2024 अत्यंत खास होगा। सीएम योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार 'रामलला की मौजूदगी' में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, इंडोनेशिया व उत्तराखंड के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी।



### मुख्य मंच पर ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में सहारनपुर की रंजना नेव नृत्यमयी रामायण के जरिए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। आगरा की प्रीति सिंह (प्रीति के परिंदे) हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से संकटमोचन के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। दिल्ली की मैत्रेय पहाड़ी व उनकी टीम श्रीरामचरितमानस नारी शक्ति पर प्रस्तुति देंगी। लखनऊ की अपर्णा यादव का भजन गायन भी मुख्य मंच पर ही होगा। दीपोत्सव के मुख्य मंच पर यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे।

### अन्य राज्यों के कलाकारों की भी होगी प्रस्तुति

30 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया टीम बधावा, असम की सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालवेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजबा के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोलताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह नौ बजे से शुरू हो जाएंगे।

### शोभायात्रा प्रस्तुति में भी यूपी के कलाकारों की रहेगी मंडली

संस्कृति विभाग के निर्देशन में 28 से 30 अक्टूबर तक रामलीला दलों के कलाकारों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें अयोध्या की श्री मारुति नंदन हनुमन आदर्श रामलीला मंडल, श्रीबालाजी सांस्कृतिक विकास सेवा संस्थान, जय हनुमान मानस उत्थान आदर्श रामलीला मंडल, श्रीअवध आदर्श रामलीला समिति, श्रीजनक दुलारी संस्थान समेत 11 दल रहेंगे। लोककलाकार दल भी विजयवीर विक्रम बहादुर, माता प्रसाद वर्मा की तरफ से फरुआही, अयोध्या के पुष्पेंद्र कुमार (बहुरूपिया), सुमिष्ठा मित्रा व टीम बधावा, रमा प्रजापति व टीम अवधी, झांसी के निशांत भदौरिया राई, गोरखपुर की सुगम सिंह शेखावत वनटांगिया नृत्य, मथुरा के माधव आचार्य मयूर नृत्य पर प्रस्तुति देंगे।

### 10 बड़े मंचों पर भी होगा लोककलाओं का प्रदर्शन

योगी सरकार द्वारा रामनगरी अयोध्या में सांस्कृतिक प्रस्तुति के लिए 10 बड़े मंच बनाए गए हैं। इनमें गुप्तार घाट, बड़ी देवकाली, रामाघाट, बिड़ला धर्मशाला, भरतकुंड, तुलसी उद्यान, भजन संध्या स्थल, नाका हनुमानगढ़ी साहबगंज, बस अड्डा बाईपास, रामकथा पार्क में लोककलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम शाम पांच से रात नौ बजे तक होंगे। रामघाट पर अग्निहोत्री बंधु सरीखे कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। यूपी के सभी जनपदों के कलाकार भी रामनगरी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## 12 से अधिक मोहल्लों में 80 हजार लोगों झेला पेयजल संकट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम के 12 से भी अधिक मोहल्लों में महीनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। पानी न मिलने से हाय तौबा मची हुई है। 80 हजार आबादी की परेशानी रविवार को सामने आई। जल कल की टीम ने आनन-फानन जलापूर्ति बहाल कराई। रामपथ से अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले क्षीर सागर पथ पर चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिससे जलवानपुरा क्षेत्र में 16 इंच पाइप लाइन टूट जाने के कारण रामपथ सहित 12 से भी अधिक इलाकों में जल आपूर्ति बाधित हो गई। रायगंज, रानी बाजार, हनुमानगढ़ी के निकट की कॉलोनियां में लोग परेशान रहे। स्थानीय लोगों की मानें तो यह पाइप लाइन एक माह पहले ही टूट गई थी, लेकिन किसी अधिकारी ने इसकी सुधि नहीं ली। रविवार को जब सड़क निर्माण का कार्य बाधित होने लगा तो पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। जलकल के जीएम महेश आजाद ने बताया कि पानी की समस्या की जानकारी होते ही मरम्मत कार्य करा दिया गया है। आपूर्ति बहाल हो गई है।

# अयोध्या की एक और उड़ान में बम की सूचना से हड़कंप

## बेंगलुरु से अयोध्या लैंड हुए अकासा एयरलाइन्स में सवार थे 173 यात्री

कंपनी के सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दोपहर 12:30 बजे मिली थी धमकी



एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के जवान।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आठवें दीपोत्सव से पहले रविवार को बेंगलुरु से उड़ान भर अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। विमान में 173 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग कराने के बाद बम स्क्वायड व सुरक्षा में लगी टीमों ने दो घंटे तक जांच पड़ताल की। सूचना झूठी साबित होने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से जाने दिया गया। बाहर इंतजार कर रहे लोगों ने अपनों को सुरक्षित पाकर खुशी से गले लगा लिया। इससे पहले 15 अक्टूबर को जयपुर से अयोध्या आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में बम की सूचना मिली थी।

अकासा एयरलाइन्स के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रविवार दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब बम की फ्लाइट संख्या 1821 में बम की सूचना मिली। फ्लाइट के पौने दो बजे के करीब लैंड होते ही जांच पड़ताल शुरू कर दी गई।



यात्रियों ने एयरपोर्ट से बाहर निकल राहत की सांस ली।



अपने जानने वाले यात्री को लेने के लिए खड़े लोग। अमृत विचार

### पायलट की सूझबूझ आई काम

विमान में बम की सूचना मिलने के बाद एयरलाइन्स कंपनी ने पायलट को सूचित कर दिया था। एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार पायलट ने सूझबूझ दिखाई और अंदर अनाउंसमेंट करवाया कि सभी यात्रियों को सामान चेक करने के बाद ही जाने दिया जाएगा।

### 40 मिनट पहले चेकिंग के बारे में बता दिया गया था

हमें 40 मिनट पहले बताया गया कि सुरक्षा के चलते लैंड करने के बाद हमारे सामान की जांच होगी। सामान के मालिक हैं या नहीं इसकी भी जांच हुई। यात्रियों में घबराहट थी, लेकिन कोई पैनिक नहीं हुआ। **-प्रांजुल अग्रवाल, सुल्तानपुर।**

### सामान लेने में 45 मिनट का लगा समय

फ्लाइट में हमें सूचना मिली थी कि सबके बैग चेक होंगे। लैंड होने के बाद 10 मिनट के लिए रुकना पड़ा। कोई दिक्कत नहीं हुई। सामान लेने के लिए 45 मिनट का समय लगा। सुरक्षा में कोई कमी नहीं दिखी। **-सफा कारिफ, बस्ती**

> विमान में बम की सूचना आई थी। यात्री व उनके सामानों की जांच के बाद एयरक्राफ्ट की भी जांच कराई गई। सूचना झूठी थी। आगे एफआईआर की कार्रवाई कराई जाएगी। एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। **-विनोद कुमार, डायरेक्टर, अयोध्या एयरपोर्ट**

# 15 मिनट में बनेगा महाआरती का रिकॉर्ड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में इस वर्ष के दीपोत्सव के साथ एक और नया कीर्तिमान गढ़ने की तैयार जोर-शोर से चल रही है। वह है महाआरती की, जिसमें पीले रंग की पोशाक में 1100 अर्चक सरयू नदी के तट पर खड़े होकर मंत्रोच्चारण के साथ महाआरती का आयोजन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं शामिल होंगे। पर्यटन विभाग ने आरती के लिए संत-धर्मचार्यों के साथ वैदिक वटुकों और धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाले लोगों की सूची बनाई है।

लगभग एक किलोमीटर के क्षेत्र के घाटों को सजाने और संवारने का कार्य किया जा रहा है। 30 अक्टूबर को शाम 6:30 मिनट से 6.45 तक लगभग 15 मिनट मां सरयू की आरती की जाएगी। इसके पूर्व सभी अर्चकों को घाटों पर लाया जाएगा।

सरयू आरती समिति के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने रविवार को बताया कि आरती में शामिल होने वाले सभी अर्चकों को 5:30 तक लक्ष्मण घाट क्षेत्र से विशेष साधन से पहुंचाया जाएगा। आरती में लगने वाली सामग्रियों को भी जिला प्रशासन की मदद से एकत्रित किया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ के घाट पर पहुंचने के बाद अभिषेक का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद सभी अर्चक एक साथ आरती करेंगे। कुछ प्रमुख साधु संत मुख्यमंत्री के साथ मौजूद होंगे। इसके पूर्व 28 और 29 अक्टूबर 2100 बाती से दिव्य आरती का आयोजन किया जाएगा।



सरयू तट पर प्रतिदिन होने वाली आरती के रखे सामान। अमृत विचार

▸▸ शाम 6:30 से 6.45 तक होगी महाआरती, पीले रंग की पोषक में होंगे अर्चक

### दीपोत्सव की तैयारी में जुटे अधिकारी व कर्मचारी

**अयोध्या, अमृत विचार :** दीपोत्सव प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता में हैं। कार्यक्रमों श्रृंखला 28 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। ऐसे में प्रशासन के 150 से ज्यादा अफसरों से लेकर कर्मचारी तक इसकी तैयारी में जुट गए हैं। दीपोत्सव का मुख्य आयोजन 30 अक्टूबर को होगा। इसमें राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री और दूसरे नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

**राज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ कई हो सकते हैं अतिथि**

# राम की पैड़ी से जुड़ने वाली 17 गलियां बंद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आठवें दीपोत्सव में सुरक्षा की दृष्टि से राम की पैड़ी से जुड़ने वाली सभी 17 गलियों को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। स्वर्गद्वार और रामपथ से जुड़ी सभी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सूची पुलिस बना रही है।

राम की पैड़ी पर दीपोत्सव की तैयारी को लेकर पास धारकों के अलावा अन्य लोगों के आवागमन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। घाटों पर लगाए गए स्वयंसेवक, दीपोत्सव से जुड़े अन्य अधिकारियों व पास धारकों को ही जाने की अनुमति दी जा रही है। नोडल अधिकारी प्रो. एस एस मिश्रा के मुताबिक सभी घाटों पर दीपों को बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। दीपोत्सव स्थल पर दीयों के बीच खड़े होकर लोग सेल्फी ले रहे हैं, जिस कारण टूटने का डर भी बना हुआ था।



राम की पैड़ी से मिलने वाली गलियों में लगाई गयी बैरिकेडिंग।

अयोध्या कोतवाली निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि राम की पैड़ी की सुरक्षा को देखते हुए सभी 17 गलियों पर एक सब इंस्पेक्टर और चार कांस्टेबल को लगाया गया है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष तौर पर निवेदन किया गया है कि दीपोत्सव के दिन इन गलियों से बाहर आने की कोशिश न करें और अपनी छतों पर नहीं जाएंगे। क्षेत्र के सभी ऊंचे भवनों पर सुरक्षा के जवान मौजूद होंगे।

### दीपोत्सव को लेकर एसएसपी ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

**अयोध्या, अमृत विचार।** दीपोत्सव के साथ दीपावली को सकुशल और शांतिपूर्वक ढंग से सपन्न कराने के लिए एसएसपी राजकरन नैय्यर ने पुलिस लाइंस सभागार में रविवार को अधिकारियों और प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। कार्ययोजना और उस पर अब तक हुई कारवाई की समीक्षा की कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान एसपी देहात बलवंत चौधरी, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत सभी क्षेत्राधिकारी व थाना-कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।

### आठवें दीपोत्सव के लिए पहुंचने लगे ड्यूटी में लगे अधिकारी व जवान

**अयोध्या, अमृत विचार।** आठवें दीपोत्सव के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की कमान संभालने के लिए रैपिड एक्शन फ़ोर्स (आरएएफ) और पीएसी की कंपनियों ने जिले में डेरा डाल दिया है। साथ ही परिक्षेत्र के विभिन्न जिलों व पुलिस मुख्यालय से ड्यूटी में लगाए गए पुलिस के जवान और अधिकारी भी पहुंचने लगे हैं। जिन्हें ड्यूटी प्वॉइंट पर मुस्तैद किए जाने की कवायद शुरू कर दी गई है। घाटों पर दिए बिछने के साथ पुलिस का सुरक्षा घेरा कसने लगा है। बिछ रहे दीपों में कोई व्यवधान न पड़े, इसलिए क्षेत्र को आइसोलेट किए जाने की कवायद तेज हुई है और 12-12 घंटे की शिफ्ट में सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि सरयू में निगरानी का जिम्मा जल पुलिस,पीएसी के बाढ़ राहत दल और एसडीआरएफ की टीम को स्टीमर तथा साजो सामान के साथ लगाया गया है। एसपी सिटी मधुबन सिंह का कहना है कि जरूरत के हिसाब से सुरक्षा बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है।

# दीपावली पर जिले के 2.27 लाख परिवारों को फ्री सिलेंडर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के मुफ्त सिलेंडर की योजना का लाभ लोगों को मिलना शुरू हो गया है। जिले में 2.27 लाख परिवार योजना से लाभान्वित होंगे। सर्वाधिक सिलेंडर गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मिलना। वहां 52 हजार से अधिक उज्ज्वला की लाभार्थी हैं।

सरकार ने होली और दीवाली के मौके पर उज्ज्वला योजना के अंतर्गत परिवारों को मुफ्त गैस रिफिलिंग की सुविधा प्रदान करने का एलान किया था। इसी कड़ी में 24 अक्टूबर को यहां भी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इस दौरान योजना के लाभार्थियों को दो निशुल्क एलपीजी सिलेंडर रीफिल करने का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024 के प्रथम चरण में अक्टूबर से दिसंबर 2024 तथा द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक लाभार्थियों को पूर्णतया निशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण कराया जाएगा। सिलेंडर लेने के तीन से चार दिन के उपरांत योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी उसके आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कंपनियों द्वारा अंतरित की जाएगी। जिले में 2 लाख 27 हजार 226 उज्ज्वला कनेक्शन हैं। सभी को सिलेंडर दिया जाएगा।

▸▸ गोसाईगंज विधानसभा में सर्वाधिक 52 हजार उज्ज्वला लाभार्थी

### किस विधानसभा में कितने लाभार्थी

| विधानसभा | कनेक्शन |
| --- | --- |
| गोसाईगंज | 52168 |
| रुदौली | 50602 |
| मिल्कीपुर | 42378 |
| बीकापुर | 41668 |
| अयोध्या | 40410 |



> योजना से जुड़े लाभार्थियों को सिलेंडर देने का कार्य शुरू कर दिया गया है। एलपीजी वितरकों के यहां फ्लैक्स बोर्ड आदि लगवाए गए हैं। सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के खाते में जाएगी। **-बृजेश कुमार मिश्र, जिला आपूर्ति अधिकारी।**

## सार-संक्षेप

### युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बुलबुल पुर के निकट शनिवार शाम मवई थाना क्षेत्र के ग्राम बरतरा निवासी मतीन अहमद के लड़के मुबीन अहमद (45) ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया जाता है कि मुबीन कर्ज से वह परेशान रहता था। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### बातचीत के लिए बुलाकर मारापीटा, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक शख्स को बातचीत के बहाने एकांत में ले जाकर पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में कैंट थाना क्षेत्र के सहादतगंज निवासी मानवेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि रात में वह रोडवेज के पास खड़े थे। इसी दौरान मौके पर पहुंचे दो लोगों ने उनसे कहा कि कुछ बातचीत करनी है। इसके बाद उसे सिविल लाइंस भाजपा कार्यालय के पास ले गए और डंडे से पिटाई शुरू कर दी। सिविल लाइन चौकी प्रभारी अमित कुमार का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कराई जा रही है।

### सर्पदंश से वृद्धा की मौत

**अयोध्या,अमृत विचार।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के किनौली गरदीपुर गांव निवासी विमला देवी (60) पत्नी शिवभान को घर में साफ-सफाई की दौरान जहरीले सर्प ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर पुत्र संतोष यादव उसे लेकर जिला अस्पताल आया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में भेजवा दिया।

### दहेज प्रताड़ना का आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** महिला थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी मंजू देवी ने बताया कि विवाहिता ने अपने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज की खातिर प्रताड़ित करने, मारपीट,गाली-गलौचच आदि का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रविवार को अयोध्या कोतवाली के पारखान निवासी मुसीदिब्ब खान (70) को गिरफ्तार किया है।

### संयुक्त निदेशक ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण



रुदौली की कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते संयुक्त निदेशक।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की कान्हा गौशाला का निरीक्षण संयुक्त निदेशक कुक्कुट पालन डॉ. अजय कुमार कन्नौजिया ने रविवार दोपहर किया। निदेशक के साथ आई स्वास्थ्य चिकित्सकों की टीम ने पशुओं के हरे चारे,भूसा गोदाम पर रखाव की जानकारी ली। गौशाला की साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था देखा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि शासन के निर्देश पर गोवर्धन पूजा, छठ पूजा और भैयादूज पर गोआश्रय स्थलों पर विशेष गौ पूजन किया जाना है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी सुरेश मौर्य,केयर टेकर अभिनव कुमार मौजूद रहे।

### कंटेनर की टक्कर से डीसीएम चालक की मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को सुबह कंटेनर की टक्कर से एक डीसीएम चालक की मौत हो गई। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि शराब की खेप लेकर अयोध्या से लखनऊ की ओर जा रही एक डीसीएम में लोहिया पुल के निकट पीछे से कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक प्रभाकर (24) पुत्र रामनरेश निवासी खानपुर थाना लोनीकटरा जिला बाराबंकी गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने चालक के शव को पीएम के लिए भेजवाया है और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा आवागमन बहाल कराया है।

### चाणक्य परिषद की बैठक तीन नवंबर को

**अयोध्या, अमृत विचार :** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक तीन नवंबर रविवार को रामपति बलभद्र प्रसाद शुक्ला इंटर कॉलेज मिल्कीपुर में 12 बजे होगी। बैठक में मिल्कीपुर ब्लॉक का गठन किया जाएगा। यह जानकारी जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत ने दी।

**नंदीग्राम महोत्सव** | पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में बिहारी कलाकारों ने दी बेजोड़ प्रस्तुतियां

# तू ही है मेरा भगवान तुझे आना ही पड़ेगा पर झूमे दर्शक

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार:** नंदीग्राम महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या बिहारी कलाकारों के नाम रही। भजनों के दम पर अपना परचम लहरा रहे सुर सरताज अभिलाषा, गुड्डू पाठक, काजल दुबे, कीर्ति सिंह, अनुपमा यादव जैसे बिहार के मशहूर भोजपुरी कलाकारों ने धार्मिक भजनों व लोकगीतों की बेजोड़ प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मनमोह लिया।

इससे पूर्व पंचम दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर चल रहे महोत्सव में धार्मिक प्रवचन व अनुष्ठान करने आए चेन्नई के भरत भक्तों की टीम ने धार्मिक अनुष्ठानों से भक्ति भावना का संदेश दिया। किंचित कारणम् धन संथापनम् समिति चेन्नई के भक्तों का नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष एवं मेधा ऋषि आश्रम के महंत भागवत दास महाराज एवं महोत्सव के व्यवस्थापक महंत परमात्मा दास ने स्वागत किया।

इसके बाद कथा व्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य की कथा प्रारंभ हुई जो देर शाम तक जारी रही। शाम 6 बजे नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष महंत भागवत दास के नेतृत्व में बीकापुर ब्लॉक प्रमुख दिनेश वर्मा, जिपंस कृष्ण कुमार पांडेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कमला शंकर पांडेय ,भरत पांडेय ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुरुआत भोजपुरी लोक गायिका काजल दुबे की प्रस्तुति कि तुम ना सुनोगे तो, मेरी कौन सुनेगा, साथी हमारा कौन बनेगा। सीतापुर की मशहूर लोक गायिका मुस्कान और अमन शुक्ला की संयुक्त जोड़ी ने नृत्य के साथ प्रस्तुत भजन "तू ही है मेरा भगवान तुझे आना ही पड़ेगा, मेरी मांग का सिंदूर तुझे बचाना ही पड़ेगा ने छाप छोड़ी। बिहारी लोक गायिका अभिलाषा पाठक की प्रस्तुति "मेरी झोपड़ी के भाग्य, आज खुल जाएंगे, राम आएंगे.. सराही गई। गुड्डू पाठक की प्रस्तुति-दुनिया में सबने जुल्म ढाया, हमको धोखा दिया है, देख लो आकर दिल के नगीने में, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में रही। भजन लोक गायिका कीर्ति सिंह ने रघुकुल सा घराना हो की प्रस्तुति दी। महोत्सव के अध्यक्ष महंत भागवत दास सहित उप जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी के नेतृत्व में बिहार से आए कलाकारों को भरत स्मृति चिह्न एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।





दीप जलाकर 21 कुंडीय महायज्ञ की शुरुआत करते मेधा ऋषि आश्रम के पीठाधीश्वर महंत भागवत दास महाराज एवं प्रस्तुति देते बिहारी लोक गायक गुड्डू पाठक।

# दीपावली व छठ पूजा के लिए लगाई 87 अतिरिक्त बसें

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** दीपावली और छठ पूजा के मद्देनजर अयोध्या परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रंबधक विमल राजन ने परिक्षेत्र के सभी चार डिपों से कुल 87 अतिरिक्त बसों को लगाया है। इन बसों को दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, आजमगढ़ आदि के लिए लगाया गया है। बेहतर संचालन के लिए प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। 24 घंटे चलाने के लिए कंट्रोल रूम खोला जाएगा। इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई। दीपावली 31 अक्टूबर को है। छठ पूजा सात नवंबर को। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए 87 अतिरिक्त बसों को लगाया है। इन सभी डिपों से दिल्ली के लिए 22 बसें, लखनऊ-कानपुर के लिए 20 बसें, लखनऊ-गोरखपुर के बीच 19 बसें और लखनऊ-आजमगढ़ के बीच 26 बसें लगाई गई हैं। यात्रियों की उपलब्धता के मुताबिक ये बसें 29 अक्टूबर से 10 नवंबर तक चलाई जाएंगी। सुविधा के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में कंट्रोल रूम खोले जाने की व्यवस्था की गई है। यह कंट्रोल रुम 24 घंटे संचालित रहेगा। आठ-आठ घंटे के लिए इसमें कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। बेहतर संचालन के लिए विभाग ने प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें चालक-परिचालक के साथ ही अन्य कर्मचारी और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक तक शामिल हैं।

▸▸ दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, आजमगढ़ के लिए व्यवस्था

卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

### आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

| 31.0° | 20.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# डिजिटल पथ के रूप में दिखेगा धर्मपथ व लता मंगेशकर चौक

**लगेंगे डिजिटल पिलर, इनमें रामायण के विभिन्न प्रसंगों को किया जाएगा प्रदर्शित | लता चौक पर भी डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम से श्री राम के अयोध्या आगमन प्रसंग का दर्शन कर सकेंगे लोग**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद पहली बार हो रहे एवं आठवें दीपोत्सव के दौरान अयोध्या डिजिटल नगरी के रूप में नजर आएगी। आस्था और प्रकाश का दीपोत्सव में ऐसा संगम दिखने वाला है कि हर कोई निहारता ही रह जायेगा। खास तौर से अयोध्या का धर्मपथ और लता चौक। यहां डिजिटल पिलर लगाए जा रहे हैं।

### 28 से 30 तक चलेंगे रामायण के डिजिटल प्रसंग

इंटेलिजेंट लाइटिंग के मीम प्रोडक्शन के असद ने बताया कि नेशनल हाईवे से अयोध्या में प्रवेश मार्ग धर्मपथ पर 15-15 फीट के 24 पिलर लगाए जा रहे हैं। डिजिटल पिलर पर रामायण के प्रसंग चलेंगे व स्वागतम् द्वार तक 28 से 30 अक्टूबर तक इन्हें चलाया जाना है। पिलर के ऊपर आकर्षक लाइटिंग की भी व्यवस्था रहेगी।



धर्मपथ।

### यहां भी होगी आकर्षक लाइटिंग

रामकथा पार्क, राम की पैड़ी, हनुमान गढ़ी, बिरला मंदिर, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, सरयू ब्रिज इत्यादि स्थलों पर लाइटिंग होगी।



**80 हजार दीपों से बना स्वास्तिक विश्व को देगा शुभता का संदेश**

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर भारी भरकम टीम उतार दी है। स्वयंसेवक 80 हजार दीपों से राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रतीक के रूप में स्वास्तिक बना रहे हैं। यह दीपोत्सव आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पूरे विश्व को शुभता का संदेश देगा। इसके लिए 150 से अधिक स्वयंसेवक लगाये गए है।

### आज के कार्यक्रम

- प्रदेशीय सबजूनियर बालिका हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में सुबह 10 .00 बजे से।
- एक दिवसीय रोजगार मेला राम सुचित सिंह सरस्वती स्नातकोत्तर महाविद्यालय तारून बीकापुर में सुबह 10 .00 बजे से।
- अयोध्या और देवीपाटन मण्डल की संयुक्त रबी उत्पादकता गोष्ठी का आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सुबह 10 :30 बजे से।
- दीपोत्सव को लेकर अयोध्या के 55 घाटों पर दिए बिछाने का कार्य प्रात : 11 .00 बजे से।
- भरतकुंड में चल रहे नंदीग्राम महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन शाम 07 .00 बजे।
- सोहावल के बभनियावां में पांच दिवसीय रामलीला का शुभारंभ रात 08 .00 बजे से।

# दीप सज्जा में श्रीराम तो कहीं स्वास्तिक की कलाकृतियां

## अनोखे अंदाज में स्वयं सेवक हाथों के हुनर से उकेर रहे आस्था और विश्वास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार होने जा रहे दीपोत्सव में आस्था और विश्वास की नवीन झलक देखनी है तो सरयू तीरे बसी राम की पैड़ी आइए। यहां 30 को राम की उपस्थिति में होने जा रहे दीपोत्सव के लिए दीये बिछा रहे स्वयंसेवक मर्यादा पुरुषोत्तम राम के प्रति अपनी श्रद्धा का भी प्रकटीकरण कर रहे हैं।

'अमृत विचार' की टीम रविवार को राम की पैड़ी पर पहुंची तो न केवल अलौकिक दृश्य मिला वरन दीप सज्जा में आस्था और विश्वास का भी प्रस्फुटन दिखा। कई ब्लॉकों में पहली बार दीयों को अलग अंदाज में सजाया गया है। घाट नंबर एक से 20 तक बने विभिन्न ब्लॉकों में रामायण के प्रसंगों को उकेरने का प्रयास किया गया है। दीयों के जरिए कहीं श्रीराम लिखा गया है तो कहीं स्वास्तिक बनाया है। इसके अतिरिक्त मेरे आराध्य की अयोध्या, जय हनुमाना, राम धनुष, जय श्री राम को उकेरा गया है। आध्यात्मिक झलक दिखलाती दीयों की श्रंखला में 'मेरे राम सबके राम', 'अयोध्या दीपोत्सव में आपका स्वागत है' जैसी कलाकृतियां भी प्रदर्शित की गई है। दीयों को इस प्रकार से सजाया गया है कि 30 अक्टूबर की शाम प्रज्वलित होने के बाद राम की पैड़ी पर एक अलग अदभुत छटा लोगों को देखने के लिए मिलेगी। इसके अलावा भजन संध्या स्थल घाट, श्रीराम कथा पार्क के निकट चौधरी चरण सिंह घाट पर भी स्वयं सेवकों ने अपनी श्रद्धा दीयों की साज-सज्जा से निवेदित की है।



राम की पैड़ी पर समूह में दीये बिछाते स्वयं सेवक छात्र-छात्राएं। अमृत विचार



ऐसा लग रहा है जैसे प्रभु श्रीराम आशीर्वाद दे रहे हैं। सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे दीये बिछाये, लेकिन थकान नहीं है। प्रार्थना है कि अच्छे से दीपोत्सव हो। **-महिमा गुप्ता।**



दीपोत्सव के लिए दीये बिछाने के लिए जिम्मेदारी मिली। इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैंने आज दीपकों के माध्यम से कुंड की रचना की है। **-अभिषेक चौधरी।**



मैं दूसरी बार यहां आया हूं। पहली बार राम की पैड़ी पर दीये बिछाने का कार्य कर रहा हूं। मैंने दीपोत्सव के लिए दीयों की कलाकृति उकेरी है। **-सचिन।**



दीपक बिछाने का दायित्व मिलने से बहुत प्रसन्नता हो रही है। पहली बार आई हूँ। अगली बार स्वयं सेवक के रूप में खुद नाम लिखवाऊगीं। **-जूही**



राम की पैड़ी के घाट पर दीये बिछाते हुए मैं ने हनुमान जी और स्वास्तिक की रचना की है। बहुत अच्छा लग रहा है। मन बहुत खुश है, थकान बिल्कुल नहीं। **-शिवम।**



दीपक बिछाने में आध्यात्मिक सुख मिल रहा है। दीयों के माध्यम से मैंने श्रीराम के नाम की रचना की है। जिससे मन को बहुत शांति मिली है। **-श्वेता।**

यहां आने वाले श्रद्धालु भी साज सज्जा देख कर मुदित हो रहे हैं। महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु मनोहर श्याम ने कहा कि वास्तव में यहां का दीपोत्सव दिव्य होने जा रहा है। 55 घाट प्रभारियों की निगरानी में चल रहे दीये बिछाने के कार्य में स्वयं सेवक अनुशासन की डोर में बंधे दिखाई दे रहे हैं। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं। दीपक बिछाने के बाद खुद ही सफाई भी कर रहे हैं।



राम की पैड़ी पर सजाए गए दियों से उकेरी गई विभिन्न कलाकृतियां।

**30 हजार स्वयं सेवक उतरे दीये बिछाने**





दीये बिछाने के दौरान घाट पर पहुंचे संत ने किया राम नाम का जयघोष एवं दीये से लिखा जय श्री राम।

## 55 घाटों पर बिछ गये 15 लाख से अधिक दीये

**अयोध्या, अमृत विचार :** दीपोत्सव-2024 के लिए सरयू के 55 घाटों पर दूसरे दिन रविवार को 10 लाख से अधिक दीये बिछाए गए, जबकि शनिवार को 5 लाख बिछाए गए थे। अब तक 15 लाख से अधिक दीये बिछाए जा चुके हैं। दो हजार से अधिक पर्यवेक्षक, समन्वयक, घाट प्रभारी, दीप गणना व अन्य सदस्यों की देखरेख में 30 हजार से अधिक स्वयं सेवक घाटों पर 28 लाख दीपों को सजाने का कार्य कर रहे है।



राम की पैड़ी पर दीयों से बनाया गया दीया। अमृत विचार



राम की पैड़ी पर रविवार को निरीक्षण करतीं कुलपति। अमृत विचार

### कुलपति ने स्वयं सेवकों के लिए कराईं सभी व्यवस्थाएं

घाटों पर स्वयं सेवकों को स्वच्छ पानी व्यवस्था सामग्री संयोजक प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला व प्रो. गंगाराम मिश्र की देखरेख में की गई है। संयोजक प्रो. चयन कुमार मिश्र व उनके सहयोगियों द्वारा भजन संध्या स्थल पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य द्वारा नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए टीम उतार दी गई है।

# विशेष दीपकों से जगमगाएगा श्रीराम लला मन्दिर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आठवें दीपोत्सव में श्रीराम जन्मभूमि पर बने नव्य और भव्य मंदिर में पहली दीपावली को अविस्मरणीय बनाने की तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीराम मंदिर में विशेष प्रकार के दीपक जलाए जाएंगे। मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखने के लिए विशिष्ट दीपकों की व्यवस्था की है, जो लंबे समय तक प्रकाशमान रहेंगे।





राम मंदिर में प्रज्ज्वलित करने के लिए आए विशेष दीपक।

### रात 12 बजे तक हो सकेंगे बाहर से भवन दर्शन

दीपोत्सव की भव्यता को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मंदिर को 29 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक रात 12 बजे तक बाहर से भवन दर्शन के लिए खुला रखने का निर्णय लिया है। गेट संख्या चार बी (लगेज स्कैनर प्वाइंट) से श्रद्धालु आधी रात तक मंदिर की भव्य सजावट का आनंद ले सकेंगे।

### मनोहारी फूलों से सजेगा मन्दिर परिसर

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाने की भी विशेष योजना है। मंदिर परिसर को कई खंडों और उपखंडों में विभाजित कर सजावट का दायित्व सौंपा गया है। बिहार कैडर से स्वैच्छिक सेवानिवृत्त आईजी आशु शुक्ला को मंदिर के प्रत्येक कोने को व्यवस्थित रूप से रोशन करने, सभी प्रवेश द्वारों को तोरण से सजाने, साफ-सफाई और सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पर्यावरण संरक्षण का भी रखा गया ध्यान

इस दीपोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मंदिर भवन के ढांचे को धुएं की कालिख से बचाने के लिए परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे। जिनसे कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम होगा। मंदिर ट्रस्ट का प्रयास है कि इस दीपावली में अयोध्या न केवल धर्म और आस्था का केंद्र बने, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे।





राम कथा पार्क में सजा तोरणद्वार। अमृत विचार

# सभी समितियां कार्य को युद्धस्तर पर दें अंजाम : प्रो. प्रतिभा

अयोध्या कार्यालय

**समीक्षा बैठक में बोलीं कुलपति, कहा- दीपोत्सव हम सभी के लिए एक बड़ा उत्सव**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाना है। सभी समितियां कार्य को युद्धस्तर पर अंजाम दें। प्रभु श्रीराम को मन में रखकर सभी अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने कहीं। वह सभागार में रविवार सुबह दीपोत्सव की सफलता के लिए समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

कुलपति ने समन्वय समिति, सामग्री समिति, दीप गणना समिति, भोजन समिति के संयोजकों को समन्वय से कार्य लेने का निर्देश प्रदान किया। दूसरी और तीसरी बैठक में विभिन्न समितियों की प्रगति को परखा। इसके बाद चौथी बैठक शाम 4 से 6 बजे तक राम की पैड़ी पर बनाये गए दीपोत्सव अस्थाई कार्यालय में ली। बैठक में वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, कुलसचिव डू. अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. चयन कुमार मिश्र, प्रो. आशुतोष सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### दीये में डाला जाएगा 30 एमएल तेल



दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव के दिन 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों को इस्तेमाल किया जायेगा। दीये बिछाने का काम 28 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। 29 से घाटों पर लगे दीए की गणना की जायेगी। वही 30 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालकर व प्रज्ज्वलन करके विश्व रिकॉर्ड बनायेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति के कुशल प्रबंधन में दीपोत्सव की सफलता के लिए सभी लगे हुए हैं।

**लेजर शो से जगमगाती राम की पैड़ी**





राम की पैड़ी पर चल रहे ट्रायल में लेजर शो के जरिये रामायण के प्रसंग दिखाये गए।

**दीपोत्सव 2024** | **स्वतंत्रता के बाद इस बार अयोध्या का सबसे बड़ा सांस्कृतिक उत्सव, जिले की सीमा से ही दिखने लगा दीपोत्सव का आकर्षण**

# त्रेता की तरह पहली बार जलेगा प्रत्येक अयोध्यावासी की ओर से एक दीया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचारः** स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इस बार का दीपोत्सव अयोध्या का सबसे बड़ा सांस्कृतिक उत्सव होगा। रामनगरी में दीपोत्सव तो अब तक अब तक सात हो चुके हैं, लेकिन इस बार का दीपोत्सव कुछ अलग अहसास करा रहा है। राम लला की मौजूदगी में यह पहला दीपोत्सव है। कई खूबियां इसमें जुड गई हैं। त्रेता की तरह इस बार दीपोत्सव में प्रत्येक अयोध्यावासी की ओर से एक दीया जलने का औसत है।

स्वतंत्रतता के बाद रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सबसे बड़ा आयोजन था लेकिन उसे धार्मिक आयोजन माना



जाता है। दीपोत्सव का रोल मॉडल त्रेता की दीवाली है। जब श्रीराम लंका विजय के बाद वापस अयोध्या लौटे थे। अवधवासियों ने दीपों की मल्लिका से उनका स्वागत किया था। कहा जाता है कि प्रत्येक अयोध्यावासी ने एक दीपक जलाया था। कुछ ऐसा ही इस बार हो रहा है। साल 2011 की जनसंख्या 24.70 लाख के बाद इस समय आबादी लगभग 30 लाख से ऊपर पहुंच गई है। दीपोत्सव में घाटों पर जलाए जाने वाले दीयों की संख्या 28 लाख है। जबकि राम मंदिर में गाय के गोबर से बने दो लाख दीये जलाए जाने की तैयारी है। इसके अलावा भी शहर के चौक चौराहों, भरतकुंड, कामाख्या धाम जैसे धर्मस्थलों पर बड़ी संख्या में दीये जलाए जाने की तैयारी है। त्रेता में श्रीराम का राज्याभिषेक और दीपोत्सव के जरिए अयोध्या में परिवर्तन का संकेत था। सांस्कृतिक उत्थान था। राम राज्य की पृष्ठभूमि थी। अयोध्यावासियों की श्रद्धा थी, समर्पण था, आस्था थी, एकजुटता थी। जिसने श्री राम के नेतृत्व में पूरे विश्व को राम राज्य का नया संदेश दिया। यह त्रेता युग तो नहीं है लेकिन तैयारियां उसी तर्ज पर है। जिले की सीमा में प्रवेश के बाद ही अयोध्या के दीपोतस्व के बैनर होर्डिंग दिख रहे हैं। शहर में राम पथ के फुटपाथ धोए जा रहे हैं। मठ-मंदिरों को सजाया जा रहा है। सरयू के घाटों की छटा देखते ही बनती है। 28 से कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी।

अयोध्या में मिले संत सरजू दास बोले कि 500 साल का संघर्ष, फिर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा, अब त्रैता जैसा दीपोत्सव आनंदित कर रहा है। कानपुर से आए राधेश्यम शर्मा ने कहा कि दीपोत्सव को लेकर अयोध्या बदल गई है। राम लला की मौजूदगी में पहला दीपोत्सव है। स्वतंत्रता के बाद संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का पहला दीपोत्सव है।



### अब तक जलाए गए दीयों का रिकॉर्ड (लाख में)

| | |
|---|---|
| 2017-1.80 | 2021-7.50 |
| 2018-3.01 | 2022-15.76 |
| 2019-5.50 | 2023-21.00 |
| 2020-5.51 | |

राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव खास होगा। इस बार 28 लाख दीए जलाने, 11 सौ लोगों से सरयू आरती का नया रिकॉर्ड की तैयारी है। इस बार ड्रोन शो, मल्टी मीडिया शो, मंदिरों की सजाया जा रहा है। अतंराष्ट्रीय राम लीला होगा। वालंटियर को दर्शक दीर्घा में बैठाए जाएंगे। **-गौरव दयाल, मंडलायुक्त।**

साल दर साल अयोध्या दीये जलाने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ती है। इस बार 28 लाख दीये जलाकर 21 लाख का रिकॉर्ड तोड़े जाने की तैयारी है। **-राजेंद्र प्रसाद यादव, उपनिदेशक पर्यटन।**

## सार-संक्षेप



महायज्ञ के समापन पर कलश पूजन करते लोग। अमृत विचार

### पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का समापन

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : कुमारगंज नगर पंचायत के पिठला गांव स्थित मां आशा देवी मंदिर प्रांगण में चल रही पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा का रविवार को महायज्ञ तथा भंडारे के साथ समापन हो गया। कथा वाचक बहन श्यामा राठौड़ ने प्रज्ञा पुराण के कल्याण जिज्ञासा प्रकरण, आत्म ज्ञान, संयम शीलता एवं कर्तव्य परायणता प्रकरण, ज्ञान, कर्म, भक्ति भावना प्रकरण, सत साहस, संघर्ष प्रकरण, परिवार प्रकरण, और प्रज्ञा अवतार प्रकरण की मार्मिक विवेचना की। संरक्षक चन्द्रबली सिंह ने आयोजन की जानकारी दी। महायज्ञ में भाजपा नेता चंद्रभान पासवान एवं उनकी पत्नी जिपं सदस्य कंचन पासवान भी शामिल हुए। 150 भक्तों ने विद्या आरभ दीक्षा प्राप्त की। महायज्ञ में कार्यक्रम के संरक्षक एवं कलश यात्रा प्रभारी चंद्रबली सिंह, भगौती सिंह, बबले सिंह, अमरजीत सिंह, कृपा शंकर, हरि शंकर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### रामलीला में हुआ राम-भरत मिलाप का मंचन



गंगौली की रामलीला में मंचन करते कलाकार।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : ग्राम पंचायत गंगौली में जय मां दुर्गे रामलीला समिति के आयोजन में रामलीला मंचन के पांचवें दिन भरत-राम मिलाप, सूर्पनखा-राम संवाद, खर दूषण वध, रावण-मारीच संवाद, सीता हरण का मंचन किया गया। रामलीला में कलाकारों द्वारा दिखाया गया ननिहाल से लौटे भरत जी ने भैया राम को मनाने का प्रयास किया लेकिन राम ने भरत को समझा कर वापस भेज दिया। तब भरत भैया राम का खड़ाऊं लेकर वापस लौट आये। राम, भाई लक्ष्मण व सीता के साथ चित्रकूट से पंचवटी पहुंच गए। लंका के राजा रावण की बहन सूर्पनखा राम के पास जाकर विवाह का प्रस्ताव रखती है लेकिन ठुकरा दिया तो सूर्पनखा ने सीता पर हमला कर दिया, तो लक्ष्मण ने नाक कान काट दिया। सूर्पनखा ने अपना हाल खर दूषण से बताया तो युद्ध में खर दूषण मारा जाता है तभी रावण के मामा मारीच सोने का मृग बन कर जाता है। पांचवें दिन की रामलीला का शुभारंभ पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने श्रीराम की आरती करके किया। एसपी सिंह सनी, सुधीर सिंह, गणेश सिंह, अनमोल सिंह, ओम सिंह, उदय भान सिंह, मुरारी लाल गुप्ता, कृष्ण कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।

### जमीअतुल उलमा के अध्यक्ष बने अहमद कासमी

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जमीअतुल उलमा की जिला कमेटी के पुनर्गठन के लिए जामिया अरबिया हुसैनिया मोहल्ला बछड़ा में बैठक हुई। अध्यक्षता काजी शहर मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी व संचालन मुफ्ती अफजाल अहमद कासमी ने किया। संगठन की रिपोर्ट कारी इरफान अहमद हलीमी ने पेश किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष के रूप में मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी को चुना गया। कारी इरफान अहमद हलीमी को जिला महासचिव व काजी शहर मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। 5 लोगों को उपाध्यक्ष तथा 5 लोगों को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया। मास्टर इरशाद रब्बानी को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। इसके साथ ही 35 लोगों को जिला कार्यकारिणी का सदस्य भी नामित किया गया।

### 84 कोसी परिक्रमा के पड़ाव पर जगमग हुए 1100 दीपक



रुदौली अयोध्या। अमृत विचार : प्रसिद्ध मलकानिया धाम हनुमान मंदिर 84 कोसी परिक्रमा यात्रा के पड़ाव स्थल पर रविवार सांझ 1100 दीपक प्रज्वलित किए गए। पुजारी राम गोपाल दास एवं अधिवक्ता विश्वनाथ तिवारी व बलदेव शर्मा के संयुक्त अगुवाई में हुए दीपोत्सव पर मंदिर की सजावट के साथ पूरे परिसर में रंगोली बनाई गई और आतिशबाजी की गई। इसके पश्चात आरती की गई। इस अवसर पर स्टार तिवारी, बलदेव शर्मा, विश्वनाथ तिवारी, राम विवाह समिति के अध्यक्ष शिवकुमार कसौधन, आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष शचींद्र लाल आर्य, शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य, भाजपा नेता सतीन्द्र शास्त्री, सचिन कसौधन, सभासद उमाशंकर कसौधन, दीप रस्तोगी, रवि प्रकाश गुप्त, प्रेम प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### पैगम्बरे इस्लाम ने दुनियां में दिया भाईचारे का संदेश : मौलाना

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी व जलसा रहमत-ए-आलम कांफ्रेंस का आयोजन मवई चौराहे पर किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना नूर आलम बनारसी रहे। उन्होंने कहा कि पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया में एकता, भाईचारा, मोहब्बत, अमन और शांति का पैगाम दिया। मोहम्मद साहब ने तालीम को जिंदगी में अहम करार दिया और जिंदगी का अहम हिस्सा बताया। कहा कि दुनिया के आखिरी पैगंबर मोहम्मद ने लोगों को हमेशा इंसानियत का पाठ पढ़ाया और विश्व में शांति का पैगाम दिया। इस मौके पर मौलाना रिज़वान, सैय्यद मौलाना मिश्बाहुल अशरफ, कारी अब्दुल जलील, शकील आर्फी, सना खान, मुस्तफा फराज अहमद, अली अहमद सहित बड़ी तादात में अकीदतमंदों ने जलसे में शिरकत की।

# कृषि विवि में 566 छात्र-छात्राओं ने लिया सैन्य प्रशिक्षण

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ 65 यूपी बटालियन के वार्षिक एनसीसी कैंप का समापन

कुमारगंज, अयोध्या।



बेस्ट एनसीसी कैडेट को पुरस्कृत करते अधिकारी। अमृत विचार



प्रशिक्षण में रायफल चलाने की दी गई ट्रेनिंग। अमृत विचार

अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की 65-यूपी बटालियन के संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप का रविवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान चार्ली कंपनी प्रथम स्थान पर रही। कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने शिविर में आए 566 कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समापन अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतक कार्यक्रम भी पेश किया। कैडेटों ने ग्रुप डांस, ग्रुप सांग, भाषण व नृत्य प्रस्तुत किए।

प्रशिक्षण के दौरान प्रयागराज ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर उपेंद्र कांडिल द्वारा कैंप का निरीक्षण किया गया। शिविर के दौरान गणतंत्र दिवस में होने वाले परेड के लिए एनसीसी कैडेटों का चयन भी किया गया। एनसीसी अधिकारी डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि कैंप में कुल 566 छात्र-छात्राओं ने ट्रेनिंग ली। यूपी-65 बटालियन के सूबेदार मेजर बहादुर सिंह, सूबेदार शिवशंकर यादव, सूबेदार संदीप चौहान व सूबेदार भैरो सिंह (IGC) सहित बटालियन के 24 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कैडेटों को ट्रेनिंग दी। सभी स्पर्धाओं के निर्णायक कैप्टन मनीष कुमार सिंह, लेफ्टिनेंट तांजीन फातिमा, ले. हरीश कुमार, ले. विवेक कुमार, ले. जितेंद्र जायसवाल व सेकेंड अधिकारी शरद कुमार रहे। प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी में आरती मिश्रा, हर्षिता गुप्ता व स्वाति सिंह रहीं। इस अवसर पर अयोध्या बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एमके सिंह, एनसीसी अधिकारी कैप्टन (डा.) एम. के सिंह मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजदू कलाकार व अन्य लोग।

## एक शाम प्रकृति के नाम संगीत संध्या का आयोजन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : शहर के एक होटल में एक शाम प्रकृति के नाम संगीत संध्या का आयोजन किया गया। रचनाओं के जरिए लोगों में प्रकृति के प्रति प्रेम का जागरण करने की कोशिश की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएन पांडे ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर रघुवंश मंडली के गायक अवध नरेश सिंह ने-तेरी मर्जी का मैं हूं गुलाम मेरे अलबेले राम' भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में डॉ. विजय बहादुर तिवारी ने सोहर गीत के जरिए समा बांधा। छोटे-छोटे चरन सरोज अंगुरिया सोहै छोटी-छोटी हो रामा छोटो छोटो पियर पीतांबर लखि मनमोहत की प्रस्तुति कर तालियां बटोरी। संगीत संध्या से पूर्व कार्यक्रम के आयोजक सूरज, श्वेता मिश्रा, नीलम, सौम्या और रमेश कुमार ने कुष्ठ आश्रम में फल वितरित किया। मुख्य अतिथि डीएन पांडेय और डॉ. विजय बहादुर तिवारी को राम नामी भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधान प्रदीप गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, कमलेश कुमार, शशि किरन तिवारी, मुकेश मिश्रा, जितेन्द्र मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, शिक्षक अमित पांडेय, पूनम तिवारी, गौरव तिवारी, राज करन तिवारी आदि मौजूद थे।

## मां कामाख्या धाम में 29 को होगा दीपोत्सव

अयोध्या कार्यालय



मां कामाख्या धाम क्षेत्र में दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर निरीक्षण करते विधायक रामचंद्र यादव।

अमृत विचार : अयोध्या दीपोत्सव की तर्ज पर मां कामाख्या धाम में भी 29 के भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर रविवार को विधायक रामचंद्र यादव ने तैयारियों का जायजा लिया और नगर पंचायत कार्यालय में बैठक की।

विधायक ने कहा कि लगातार चार वर्षों से मां कामाख्या धाम पर दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मां कामाख्या धाम से लेकर गोमती घाट तक 1 लाख 51 हजार दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे। मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने कहा कि दीपोत्सव में ब्लॉक वार दीप लगाए जायेंगे।

**धाम से लेकर गोमती तट तक जगमगाएंगे 1.51 लाख दीपक**

दीपों के प्रज्ज्वलित होने के बाद आतिशबाजी की जाएगी। बताया कि 500 स्वयं सेवक इसमें सहभागिता करेंगे। 29 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक दीपक बिछाकर तेल व बाती लगा दिया जायेगा। उसके बाद निर्धारित समय पर एक साथ दीपक प्रज्ज्वलित किया जाएंगे।

## सनातन धर्म की उपेक्षा कतई बर्दाश्त नहीं : राजूदास

संवाददाता, बेनीगंज, हरदोई। अमृत विचार : नगर में आयोजित आदर्श रामलीला कार्यक्रम के पंचम दिवस की सायंकालीन बेला में श्री धाम अयोध्या के हनुमानगढ़ी से आए बाबा राजूदास ने कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाते हुए बताया कि हम सब सनातनी है और सनातन धर्म की उपेक्षा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे।



हरदोई में आदर्श रामलीला कार्यक्रम में बोलते महंत राजूदास।

उन्होंने कहा कि हमारे समाज मे कुछ लोग सनातनी होकर भी राक्षसी प्रवृत्ति अपना लेते है उन्हें सचेत करने व आजकल की युवा पीढ़ी को अच्छाई व बुराई में फर्क सीखने के लिए रामलीला कार्यक्रमों का आयोजन करना लोकहित मे अति आवश्यक है, साथ ही उन्होंने कहा कि हम सब सनातनी अगर एकजुट न रहकर अलगाव में बट गए तो एक एक करके कट जाएंगे, इसलिए हम सभी को एकजुट रहना है। इस मौके पर आदर्श रामलीला समिति अध्यक्ष लवकुमार मिश्रा व अन्य नगर के सभ्रांत व्यक्तियों के द्वारा महंत बाबा राजूदास का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## 4684 संस्कृत छात्रों के खाते में भेजी 38.90 लाख की धनराशि

अयोध्या कार्यालय

**राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम**

अमृत विचार : संस्कृत विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत् अभ्यर्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने पर रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज में भी औपचारिक कार्यक्रम हुआ। मुख्यमंत्री के शुभारम्भ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विवेकानंद सभागार में प्रदर्शित किया गया।



जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद के 54 संस्कृत विद्यालयों और महाविद्यालयों में पंजीकृत 7089 छात्र-छात्राओं में से 4684 के खातों में 38,90,550 की धनराशि स्थानान्तरित की गई। मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार द्वारा संस्कृत विद्यालयों के लिए छात्रवृत्ति के माध्यम से बच्चों की मूल-भूत शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति व इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र के अन्तर्गत प्रोजेक्ट अलंकार की जानकारी दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने संस्कृत शिक्षा की दिशा में कक्षा-शिक्षण प्रक्रिया एवं पुस्तकालय की स्थापना के माध्यम से शैक्षिक गुणवत्ता संवर्द्धन के सम्बन्ध में विचार किए। कार्यक्रम में सह जिला विद्यालय निरीक्षक अवनीश कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशाला सतीश कुमार त्रिपाठी एवं राजकीय इण्टर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य रामनिहोर मौजूद रहे।

### डेंगू के 38 मरीज उपचाराधीन

अयोध्या, अमृत विचार : जिले में रविवार को डेंगू के 38 मामले सामने आए हैं। हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक नगर क्षेत्र में नौ, पूराबाजार में दो, मवई, तारुन व मसौधा में एक-एक मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। अब तक 374 मरीज मिल चुके हैं। 336 ठीक हो चुके हैं। 38 अभी उपचाराधीन है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकुवापारा शिवपुर बहराइच**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकुवापारा में मनरेगा योजनांतर्गत
1-अलदेव के घर से प्रमोद के हाता तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य।
2- रामनाथ के हाता से छैल बिहारी के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य।
3- महेश कोटेदार के घर से तालुकदार की बाग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।
4-काली रोड़ से तालुकदार की बाग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।
निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसमे इच्छुक फर्म ईट, ईट का रोड़ा, सीमेंट, बालू, मोरंग,गिट्टी, रेत व इंटरलॉकिंग ईट आदि आपूर्ति के लिए अपना आवेदन दिनांक 28/10/2024 को साय 5 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर दे , निविदा दिनांक 29/10/2024 को खोली जाएगी स निविदा का कोई मूल्य देय नही होगा ।

रामनाथ प्रधान — मनोज कुमार सचिव
ग्राम पंचायत टिकुवापारा, शिवपुर, बहराइच

## आतिशबाजी के साथ हुआ देवा मेला का भव्य समापन



आतिशबाजी के दौरान पटाखों ने सतरंगी किया आसमान।

संवाददाता, देवा, बाराबंकी

अमृत विचार: जो रब है वही राम है, का संदेश देने वाले हाजी वारिस अली शाह के वालिद सैय्यद कुर्बान अली शाह की याद में लगने वाले दस दिवसीय देवा मेले का रविवार की शाम भव्य आतिशबाजी के साथ समापन हुआ। जिलाधिकारी व देवा मेला कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बेटी के साथ तमाशे की बत्ती में आग लगाकर इको फ्रेंडली आतिशबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान समूचा आसमान सतरंगी रोशनी से नहा गया। आतिशबाजों नें ऐसा समां बांधा कि लोग एकटक आसमान की ओर निहारते रहे। आतिशबाजी समापन के बाद डीएम सत्येंद्र कुमार ने देवा मेले को दो दिनों तक बढ़ाने का ऐलान किया।



बेटी के साथ आतिशबाजी की शुरुआत करते जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ।





स्मारिका का विमोचन करते सांसद तनुज पुनिया।

**छह आतिशबाजों के बीच प्रतियोगिता:** देवा मेला में आतिशबाज मंजर अब्बास, रजा अब्बास, मो. नाज़िम, गुलाम वारिस, मो. कादिर और मो. आजम आतिशबाजों के बीच आतिशबाजी की जबरदस्त प्रतियोगिता हुई। निर्णायक मंडल द्वारा आतिशबाज मो. आजम प्रथम, आतिशबाज गुलाम वारिस द्वितीय और आतिशबाज मो. कादिर को तीसरे स्थान पर चुना गया। जिन्हें कमेटी द्वारा क्रमशः 27, 21 और 16 हजार रुपए के पुरस्कार से व अन्य तीन आतिशबाजों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**स्मारिका 2024 का विमोचन:** 18 अक्टूबर से शुरू हुए 10 दिवसीय देवा मेला का भव्य समापन रविवार को हुआ। समापन कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्मारिका विमोचन कार्यक्रम की शुरुआत की। देवा मेला समिति के सचिव व एडीएम अरुण कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित मेला कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में देवा मेला की स्मारिका (पत्रिका) का विमोचन किया गया। इस मौके पर जनकवि व साहित्यकार योगेंद्र शुक्ल मधुप को उनके साहित्यिक कृतित्व के लिये देवा मेला कमेटी के अध्यक्ष द्वारा अंगवस्त्र भेंट करके सम्मानित किया गया।

**अधिकारियों और कर्मचारियों को मिले प्रशस्ति पत्र:** देवा मेला में विभिन्न स्तरों पर दी गयी जिम्मेदारियों के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद देवा मेला कमेटी के सचिव व एडीएम अरुण कुमार सिंह ने देवा मेला 2024 के विषय में संक्षिप्त वृत्तिक आख्या प्रस्तुत करते हुए देवा मेला को सकुशल संपन्न कराने में योगदान करने वाले कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया।

**मेगा लेजर-शो को देखने उमड़ी भीड़:** देवा मेला में आतिशबाजी प्रतियोगिता से पूर्व मेगा लेजर-शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें लेजर लाइटों द्वारा सूफी संत के जीवन को दिखाया गया। जिसे देखने के लिये कॉफी भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर एसडीएम आर जगत साईं, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम अनुराग सिंह, एसडीएम पूजा गुप्ता, ट्रेनी पीपीएस गरिमा पंत आदि मौजूद रहीं।

**महाकवि तुलसीदास महाविद्यालय**
परसपुर-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में (1) स्नातक स्तर पर कला/विज्ञान संकाय अन्तर्गत भूगोल, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित एवं भौतिक विज्ञान विषयों में (2) परास्नातक स्तर पर कला/विज्ञान संकाय अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र, हिन्दी, प्राणि विज्ञान, एवं रसायन विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है-
अर्हता- स्नातक/परास्नातक सहायक आचार्य पद हेतु स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें । प्रबन्धक

**लखनलाल शरण सिंह महाविद्यालय**
रघुनाथपुर, विश्नोहरपुर, नवाबगंज-गोण्डा (उ0प्र0)
9415458212, 9848469000, 9838989000

**आवश्यकता**

महाविद्यालय में (1) स्नातक स्तर पर कृषि संकाय अन्तर्गत कृषि विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है-
अर्हता- स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंको सहित यू0जी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू.जी.सी. द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार प्राचार्य की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जायेगी।
वेतन- डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय/उत्तर प्रदेश शासन के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस में महाविद्यालय के निर्धारित आवेदन पत्र पर समस्त शैक्षिक अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों/उपाधिपत्रों स्वच्छ छायाप्रति एवं नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न कर आवेदन करें । प्रबन्धक

**कार्यालय ग्राम पंचायत अमरेमऊ , वि0ख0 करौंदीकला, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक- 27.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमरेमऊ, वि0ख0 करौंदीकला, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना अर्न्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 28.10.2024 से दिनांक- 05.11.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अमरेमऊ पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 06.11.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1- | बददु जोगी के घर से इस्लाम के घर होते हुए अजमेर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 722336 रुपये। | ईट, बालू, सीमेंट, इंटरलाकिंग ईट, गिट्टी, व अन्य सामग्री। |
| 2 | इंटरलाकिंग से बजरंगी पांडेय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 855059 रुपये। | ईट, बालू, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट आदि। |
| 3 | पिच रोड से मिट्ठू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 1809696 रुपये। | ईट, सीमेंट, बालू, इंटरलाकिंग ईट आदि। |

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।
ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत-अमरेमऊ वि0ख0 करौंदीकला, जिला सुलतानपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे. व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2024 को समय 12 बजे दिन में पंचायत भवन सहदपुर, विकास खंड अखंडनगर पर मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत के मछुआ समुदाय के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।
आयोजक
सुशील कुमार पुत्र फिरतू राम
निवासी सहदपुर, विकास खंड अखंडनगर, जनपद सुल्तानपुर

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम Mohammad Khurshid Shabbo से बदलकर Mohammad Khursheed रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये! S/0- Anwar Ali Add& Sonadasi Purva Colonelganj Gonda-271502 (U.P)

**सूचना**
सूचित हो कि मैं शिवा कान्त पुत्र तकदीर, निवासी- ग्राम जपरा पो0 सडिला, हरदोई, मेरी अनुक्रमांक -1055762 वर्ष 2019 हाईस्कूल, इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 215878357 वर्ष 2021 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं स्मिता पाल पुत्री खुशी राम, निवासी-पता - निशान पुरवा, हर्रई, हरदोई, अनुक्रमांक -1286510, सन-2011 हाई स्कूल का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मनीष कुमार पुत्र पाचू का बीमा पॉलिसी संख्या 2193 99910 संचालित है। अभिलेखों में नाम मनीष कुमार और सतीश कुमार अंकित है। जबकि पॉलिसी में नाम मनीष कुमार अंकित है। मनीष कुमार उर्फ सतीश कुमार दोनों नाम के एक ही व्यक्ति हैं। - मनीष कुमार उर्फ सतीश कुमार, निवासी- ग्राम-जिहुरा माफी, परगना फखरपुर, थाना - बौंडी बहराइच

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी जीवन बीमा निगम पालिसी संख्या-225464528 में मेरा नाम कृष्ण कुमार अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक पासबुक में मेरा नाम केशनपाल दर्ज है। कृष्ण कुमार और केशन पाल दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। केशन पाल पुत्र राम स्वरूप निवासी ग्राम - सिरधर पुर एहतमाली, बांगरमऊ जिला -उन्नाव

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सीताराम को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सीताराम के किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उसके किसी भी कृत्य से कोई वास्ता नहीं है। देवी दयाल प्रजापति पुत्र जगन्नाथ मोहल्ला अल्लाहपुर सैदी खेल तहसील शाहाबाद हरदोई उत्तर प्रदेश

**सूचना**
सूचित हो कि मैं वैभव सिंह पुत्र राकेश सिंह, निवासी- ग्राम -देवरा, पोस्ट- राजापुर सरैया, जिला- अयोध्या, पिनकोड -224141, मेरी हाई स्कूल का प्रमाणपत्र जिसका रोल नंबर-1906946 वर्ष-2006 वास्तव में खो गई।

## एक नजर

### रामलीला का मंचन 28 से

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड सिकंदरपुर की रामलीला का मंचन आगामी 28 अक्टूबर से किया जाएगा। जिसका उद्घाटन एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे करेंगे। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए रामलीला समिति के अध्यक्ष डॉ. तीर्थराज द्विवेदी ने बताया कि यह रामलीला 1910 में स्थापित की गई थी। तब से आज तक रामलीला का मंचन अनवरत किया जाता है। इस वर्ष 115 वर्ष पूरे हो गए हैं। स्थानीय कलाकारों द्वारा ही रामलीला का मंचन किया जाता है। आगामी 6 नवंबर को मेले का आयोजन किया जाएगा।

### लाइसेंस बनवाने में जुटे पटाखा व्यवसायी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** दिपावली के मौके पर बिकने वाले पटाखे को लेकर पटाखा व्यवसायी लाइसेंस बनवाने में जुट गए है। नगर में पटाखा बिक्री के लिए रामलीला मैदान को चयनित किया गया है। यहां पटाखा की बिक्री के लिए 40 दुकाने लगायी जाएंगी। जिसके लिए समस्त पटाखा बिक्रेताओं को बिक्री लाइसेंस लेना आवश्यक है। इसके साथ ही नियमों का विक्रेताओं को पालन करना होगा। चर्चा है कि पटाखा बिक्री के लिए भाजपा के नेता स्वयं और अपने खास को दुकान लगवाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहे है। जिससे अन्य पटाखा व्यवसायी निराश है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बिना लाइसेंस के जो भी पटाखा बिक्री करता हुआ पाया जाएगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी सभी बिक्रेता अपने पास लाइसेंस मौजूद रखेंगे।

### चाकू के हमले में किशोर हुआ घायल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** दो किशोर के बीच उपजे विवाद में एक किशोर ने दूसरे पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई शुरू कर दिया है। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव पंथीपुर का है। जानकारी के अनुसार सौरभ 14 वर्ष व शिवा 16 वर्ष के बीच किसी बात को लेकर शनिवार को विवाद हो गया जिसके चलते शिवा ने चाकू से वार करते हुए सौरभ को घायल कर दिया। जिससे शरीर पर कई चोट आई। पीड़ित के पिता अवधेश पुत्र को लेकर कोतवाली पहुंचे जहां पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# दावे और आपत्तियों का 24 दिसंबर तक करें निस्तारण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



एनआईसी कक्ष में राजनीतिक दलों के साथ बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व साथ में एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एनआईसी कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत एकीकृत आलेख्य निर्वाचन नामावलियों का प्रकाशन 29 अक्टूबर मंगलवार, दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक, विशेष अभियान की तिथियां 09 नवम्बर, 10 नवम्बर, 23 नवम्बर व 24 नवम्बर 2024 हैं। दावे और आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर 2024 तक और विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को होगा। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामावली को त्रुटिविहीन बनाने में समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपेक्षित सहयोग के बारे में चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार कटेहरी विधानसभा उपचुनाव के तहत विधानसभा कटेहरी में पुनरीक्षण का कार्य अग्रिम आदेशों तक स्थगित रहेगा। इसके अतिरिक्त जनपद के अन्य सभी विधानसभाओं में आयोग के निर्देशानुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, संबंधित उप जिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद द्विवेदी सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारी, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौके पर उपस्थित रहे।

### मतदान सूची में हुई त्रुटियों को ठीक कराने में करें सहयोग

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल समस्त मतदेय स्थलों के एक-एक बूथ एजेंट नियुक्त करते हुए विशेष अभियान तिथियों में सम्बंधित मतदेय स्थल के बूथ अधिकारी के संरक्षण में मतदाता सूची में हुई त्रुटियों को चिन्हित करने में सहयोग करें। उन्होंने समस्त पदाधिकारियों से अपील किया कि दावे और आपत्तियों की निर्धारित समयावधि में महिला मतदाताओं और 18-19 आयु वर्ग के नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान देते हुए निर्धारित कार्यक्रम के तहत समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम बढ़ाने और संशोधन कराने की कार्यवाही में पूर्ण सहयोग प्रदान करते हुए मतदाता सूची को अधिक से अधिक सही बनाने में सहयोग करें।

# सामान्य प्रेक्षक ने ग्रामीणों से निर्भीक होकर मतदान को कहा

## शादीपुर केंद्र पर मतदान कक्ष को बदलने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



सामान्य प्रेक्षक वीपी गौतम ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न संवेदनशील बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्रामीणों से जानकारी ली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कटेहरी विधानसभा उप चुनाव में आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक वीपी गौतम ने विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न वल्नरेबल और संवेदनशील बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा ग्राम पंचायत मखदूमनगर के बूथ नंबर 79 और 80, मोहिउद्दीनपुर के बूथ नंबर 92, शादीपुर के बूथ नंबर 104, केदार नगर के बूथ नंबर 106 व 107 और ग्राम पंचायत भारीडीहा के बूथ नंबर 34, 35 आदि का निरीक्षण किया। तहसीलदार टांडा, संबंधित पर्यवेक्षक और संबंधित बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने शादीपुर मतदान केंद्र पर मतदान कक्ष को बदलने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने ग्राम पंचायत मोहिउद्दीनपुर और केदार नगर मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं से वार्ता कर जाना कि क्या किसी व्यक्ति या समूह द्वारा उन पर किसी विशिष्ट व्यक्ति या पार्टी को समर्थन के लिए दबाव तो नहीं डाला जा रहा है। जिस पर उपस्थित ग्राम वासियों ने कहा कि उन पर किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं डाला जा रहा है। सामान्य प्रेक्षक वीपी गौतम ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत और सुझाव के लिए मोबाइल नंबर 9129888638 पर संपर्क कर सकते हैं। एनटीपीसी टांडा स्थित सरयू गेस्ट हाउस में प्रतिदिन शाम 05 बजे से 06 बजे तक मुलाकात कर अपनी शिकायत व सुझाव दे सकते हैं।

# लोकायुक्त ने कानूनगो और लेखपाल से मांगा संपत्ति का ब्योरा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के जलालपुर तहसील में फर्जी कागजात बनाकर वरासत दर्ज करने के मामले में निलंबित चल रहे कानूनगो और लेखपाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त ने कानूनगो और लेखपाल से सम्पत्ति का ब्योरा मांगा है।

जलालपुर तहसील के नत्थूपुर खुर्द निवासी हरिलाल के पिता मुरली की मौत बीते 6 जनवरी को हो गई थी, उनके पिता के नाम दुल्हुपुर गांव में भूमि थी, उनके पिता की मौत के बाद हरिलाल ने वरासत दर्ज कराने के लिए मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की नकल समेत अन्य कागजातों के साथ ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन उनका आवेदन तहसील से निरस्त कर दिया गया था। कुछ दिन बाद उनके पिता के नाम की खतौनी में चाचा के पुत्रों के नाम दर्ज होने की जानकारी हुई। जब वह मामले की तह में गया तो उसे पता चला कि विपक्षी चचेरे भाई ने फर्जी और कूट रचित ढंग से वरासत दर्ज कराया है। मामले मे एक शिकायतकर्ता ने कानूनगो मायाराम यादव और लेखपाल ओमकार निषाद के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायत लोकायुक्त से की, जिसके बाद लोकायुक्त ने कानूनगो और लेखपाल से संपत्ति का ब्यौरा मांगा। आय व्यय का समुचित गणना चार्ट और परिवार के सभी सदस्यों के पिछले पांच साल की आईटीआर की प्रति शपथ पत्र सहित अवलोकनार्थ अधोहस्ताक्षरी 22 नंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर महवर के डिहवापुरवा निवासी गिरिजापति का 15 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष गांव के बाहर स्थित तालाब से सिंघाड़े निकाल रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। इसकी जानकारी को होते परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने किशोर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह अचेत हो चुका था। सांस चलने की उम्मीद में उसे रामनगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद एसओ राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की।

# समाज में फैली कुरीतियों को करें खत्म



अकबरपुर ब्लॉक के अरिया में मजलिस को संबोधित करते मौलाना हैदर अब्बास।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ कुरान किसी चमत्कार से कम नहीं है। उम्मते मुस्लिमा के लोग यदि पाकीजा किताब से लाभ न उठा सकें इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता। उक्त विचार लखनऊ से आए विद्वान मौलाना हैदर अब्बास रिजवी ने अकबरपुर ब्लॉक के मौजा अरिया में व्यक्त किया। सैयद गुलामुस सकलैन व सैयद आबिद रजा आदि की ओर से आयोजित मरहूम सैयद गुलामुस सैय्यदैन इब्ने सैयद गुलाम हुसैन के 40वें की मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना ने कहा कि कुरान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि दर्स-ए-इंकेलाब है और इसमें सम्पूर्ण समस्याओं का हल मौजूद है। उपस्थित जनों का ध्यान खींचते हुए उन्होंने कहा कि शिया समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करना होगा, क्योंकि यह समाज के कमजोर वर्ग के लिए परेशानी का सबब है। उदाहरण के तौर पर खान-पान के बढ़ते चलन का उल्लेख किया। मौलाना ने जोर देकर कहा कि विभिन्न प्रकार वाहियात रीति रिवाजों और बंधनों को तोड़ कर मुक्त होना होगा। लेकिन यह तभी संभव है जब हम सब कुरान और अहलेबैत की तालीमात पर ईमानदारी से अमलपैरा होंगे। मौलाना कमर आबिदी, मौलाना गुलाम मुर्तुजा जैदी, महताब रजा रिजवी, ख्वाजा शफाअत हुसैन, मेहदी रजा, अर्शी रिजवी, सैयद नदीम हैदर, अधिवक्ता एहसान रजा, मोहम्मद अली जैदी, शमीम रजा, अब्बास रिजवी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। सैयद आशिक रजा, सैयद गुलाम रजा, सैयद सलमान रजा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# 6 क्विंटल से अधिक मिठाई व खोवा नष्ट कराया

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



अकबरपुर बस स्टाप के समीप सडक़ पर पड़े चार बोरी खोवा के साथ सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय श्रवण कुमार त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन और जिलाधिकारी अविनाश सिंह के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय और दिनेश कुमार राय की टीम ने आगामी दीपावली और छठ पूर्जा त्योहार पर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य, पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बस स्टेशन अकबरपुर पर औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय सडक़ के किनारे पटरी पर चार प्लास्टिक के बोरों में लगभग दो कुंतल खोया रखा हुआ पाया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 56000 रुपए है। आसपास पूछताछ करने पर उसके मालिक के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। ऐसी स्थिति में खोए की गुणवत्ता को संदिग्ध मानते हुए सचल दल द्वारा चारों प्लास्टिक के बोरियों को अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। टीम ने खासपुर थाना अलीगंज स्थित मंशाराम जायसवाल की मिठाई विनिर्माण इकाई पर औचक छापेमारी करते हुए निरीक्षण किया। विनिर्माण इकाई में कुल 132 पैक्ड डिब्बों में बर्फी जिसका कुल वजन लगभग 377 किग्रा और 24 पैक्ड डिब्बों में पेड़ा जिसका कुल वजन लगभग 75 किग्रा. विनिर्माण कर विक्रयार्थ भंडारित किया गया था। डिब्बों पर विनिर्माण तिथि, उपभोग तिथि व अन्य आवश्यक सूचना अंकित न होने ओर उनकी गुणवत्ता में संदेह होने के कारण बिक्री के लिए रखा भंडारित उक्त समस्त मिठाई के पैक्ड डिब्बों को जिनका कुल वजन लगभग 452 किग्रा और अनुमानित मूल्य 58 हजार 656 रुपए को नियमानुसार जब्त करते हुए नमूना संकलन की कार्यवाही की गई। साथ ही लगभग 80 किग्रा. मिल्ककेक को प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए उपयुक्त न पाए जाने के कारण मौके पर ही विनष्ट कराया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 12 हजार रुपए है।

### टीम ने एकत्र किए छह नमूने

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओम प्रकाश और पुरन्दर यादव की टीम ने दोस्तपुर रोड शहजादपुर स्थित यादव डेयरी के प्रतिष्ठान से खोया का नमूना और पहितीपुर रोड शहजादपुर स्थित संजय कुमार के प्रतिष्ठान से लड्डू का नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा विभाग के सचल दल द्वारा रविवार को चलाए गए विशेष अभियान के अन्तर्गत कुल 06 नमूने संग्रहित करते हुए लगभग 11 कुंतल खाद्य सामग्रियों के विनियमों के उल्लंघन व गुणवत्ता में संदेह होने पर नियमानुसार जब्त किया गया।

### 450 बोरी बेसन किया जब्त

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदर्श प्रताप और चन्द्र प्रकाश यादव की टीम द्वारा शेखपुर मलपुरा निकट इन्दईपुर स्थित जगजीवन प्रजापति के बेसन विनिर्माण इकाई पर औचक छापेमारी करते हुए विनिर्माण इकाई पर विक्रयार्थ भंडारित 25 किग्रा की 18 बोरी बेसन जिसकी कुल मात्रा 450 किग्रा और अनुमानित मूल्य 36 हजार रुपए को विनियमों के उल्लंघन में जब्त करते हुए नमूना संग्रहित कर खाद्य विश्लेषक की प्रयोगशाला को प्रेषित किया गया।

**आयोजन** छात्र-छात्राओं ने रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, स्लोगन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मोहा मन

# छात्र-छात्राएं बनवाएं मतदाता पहचान पत्र : डीआईओएस

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



मतदान के लिए रंगोली बना कर जागरूक करतीं छात्राएं व साथ में मौजूद जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वीप योजना के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आंनद कुमार शुक्ला के दिशा-निर्देशन में स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी विषय पर पंडित ग्रामर्षि पीजी कॉलेज सया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें शांति आश्रम इंटर कॉलेज सया, जनता जनार्दन इंटर कॉलेज रघुपट्टी, द्वारिका प्रसाद इंटर कॉलेज बेनीपुर, ठाकुरदीन अमरपुंज इंटर कॉलेज गौरा समर सिंहपुर, गौतम बुद्ध इंटर कॉलेज चाचिकपुर, राजकुमारी इंटर कॉलेज पीठापुर सरैया, रामबाबा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राम बाबा, धर्मा ग्रामोदय इंटर कॉलेज, श्याम बिहारी सिंह इंटर कॉलेज सिंघवन पुरुषोत्तम पट्टी, ग्रामर्षि पीजी कॉलेज सया और अन्य विद्यालयों के 3 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, स्लोगन और अन्य विभिन्न मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर फार्म-6 भरकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। न्यू लाइट एकेडमी सिकंदरपुर के छात्रों ने अपनी बैंड पार्टी के द्वारा लोगों का मन मोह लिया।

### मतदान करने का लिया संकल्प

छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि मतदान के दिन अपने परिवार सहित अन्य लोगों के साथ मतदान अवश्य करेंगे। इस मौके पर जनपद की स्वीप आइकन कल्पना तिवारी, डॉ. तारा वर्मा, हरेंद्र यादव, नीलम यादव, प्रमिला वर्मा, रंजना, डॉ. प्रियंका तिवारी, सत्यवती, विभा सिंह, इंद्रजीत रामदयाल, मनोकानिका दूबे, दिव्यांगजन अधिकारी प्रतिभा यादव ओर अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य ग्रामर्षि कॉलेज राकेश चंद्र तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# छात्रों ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण करके महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। महाविद्यालय में गुरुकुल निःशुल्क कोचिंग के अंतर्गत यूजीसी नेट कक्षाओं का संचालन आलोक यादव असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल विभाग के नेतृत्व में किया जा रहा है। जुलाई सत्र की परीक्षा में भूगोल विषय में अंकित और धीरेन्द्र कुमार ने नेट और पीएचडी प्रवेश के लिए हिन्दी विषय में पुष्पा देवी ने नेट और पीएचडी प्रवेश और रजनीश ने पीएचडी प्रवेश के लिए संस्कृत विषय में अंजली वर्मा ने पीएचडी के लिए उत्तीर्ण किया है।

## सार-संक्षेप

### 200 माइक्रोआब्जर्बर्स का प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न



कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

**अंबेडकनगर,अमृत विचार।** कटेहरी विधान सभा उपचुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत आयोग के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक आनंद कुमार शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता व जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी की उपस्थिति में माइक्रोआब्जर्बर्स का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोग के निर्देशानुसार कटेहरी उपचुनाव के लिए कुल 111 माइक्रोआब्जर्बर्स के सापेक्ष 200 माइक्रोआब्जर्बर्स का प्रथम रेंडमाइजेशन किया किया। इस अवसर पर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### महिला की तहरीर पर पति समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** मालीपुर पुलिस महिलाओं के प्रति संवेदनशील नहीं है, तहरीर के बावजूद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया जा रहा है। कमिश्नर अयोध्या के आदेश पर पुलिस ने अंतत पति, सास, ससुर समेत अन्य के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कमिश्नर अयोध्या को दिए गए प्रार्थना पत्र में जनपद अयोध्या के थाना हैदरगंज के गांव उमरानी बेला खपराडीह निवासिनी पूनम निषाद ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका विवाह मालीपुर थाना के सुल्तानपुर गोइथा गांव निवासी अनुज कुमार निषाद के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। उसी समय हमारे माता-पिता ने मांग के अनुसार मोटरसाइकिल के लिए 35 हजार रुपए, तिलक में एक लाख नगद और सोने चांदी के कीमती जेवरात लगभग 5 लाख रुपए का सामान दिया था। जिसके बाद प्रार्थिनी ने मालीपुर थाना के साथ सभी पुलिस अधिकारियों को तहरीर दिया। लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने पति अनुज कुमार, ससुर राधेश्याम निषाद, सास चंद्रावती, देवर शशांक निषाद, नंद पूनम निषाद, रविंद्र कुमार, छोटी नंद बबीता के विरुद्ध दहेज समेत अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मालीपुर थाना अध्यक्ष प्रभाकांत तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### तहसील कर्मियों को क्रॉप कटिंग के बारे में दी गई जानकारी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** तहसील सभागार में तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में क्रॉप कटिंग को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मौजूद अपर सांख्यिकी अधिकारी हरिश्चंद्र वर्मा ने तहसील के सभी लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान फसलों की सौ प्रतिशत क्रॉप कटिंग पर जोर दिया। इससे सरकार को फसलों की उपज का सटीक आकलन करने में मदद मिलती है। क्रॉप कटिंग एक ऐसा व्यवस्था है जिसके जरिए फसल की औसत पैदावार निकाला जाता है। साथ ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं और शासन को भेजे जाते हैं। क्रॉप कटिंग के आधार पर कृषि विभाग चिह्नित किसान के खेत में फसल की रोपाई कराता है और पकने के बाद प्लाट की पैमाइश करके फसल का सैंपल लेता है। फसल कटाई प्रयोग सीसीई एक तकनीक है। इसके जरिए खेती वाले खेतों के छोटे-छोटे हिस्सों के नमूने के आधार पर फसल की पैदावार और दूसरी जानकारी का अनुमान लगाया जाता है।

### विवाद सुलझाने गए युवक को आधा दर्जन लोगों ने पीटा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** छात्रों के दो गुटों के बीच हुए विवाद को सुलझाने गए एक युवक की आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पिटाई कर दिया। जिससे उसका सर फट गया और गर्दन पर गंभीर चोटे आई। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। घटना बीते 23 अक्टूबर के शाम 3 बजे कटका थाना क्षेत्र के सूरजपुर खास गांव की है। उक्त दिनांक को झाम बाबा पीजी कॉलेज में दो गुटों के बच्चों के बीच कहां सुनी हो गई थी। उक्त मामले के बारे में भतीजे कवि सिंह और मौर्य परिवार के बीच हुए विवाद को खत्म करने के लिए भतीजा कवि सिंह और जयंत सिंह ने रामसागर मौर्य के घर गए और कहा कि बच्चों के बीच विवाद हुआ है। दोनों अपने-अपने बच्चों को समझा कर मामला खत्म करें। इसी बात को लेकर विपक्षी उग्र हो गए और हाथापाई करने लगे। तत समय गांव के सूरज लाल मौर्य, राहुल मौर्य ने बीच बचाव कर अपने घर ले गए लेकिन विपक्षी आदित्य मौर्य, निखिल मौर्य, विराट मौर्य, निर्दोष मौर्य तथा अमन मौर्य और अवनीश मौर्य निवासी दुदही नहीं माने और सूरज लाल के घर जाकर मेरे भतीजे को मारा पीटा गया। मारने पीटने से उसका सर फट गया और गर्दन पर गंभीर चोटे आई। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा इसके पूर्व भतीजे का ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन हुआ है। चोट लगने के बाद से उसे लगातार उल्टी हो रही है। सुरजूपुर खास गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह की शिकायत पर पुलिस ने उक्त सभी के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### किसान संगठन के जिलाध्यक्ष ने तहसीलदार को सौंपा पत्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार।** नव भारतीय किसान संगठन ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर तहसीलदार जलालपुर को बारह सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर समस्याओं को निराकरण किए जाने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष चलाकू पाल के नेतृत्व में दर्जन भर से अधिक संगठन के सदस्य तहसील मुख्यालय जलालपुर पहुंचे और धरना देने का प्रयास किया। उससे पहले ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने किसानों की मांगों को सुना और समस्याओं के बाबत उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तहसीलदार को दिए गए मांगपत्र में किसान संगठन के सदस्यों ने मांग किया कि तहसील जलालपुर के सभी बीज भंडारों पर स्टॉक व सरकारी व मिलने का समय सम्बन्धी बोर्ड लगाया जाए। जनसेवा केंद्रों पर विभिन्न योजनाओं का ऑनलाइन करने पर मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। उसका रेट लिस्ट लगा कर पारदर्शिता बरती जाए। नगर पालिका क्षेत्र में बनी खुली नालियों व नालों पर ढक्कन लागाए जाएं। इसके अलावा खराब इंडिया मार्का हैंडपंपों को दुरुस्त कराने, चकमार्गो पर अवैध कब्जे को हटाने समेत अन्य मांगे की गयी। मांग पत्र सौंपते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष चलाकू पाल ने मांग किया कि उक्त मांगों को सम्बन्धित अधिकारियों के जरिए निस्तारित करते हुए कार्रवाई की एक प्रति संगठन को उप्लब्ध करायी जाए। उक्त अवसर पर घनश्याम दास, देवेंद्र यादव, राम मिलन विश्वकर्मा, संयोगिता, सुनीता समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### लापता युवक एक सप्ताह बाद पहुंचा घर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** विदेश से घर के लिए निकला लापता युवक सप्ताह भर बाद घर वापस आ गया। अलजीरिया से दिल्ली एयरपोर्ट उतरने के बाद युवक जहरखुरानी का शिकार हो गया था। जो वेस्ट बंगाल रेलवे प्लेटफार्म पर जीआरपी पुलिस को संदिग्धों की धर पकड़ अभियान में बंगला देशियों के गिरोह के साथ मिला। युवक को परिजनों तक मिलाने में आरएसएस के प्रचारक कुमार जनार्दन ने अहम रोल अदा किया। प्रचारक कुमार जनार्दन ने सूचना मिलने के बाद बंगाल में अपने रिश्तेदार चीफ कमिश्नर से संपर्क साधा। जहां गायब युवक कमलेश अचेता अवस्था में रेलवे प्लेटफार्म पर मिला और संघ प्रचारक के प्रयास से उसकी वापसी संभव हो पायी। इस कार्य के लिए इनकी खूब प्रशंसा हो रही है। बता दें कि कटका थाना अन्तर्गत रतना पलया गांव की ऊषा देवी ने बताया कि उसका पति कमलेश रोजी रोटी के सिलसिले में बीते मार्च माह में अलजीरिया राजगीर का काम करने गए थे। किसी कारण वह सातवें महीने 19 अक्टूबर को टिकट लेकर वहां के एयरपोर्ट से घर के लिए निकले। जिन्हें रिसीव करने के लिए एक रिश्तेदार इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट दिल्ली भी गए लेकिन वह उन्हें नहीं मिले। युवक की सकुशल वापसी के बाद परिजनों ने संघ प्रचारक जनार्दन व एमएलसी डॉ. हरिओम के प्रति आभार जताया है।

### पटाखा बेचने के लिए लेना होगा अस्थायी लाइसेंस

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में दीपावली को लेकर इस बार प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजामों के साथ पटाखों की बिक्री के निर्देश दिए है। जनपद में करीब 150 दुकानदारों ने अस्थाई लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। एसडीएम के कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक पटाखा बेचने के लिए 28 अक्टूबर तक ही अस्थाई लाइसेंस लिया जा सकता है। बिना लाइसेंस पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में लाइसेंस जारी करने का काम तेजी से चल रहा है। तहसील अकबरपुर में 67, टांडा में 39, आलापुर में 16, जलालपुर में 18, और भीटी में 10 दुकानदारों को लाइसेंस दिया गया है। हालांकि कई आवेदन अभी भी पेंडिंग हैं। प्रशासन का कहना है कि अस्थाई लाइसेंस के बिना पटाखों की बिक्री गैरकानूनी मानी जाएगी। दीपावली पर किसी भी अनहोनी से बचने के लिए अग्निशमन विभाग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला अग्निशमन अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि सभी अस्थायी पटाखा दुकानें खुले स्थान में और टिन शेड के नीचे ही लगाई जाएंगी। दुकानों में ज्वलनशील सामग्री के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। साथ ही धूपबत्ती, मोमबत्ती या पैट्रोमैक्स लैंप का इस्तेमाल सख्त वर्जित रहेगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### तालाब की जमीन पर किया कब्जा, केस दर्ज

**तरबगंज** : जमथा गांव के मृत्युंजय ओझा ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तालाब की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की थी। जिस पर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने टीम गठित कर कब्जा खाली कराने का निर्देश दिया था। शिकायत मिलने पर हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा कर रहे गांव के शेषनाथ को रोक दिया था लेकिन टीम के जाने के बाद शेषनाथ ने उसपर टीनशेड रखकर कब्जा कर लिया। हल्का लेखपाल नीतीश कुमार कब्जाधारक शेषनाथ के खिलाफ तालाब की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा सहित कई गम्भीर धाराओ में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया की मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

### आवास के नाम पर 10 हजार मांगने का आरोप

**बालपुर** : विकास खंड हलधरमऊ ग्राम पंचायत भरसड़ा निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान पर आवास दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। पीडित लखनलाल का कहना है कि रुपये न पाने पर उसका नाम पात्रता सूची से काट दिया गया जबकि वर्ष 2020-21 की सूची में उसकी पत्नी केतकी का नाम शामिल था। पीडित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी खंड विकास अधिकारी नेहा मिश्रा ने बताया कि अगर प्रधान के द्वारा आवास के नाम पर पैसे की मांग की गई है इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

### गरीब परिवारों को बांटा दिवाली किट

**इटियाथोक** : नया सोच सेवा समिति ने क्षेत्र में गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें दिवाली किट वितरित किया समिति के अध्यक्ष प्रवेश प्रताप शर्मा ने बताया उनकी समिति की मंशा है कि कोई भी गरीब परिवार दिवाली मनाने से वंचित न रहे इसलिए रविवार को देवतहा व भरिया लबेदपुर मे दिवाली किट का वितरण किया गया। साथ में ऋषि तिवारी नीरज प्रताप शर्मा मौजूद रहे।

### दरोगा बने प्रधान आरक्षी प्रभाकर पांडेय

**रुपईडीह** : दुबहा बाजार पुलिस चौकी पर तैनात प्रधान आरक्षी प्रभाकर पांडेय की उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति हो गई है। वह मूल रूप से देवरिया जिले के निवासी हैं। उन्हें वर्ष 1991 में पुलिस विभाग में आरक्षी पद पर नियुक्त मिली थी। कौड़िया थाना मुख्यालय पर प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने उनके कंधे पर दो सितारा लगाकर उन्हें दरोगा पद के लिए शुभकामनाएं दी। पुलिस चौकी आर्यनगर के प्रभारी राजेश कुमार दुबे, दुबहा बाजार के वीरेंद्र कुमार पाल, उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, श्रीकृष्ण, धर्मेंद्र यादव, हेड मोहर्रिर उमेश यादव, विशाल आदिक लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**तरबगंज** : वजीरगंज के ग्रामपंचायत गेड़सर के मजरा पयासी पुरवा निवासी 23 वर्षीय दीनदयाल शनिवार की रात बाइक से जा रहा था। वह तरबगंज के रानीपुर पहाड़ी गांव पहुंचा था कि एक पिकअप ने सामने से उसकी बाइक में ठोकर दी। इस हादसे में दीनदयाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरबगंज भेजवाया जहाँ हालात गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि पिकअप को पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा।

# 96 क्रय केंद्रों पर होगी धान की खरीद

## अभी तक धान बेचने के लिए 342 किसानों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, गोंडा



**अमृत विचारः** मूल्य समर्थन योजना 2024 -25 के तहत किसानों से धान खरीदने की तैयारी जोरों पर है। धान बेचने के लिए अब तक 342 किसानों ने पंजीकरण भी कर लिया है। धान खरीद की शुरुआत आगामी एक नवंबर से जनपद में होगी।

किसानों से धान खरीदने के लिए इस बार 96 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। अपर जिलाधिकारी को धान खरीद का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। किसानों से 2300 से रुपया प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदा जाएगा। ए ग्रेड धान की खरीद 2320 रुपये प्रति क्विंटल से होगी। धान खरीदने के लिए तैयारी अंतिम दौर में है। जिले में करीब 5 लाख किसान धान की खेती करते हैं जो कृषि विभाग में पंजीकृत हैं। किसानों को अपने फसल का सही भाव मिल सके इसके लिए सरकार मूल्य समर्थन योजना चलती है। सरकार द्वारा स्थापित सरकारी केंद्र पर किसानों को अपनी उपज बेचनी होती है।

किसान अपनी उपज को सरकारी करें केंद्रो पर बेचकर मूल्य समर्थन योजना के तहत घोषित मूल्य प्राप्त करता है। सरकार की ओर से इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत किसानों से धान खरीदने के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल का भाव घोषित किया गया है। शासन ने किसानों से धान खरीदने के लिए जो समय सारणी जारी की है उसमें पश्चिम जिलों में एक अक्टूबर से खरीद होगी जबकि पूर्वी जनपदों में एक नवंबर से धान खरीद की शुरुआत की जाएगी।

**2300**
रुपया प्रति क्विंटल के भाव से किसानों से खरीदा जाएगा धान

### खरीद से पहले व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश

सभी एजेंसियों को जहां पर क्रय केंद्र खोले जाने हैं उसे स्थल के निरीक्षण को भी कह दिया गया है। जिलाधिकारी लगातार अफसर को व्यवस्था सही करने के लिए निर्देशित कर रही हैं। किसानों को उपज का सही लाभ मिले इसके प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया है। जगह-जगह होर्डिंग्स लगाई गई है जिसमें धान खरीद से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित की गयी है। विपणन विभाग के अफसर मिल के मालिकों से संपर्क कर सत्यापन में जुटे हैं। इस बार शासन स्तर से ही मिल को क्रय एजेंसियों से संबद्ध किया जाएगा।

### 6 एजेंसियों को मिली धान खरीद की जिम्मेदारी

किसानों से धान खरीदने की जिम्मेदारी इस बार मूल्य समर्थन योजना के तहत 6 एजेंसियों को सौंप गई है। जिसमें खाद्य विभाग, पीसीफ पीसीयू, यूपीएसएस, कृषि उत्पादन मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम है। सभी क्रय एजेंसियों को धान खरीदने के लिए केंद्र खोलने को लेकर तैयारी पूरी कर लेने को कहा गया है। कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

> जिला प्रशासन की ओर से धान की फसल को खरीदने के लिए अब तक 96 क्रय केंद्रों को अनुमोदित किया गया है। धान खरीदने को लेकर सभी एजेंसियों के जिला प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। समय सारणी के मुताबिक जनपद में एक नवंबर से धान खरीद की शुरुआत की जाएगी। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2300 प्रति क्विंटल के भाव से किसानों से धान खरीदा जाएगा। जबकि ए ग्रेड धान 2320 रुपये में किसानों से लिया जायेगा। मिल को एजेंसियों से अटैच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिले में अब तक 342 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीकरण कराया है।
>
> **-प्रज्ञा मिश्रा**, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

## मानवता के उत्थान के लिए काम करते हैं संत महात्मा : पंकज

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचारः** बाबा जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी एवं जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज जी महाराज रविवार को अपनी 108 दिवसीय आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा के 74 वें पड़ाव पर गोपाल बाग पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने पुष्पाहार भेंट कर उनका स्वागत किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मथुरा आश्रम के अध्यक्ष पंकज महराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जन्म-जन्मांतरों के पुण्य कर्मों और परमात्मा की दया से यह अनमोल मानव तन प्राप्त हुआ है। बाबा जयगुरुदेव ने करोड़ों लोगों को शाकाहारी सदाचारी बनाकर इस साधना में लगाया। साथ ही अच्छे समाज के निर्माण का अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि संत, महात्मा, फकीर सदा मानवता के उत्थान का और जीवात्मा के कल्याण का काम करते हैं। वह किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। इस अवसर पर महंत रामकुमार तिवारी, केदारनाथ मौर्य, जगदीश तिवारी, डॉ. विनोद कुमार, सहयोगी संगत कुशीनगर के जयकुमार "नन्हे सिंह", रंगलाल सिंह, रामश्री चौहान, सोहनलाल गुप्ता, रामसमुझ साहनी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सरयू महाविद्यालय में जूड़ो प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : रविवार को क्षेत्र के सरयू महाविद्यालय में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अंतर्महाविद्यालयी जूडो महिला/ पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर बी सिंह ने मां सरस्वती तथा हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया। कार्यक्रम में अल्का तिवारी और साथी छात्रओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र जुड़ो प्रशिक्षक डॉ भीमराव अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम क्रीड़ा संकुल ढाबा सेमर अयोध्या, बबलू कुमार टेक्निकल ऑफिशियल जूडो स्पोर्ट स्टेडियम ढाबा सेमर अयोध्या, अवधेश विश्वकर्मा टेक्निकल ऑफिशियल ढाबा सेमर अयोध्या, नवरत्न यादव टेक्निकल ऑफिशल ढाबा सेमर अयोध्या, संजू आर्या जूडो भारत टेक्निकल ऑफिशिल स्टेडियम ढाबा सेमर अयोध्या, डॉ दिलीप सिंह नंदनी नगर, महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह, सहायक प्रभारी आशीष सिंह आदि के सहयोग से जूडो प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। देश के विभिन्न क्षेत्र से आए हुए प्रतिभागियों ने जूडो में प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक संचालित होगी।इस अवसर पर डॉक्टर शैलेंद्र बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डा जावेद अहमद, ममता मिश्रा, प्रेम तिवारी, अमित सिंह, उमेश पाठक, रवि सिंह, प्रदीप सिंह, जगन्नाथ तिवारी, विनोद पाण्डेय, शिव कुमार मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

### त्रेतायुग में भाई विपत्ति बांटते थे कलयुग में सम्पत्ति : मिथिलाशरण

**नवाबगंज** : सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद में स्थित सिद्ध पीठ कटरा कुटी धाम पर हनुमान जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन शनिवार को लंका दहन और दशानन के अत्याचार कथा का भाव पूर्ण रसपान कराते हुए कथा व्यास जी ने कहा कि आज हर परिवार में क्लेश, अशांति व अपार दुख की स्थिति दिखाई पड़ रही है,जिसके परिणाम स्वरुप समाज संस्कृति और राष्ट्र की स्थिति अत्यंत दयनीय होती जा रही है। परिवार में कोई किसी की बात को सुनने को तैयार नहीं है। सबके सब अपनी वाली करने में तुले हुए हैं।प्रत्येक व्यक्ति की जो ऊर्जा समाज संस्कृति और राष्ट्र के विकास में लगना चाहिए आज विनाश में लग रहे हैं। महाराज जी ने संदेश देते हुए कहा बहुत जल्दी यदि इस सोच में सुधार नहीं किया गया तो भारत को मिटाने से कोई रोक नहीं सकता। भाई भाई में विवाद मां बाप से बेटे का विवाद पड़ोसी से पड़ोसी का विवाद यह सब कुछ शुभ लक्षण नहीं कहा जा सकता है। अहंकार के कारण ही लंका का विनाश हो गया। कौरवों और पांडवों का विवाद और अहंकार की भावना के कारण कंस ने मथुरा का सर्वनाश कर दिया था। थोड़े से लोभ तथा अहंकार के कारण हम सभी अपना सर्व विनाश कर रहे हैं।अब लौटना होगा। हनुमान जी के त्याग ने हनुमान जी को चारों युग का भगवान बना दिया। कलयुग में भाई भाई संपत्ति बांटते हैं जबकि त्रेता युग में भाई भाई विपत्ति बांटते थे। इस अवसर पर पीठाधीश्वर स्वामी चिन्मयानंद महाराज जी ने कथा के मुख्य यजमान डॉ सुशीला रानी पांडे पत्नी राममणि पांडे, विश्व सनातन महासंघ प्रमुख ठाकुर अमित सिंह, बबलू तिवारी, समाजसेवी डॉ उमेश प्रताप सिंह, डॉ अरुण सिंह,गोपाल सिंह, परशुराम शर्मा, विनोद कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, विनोद सिंह समेत सैकड़ों कथा श्रोता मौजूद रहे।



# सरफेसी एक्ट के 15 मामलों को जिलाधिकारी ने किया निस्तारित

**गोंडा, अमृत विचारः** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सरफेसी एक्ट के पंद्रह वाद एक साथ निस्तारित किये हैं। अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह खुराना ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक मनकापुर सहित पंजाब नेशनल बैंक शाखा पिपरी, कौड़िया, इण्डियन बैंक शाखा के रानी बाजार, वजीरगंज, शहर गोण्डा, झिलाही, कर्नेलगंज, मनकापुर के कुल पंद्रह वाद सरफेसी एक्ट के साथ लगभग पचीस राजस्व वाद निपटाये हैं। इस प्रकार सरफेसी एक्ट व राजस्व वाद को मिलाकर कुल चालीस वाद एक साथ निपटा कर विचाराधीन वादों की संख्या एक मुश्त निपटा कर मुकदमों की संख्या कम किया है जो प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरुप है। ज़िलाधिकारी नेहा शर्मा के वाद निपटारे की भूमिका से न्यायालय पर मुकदमों का बोझ कम हुआ है। सरफेसी एक्ट के बारे में बैंक के अधिवक्ता ने बताया कि सरफेसी एक्ट की धारा 14 में बैंक के पक्ष में बंधकशुदा संपत्ति पर कब्जा दिलाने में प्रशासन का सहयोग न्यायालय के माध्यम से वाद दायर किया जाता है। जिसमें पक्षों को सुनवाई का अवसर देते हुए निर्णय लिए जाते हैं। इसी सरफेसी एक्ट का मुकदमा जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा किया गया है। विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

# राशन कार्डधारकों को नवंबर से बराबर मात्रा में मिलेगा गेहूं व चावल

**गोंडा, अमृत विचारः** आगामी नवंबर माह में जो राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा उसमें आमूल चूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। अब गेहूं चावल बराबर मात्रा में राशन कार्ड धारकों को दिया जाएगा। इसको लेकर पूर्ति विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। कोटेदार के घर जो ट्रांसपोर्टर खाद्यान्न पहुंच रहा हैं वह इसी आवंटन के आधार पर है।



सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के पात्र गृहस्थी एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को आगामी वितरण माह से खाद्यान्न की मात्रा में बदलाव किया गया है। नवंबर माह से पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को गेहूं चावल बराबर बराबर मात्रा में दिया जाएगा, साथ ही अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को भी इसी हिसाब से खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। शासन की ओर से सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को आदेश के मुताबिक पूर्ति विभाग के कर्मचारी आवंटन व ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था उच्च दुरुस्त करने में जुट गए हैं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले में करीब 6 लाख से अधिक अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह सरकार की ओर से निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाता है। अभी तक पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक यूनिट पर 3 किलो चावल तथा 2 किलो गेहूं दिया जाता था। इसी तरीके से अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को 21 किलो चावल तथा 14 किलो गेहूं सरकार की ओर से मिलता था। लेकिन अब इस मात्रा में सरकार की ओर से बदलाव का आदेश मिला है।

नए आदेश के मुताबिक अब पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धार के प्रत्येक यूनिट को समान मात्रा में गेहूं, चावल दिया जाएगा, यानी की ढाई किलो गेहूं तथा ढाई किलो चावल का वितरण होगा। इसी के साथ अंत्योदय राशन कार्ड धारकों के वितरण में बदलाव किया गया है। अब 18 किलो चावल तथा 17 किलो गेहूं राशन कार्ड धारकों को मिलेगा कुल मिलाकर अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को 35 किलो खाद्यान्न प्रत्येक माह दिया जाता है। गेहूं ,चावल के आवंटन को सही किया जा चुका है। डोर स्टेप डिलीवरी के तहत कोटेदार के घर तक खाद्यान्न पहचाने की व्यवस्था में भी इस नए नियम से बदलाव आएगा। सभी पूर्ति निरीक्षक तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को डीएसओ की ओर से आवंटन बनाने को लेकर कहा गया है। आवंटन का कार्य पूरा कर विपणन विभाग को भेज दिया गया है । सभी कोटेदारों को भी पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से नए आदेश के बारे में जानकारी दी जा चुकी है।

**नए आवंटन के मुताबिक कोटेदारों के घर पहुंच रहा है खाद्यान्न**

> राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पात्र गृहस्थी तथा अंत्योदय कार्ड धारक को करीब करीब बराबर मात्रा में गेहूं, चावल दिए जाने का आदेश मिला है। यह आदेश आगामी वितरण माह नवंबर से प्रभावी होगा, इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। सभी पूर्ति निरीक्षक तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी को इससे संबंधित निर्देश दिए जा चुके हैं।
>
> **-कृष्ण गोपाल पांडेय**, जिला पूर्ति अधिकारी

## सरयू में उतराता मिला युवक का शव

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार** : कोतवाली इलाके के कचनापुर स्थित सरयू नदी में रविवार को एक व्यक्ति का शव उतरता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और उसकी पहचान में लगी है।

कोतवाली करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनापुर के सरयू नदी कुटीघाट पर रविवार को कुछ लोगों ने नदी में एक शव को उतारते हुए देखा। पानी में शव पड़े होने की सूचना धीरे-धीरे आसपास के इलाकों में फैल गई। जिससे वहां पर भारी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी में पड़े शव को बाहर निकलवा कर पहचान करने की कोशिश में जुटी हुई है। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिर भी प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान राकेश मोहन तिवारी ने बताया कि शव कई दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पहचान में पुलिस का सहयोग किया जा रहा है।

## वर्ग पहेली-235

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं, पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहां मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



### वर्ग पहेली -234 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | र | | न |
| 4 अ | ति | दु | स | ह | |
| | | | र | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पु | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

## सुडोकू -148

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 9 | | | |
| 6 | | | | 1 | | 8 | 7 | |
| | 1 | | 3 | 2 | | | | 4 |
| | 4 | | | 3 | | | | 9 |
| 9 | 8 | | 7 | | 6 | | 4 | 2 |
| 5 | | | | 9 | | | 3 | |
| 3 | | | | 6 | 1 | | 2 | |
| | 9 | 1 | | 4 | | | | 6 |
| | | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 147 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 9 | 5 | 1 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 8 | 9 | 2 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 |
| 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 07 .50 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 03 .24 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** - आज कार्यक्षेत्र में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के विवाह में आ रही परेशानी दूर होगी। आय में वृद्धि होने की संभावना है। मित्रों के साथ सार्थक चर्चा का आनंद उठायेंगे। लवमेट्स के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**वृष** - आज विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। व्यर्थ समय बर्बाद न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पारिवारिक जनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**मिथुन** - आज नया कारोबार शुरू कर सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान हो सकता है। कमीशन संबंधित कार्यों से धन लाभ होगा। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आज आपका दिन बहुत ही अच्छा व्यतीत होगा। घर में नजदीकी रिश्तेदार आ सकते हैं।

**कर्क** - आज आपके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होगी। आलस्य और प्रमाद से बचें। रोजगार में बाधा आ सकती है। आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। अपरिचित लोगों पर अंधविश्वास करना उचित नहीं है। मन में अज्ञात भय व्याप्त हो सकता है।

**सिंह** - आज आपसे बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ प्राप्त होगा। सामाजिक स्तर पर आप काफी लोकप्रिय रहेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। आपको अपने स्वाभिमान की रक्षा करनी होगी। स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कन्या** - आज आप नया वाहन खरीद सकते हैं। पुरानी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से छुटकारा होगा। प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। सहयोगी आपकी काफी मदद करेंगे। यात्रा से आपको लाभ प्राप्त होगा। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे।

**तुला** - आज कार्यक्षेत्र में अपेक्षानुकूल परिणाम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लंबी दूरी की यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक** - आज जीवनसाथी के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व मजबूत होगा। व्यापार में आपको जबरदस्त धन लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ हो सकता है। पुराने विवादों को लेकर झगड़ा समाप्त होने की संभावना है।

**धनु** - आज करियर को लेकर आप कुछ विशेष योजना बना सकते हैं। फालतू खर्चों में आप धन बर्बाद कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। सेहत के विकार जन्म ले सकते हैं। अनावश्यक विवादों से आपको बचना चाहिए।

**मकर** - आज अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे विकसित करने का प्रयास करें। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होने की संभावना बन रही है। कारोबारी यात्रा हो सकती है। परिवार का माहौल तनावमुक्त रहने वाला है। विदेश यात्रा होने के योग बन रहे हैं। भविष्य की योजनाओं के प्रति आप आकर्षित रहेंगे।

**कुंभ** - आज अपनी जीवनशैली को व्यवस्थित रखें। सर्वाइकल का दर्द उभर सकता है। वाणी में नम्रता बनाये रखें। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। आपकी बातों का लोग अनादर कर सकते हैं। दिखावे की प्रवृत्ति से बचना चाहिए।

**मीन** - आज व्यापारिक अनुबन्धों में सावधानी रखें। गले में इन्फेक्शन और जलन की समस्या होने की आशंका है। कारोबार में धीमापन रहेगा। परिवार की जिम्मेदारियों का आपके ऊपर दबाव रहेगा। अधिकारी वर्ग से आपको कठिनाई का अनुभव होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
नाकाबंदी - सुबह : 10 .44
माफिया राज - रात : 07 .09

&pictures
कमांडो - सुबह : 08 .15
ब्रूस ली - रात : 07 .30

SONY PIX
द रेड टू - सुबह : 10 .42
द डार्क टावर - शाम : 05 .07

ZEE CINEMA
प्यार में ट्विस्ट - सुबह : 11 .30
एतराज - शाम : 05 .10

ZEE ACTION
देवी - सुबह : 10 .43
स्पाइडर - रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 05 .10 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का- तुम लड़कियां लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की - अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाए..!
लड़की - तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते ह...
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है कि पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

गप्पू ने अमरूद लिए तो उसमें से कीड़ा निकला
गप्पू अमरूद वाले से- इसमें तो कीड़ा है
अमरूद वाला- ये किस्मत की बात है, क्या पता अगली बार मोटरसाइकिल निकल जाए, गप्पू- 2 किलो और दे दो!

# संस्कृत के विद्यार्थियों को सौंपा छात्रवृत्ति का चेक

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचारः** जिला पंचायत सभागार में रविवार को संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन किया गया। जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया और संस्कृत के 30 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का चेक सौंपा।

इसके पहले वाराणसी से सीएम योगी आदित्यनाथ ने संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया। सीएम योगी के संबोधन के बाद डीएम नेहा शर्मा ने संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित 1074

**▸▸ संस्कृत छात्रवृत्ति योजना शुरू 1074 बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति**

बच्चों में से 30 बच्चों को सांकेतिक चेक देकर के संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया।

गोंडा के 1074 बच्चों को संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित किया गया है। इन सभी बच्चों को छात्रवृत्ति देने के लिए सरकार 6.83 लाख रुपए का बजट जिला प्रशासन को उपलब्ध करवा दिया गया है। सभी 1074 बच्चों के खातों में छात्रवृत्ति भेजने के लिए बैंकों को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पत्र लिखकर के खाते में भेजने के लिए निर्देश दिया गया है। संस्कृत छात्रवृत्ति योजना शुरू होने से


संस्कृत के विद्यार्थियों को चेक देतीं डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता जैन।

संस्कृत की पढ़ाई कर रहे बच्चों को पढ़ाई में काफी फायदा होगा और छात्रवृत्ति मिलने से बच्चे अपने पढ़ाई की जरूरत को भी पूरा कर सकेंगे बिना अपने परिजनों से एक रुपए की मांग किए बिना यह छात्रवृत्ति योजना संस्कृत बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आज संस्कृत के माध्यम से ही कहीं अगर पूजा पाठ होता है या कोई अनुष्ठान होता है या किसी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होता है तो इन्हीं संस्कृत के विद्वानों द्वारा ही किया जाता है। अब धीरे-धीरे संस्कृत को लोग छोड़कर के अंग्रेजी की तरफ जा रहे हैं। संस्कृत एक ऐसी शिक्षा है जिसके बिना कोई काम पूरा ही नहीं होता है। सरकार द्वारा यह योजना शुरू होने से संस्कृत की पढ़ाई कर रहे बच्चों के लिए वरदान साबित होगी और आने वाले दिनों में और बच्चे छात्रवृत्ति शुरू होने से संस्कृत की पढ़ाई करके अच्छा-अच्छा ज्ञान प्राप्त करेंगे। जिले में अब तक 1074 बच्चों को संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के तहत जांच करके चयनित किया जा चुका है इन सभी बच्चों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलेगा।

# किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**मनकापुर, अमृत विचारः** रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र पर मनकापुर पर शिवा कृषि तकनीकी संस्थान बस्ती की तरफ से सबमिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजना के तहत कृषकों का एक दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में रुपईडीह, इटियाथोक, पंड़री कृपाल, कटरा बाजार, मुजेहना, छपिया तथा बभनजोत विकासखंडों के प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान मनकापुर ने गेहूं उत्पादन तकनीक, दलहनी फसलों मटर मसूर चना तथा तिलहनी फसलों तोरिया एवं सरसों की खेती की तकनीकी जानकारी दी। फसल चक्र में दलहनी फसलों का समावेश

**▸▸ आत्मा योजना के तहत कृषकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

अति आवश्यक है। इनकी जड़ों में राइजोबियम के जीवाणु पाए जाते हैं। यह जीवाणु वायुमंडलीय नत्रजन का स्थिरीकरण कर मृदा एवं पौधे को उपलब्ध कराते हैं।

डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने दुधारू पशुओं के पोषण प्रबंधन, हरा चारा उत्पादन तकनीक एवं बकरी पालन की जानकारी दी। डॉ.अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों में फसल सुरक्षा प्रबंध तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन, डॉ मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने शाक भाजी फसलों गोभी टमाटर मिर्च की उत्पादन तकनीक, कार्बनिक खादों का प्रयोग एवं महत्व, डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक ने मिश्रित मत्स्य पालन तकनीक की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोहू कतला नैन आदि मत्स्य की उन्नत प्रजातियों का चयन कर वैज्ञानिक ढंग से पालन करें। धान गेहूं की अपेक्षा मत्स्य पालन से कृषकों को अच्छी आय प्राप्त होती है। शिवा कृषि तकनीकी संस्थान के वीबी सिंह, रोहित कुमार सिंह बीटीएम छपिया, राजेश जायसवाल बीटीएम मनकापुर, रजनीश मिश्रा बीटीएम बभनजोत, सत्येंद्र सिंह बीटीएम कटरा बाजार, आशीष शुक्ला, कमलेंद्र सिंह आदि ने प्रतिभाग कर कृषकों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# 5100 दीपों से जगमगाया वनटांगिया परिवारों का आंगन

## वनटांगिया दीपोत्सव 2.0 : रामगढ़ व महेशपुर में आयोजित हुआ दीपोत्सव कार्यक्रम, जिलाधिकारी संग ग्रामीणों ने मनाई दिवाली

**▸▸ मुख्यमंत्री के "जीरो पॉवर्टी" मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के जीवन में आई नई रौनक**

संवाददाता, मनकापुर/ गोंडा

**अमृत विचारः** पिछले वर्ष की तरह ही दीपावली से चार दिन पहले इस साल भी जिला प्रशासन ने वनटांगिया समुदाय के लोगों के साथ दीपावली मनाई। रविवार को नवाबगंज ब्लाक के वनटांगिया गांव रामगढ़ में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया और ग्रामीणों संग दीवाली की खुशियां साझा की गयीं। शाम होते ही जैसे ही 5100 दीप जले पूरा गांव रोशन हो उठा। डीएम ने सभी परिवारों को उपहार देकर उन्हें स्वच्छता, सुंदरता और आत्मसम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया।

गरीब परिवारों तक पहुंचने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने "जीरो पॉवर्टी" मिशन की शुरूआत की है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है और उनके जीवन में उत्साह और त्योहारों की खुशी के वातावरण का सृजन करना है। सीएम की इस पहल के क्रम में जिला प्रशासन ने रविवार को नवाबगंज ब्लॉक के वनटांगिया गांव रामगढ़ व महेशपुर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और ग्रामवासियों ने कुल देवी के


दीपोत्सव का उद्घाटन करतीं डीएम व सीडीओ।

स्थान पर दीप जलाकर दीपोत्सव का शुभारंभ किया। दीपोत्सव पर्व में शाम को रामगढ़ गांव में जिला प्रशासन की तरफ से 5100 दीपक जलाए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के "जीरो पॉवर्टी" मिशन के तहत आयोजित इस दीपोत्सव कार्यक्रम ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में नई रौनक भर दी और प्रशासनिक अफसरों को अपने बीच पाकर जंगलों के बीच रहने वाले वनटांगिया परिवारों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान प्राइमरी स्कूल के बच्चों की तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। महोत्सव में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन समेत जिले का पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

### चटख रंगों से सजाए गए घर आंगन, दीवारों पर बनाई पेंटिंग

दीपोत्सव से पहले जिला प्रशासन की तरफ से वनटांगिया परिवारों के घरों को चटख रंगों से सजाया गया। दीवारों पर खूबसूरत पेंटिंग्स बनाई गयी। यह पेंटिंग्स पारंपरिक चित्रकला से जुड़ी हुई हैं जो ग्रामीण परिवेश को नई पहचान देने के साथ ही वनटांगिया समुदाय में उत्साह और आत्मसम्मान का संचार कर रही हैं। रामगढ़ वनटांगिया गांव के निवासी मनीराम और अनिल कुमार ने बताया कि पहली बार उनके घर इतने खूबसूरत और त्योहारों की खुशी से सजे-संवरे नजर आ रहे हैं। डीएम ने वनटांगिया परिवारों को वस्त्र, मिठाई तथा अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया।

> इस पहल का उद्देश्य केवल घरों को सुंदर बनाना नहीं था, बल्कि यह वनटांगिया समुदाय में स्वच्छता, सुंदरता और आत्मसम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए थी। दीपावली का पर्व खुशियों और प्रकाश का प्रतीक है। प्रशासन की इस पहल के माध्यम से वनटांगिया समुदाय के परिवारों में उत्सव का एक नया रंग भरने का प्रयास किया गया है।
> –**नेहा शर्मा**, डीएम



डीएम व सीडीओ का स्वागत करतीं महिलाएं। अमृत विचार


वनटांगिया परिवारों को कंबल वितरित करतीं डीएम। अमृत विचार


विभिन्न रंगों से सजाया गया वनटांगिया परिवारों का घर। अमृत विचार

# नीयत-नीति सही हो तो सहयोग करते हैं प्रभुः डॉ. संतशरण

**गोंडा** : नियत, नीति सही हो तो भगवान हर तरीके से सहयोग करते हैं। श्री राम कथा सुनने से भक्तों के सारे दुख दूर हो जाते है। विकास खंड झझरी के ग्राम पंचायत मोकलपुर में आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा मे व्यास डॉक्टर संत शरण त्रिपाठी ने कथा सुनाते हुए कहा की भगवान को निश्छल प्रेम चाहिए। भगवान धन और वैभव के भूखे नहीं होते हैं। अपना, पराया भूल कर जो प्रभु को याद करता है उसको भगवान पार लगा देते हैं।



राम कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लालकी के उद्घघोष से गुंजयमान रहा। भगवान कृष्णा की बाल लीला का वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि सिर्फ माता-पिता का दिया हुआ संस्कार ही जीवन मे साथ रहता है। यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। कथा में मुख्य यजमान के रूप में सोमनाथ चतुर्वेदी बब्बन, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी बैरागी हैं। कथा का रसपान करने वाले में पंडित गोपाल पाण्डेय, रमाशंकर चौबे, पटेल बाबु, डॉ लल्लन, बब्बू डॉक्टर, बद्री विशाल ओझा, गिरीश चौबे, राजेश ओझा, केएल चौबे एडवोकेट, संदीप तिवारी, नकछेद तिवारी, ओमप्रकाश चौबे, सुक्की चौबे, श्यामजी चौबे, ननकू मिश्रा, दुर्गा प्रधान, पलऊ चौबे, उदयभान तिवारी, रमेश चौबे, बलराम चौबे, कोमल चौबे, राजेश्वरी चौबे, भुलावन तिवारी, गिरधर दूवेदी, दद्दू चौबे, पंकज मिश्रा, विनय पाण्डेय, मोहित तिवारी, दयाशंकर मिश्रा, छोटकऊ शुक्ला, स्वामीनाथ शुक्ला, अभिनव चौबे, निरंकार चौबे, भिखारी शुक्ल, प्रशांत धर दूवेदी, लल्लू शुक्ला आदि लोग रहे।

# बाल विवाह पर लगे रोक, उल्लघंन पर हो कार्रवाई

**गोंडा, अमृत विचारः** यूनिसेफ के भारत में 75वें वर्षगांठ पर शनिवार को देवीपाटन मण्डल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उनके कार्यो की समीक्षा की। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बच्चों से जुड़ी प्राथमिकताएं एवं उपलब्धियों पर मण्डल स्तरीय स्टेकहोल्डर्स की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण और समावेशी विकास से सम्बन्धित चुनौतियों एवं प्राथमिकताओं की पहचान करना, लिंग और समानता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतिम छोर के बच्चों के लिए परिणामों में तेजी लाने के लिए सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना था। मंडलायुक्त ने यूनिसेफ के 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुये कहा कि पूरे मण्डल में बाल विवाह पर शत प्रतिशत रोक लगनी चाहिए। कहीं पर भी बाल विवाह होने की बात आती है तो तत्काल कानूनी कार्रवाई



यूनीसेफ के कार्यों की समीक्षा में आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। अमृत विचार

की जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये आईसीडीएस विभाग द्वारा सभी बच्चों को आंगनबाड़ी व स्कूल भेजा जाये। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त व अन्य सभी मण्डलीय अधिकारी व यूनिसेफ की टीम मौजूद रही।

### आईजीआरएस शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

शनिवार को आयुक्त ने मंडल में चल रहे विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीएम कुसुम योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश, शादी अनुदान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, निराश्रित महिल पेंशन योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों को लाभ पात्रों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

**▸▸ देवी पाटन मंडल कमिश्नर ने की यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा**

### छुट्टियां निरस्त, मुख्यालय पर मौजूद रहेंगे अफसर

देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने आगामी दीपावली समेत अन्य पर्वों के मद्देनज़र सभी अफसरों की छुट्टियों को निरस्त कर दिया है। अफसर मुख्यालय पर मौजूद रहकर सुरक्षा और कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। दिवाली, छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा, गुरूनानक जयंती समेत अन्य पर्वों के मद्देनजर मंडल के सभी अधिकारियों का अवकाश 16 नवंबर तक के लिए निरस्त कर दिया है। उन्होंने समस्त मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सामाजिक और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने और कानून व्यवस्था की स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए प्रतिदिन अपने अधीनस्थ कार्यालयों का सुबह 10 बजे और सायंकाल 5 बजे औचक निरीक्षण करें।

# दीपोत्सव पर सजाए जाएंगे सार्वजनिक स्थल

**गोंडा, अमृत विचारः** दीपावली के पर्व पर जिले के सभी सार्वजनिक स्थलों की सजावट की जाएगी। डीएम नेहा शर्मा जनपद के सार्वजनिक स्थलों को भव्य रंगोली और अल्पना सजावट के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली के पावन पर्व पर जिले के विभिन्न निकाय क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों और मंदिरों पर रंगोली और अल्पना बनाने का निर्देश जारी किया गया है।

सभी नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के चुनिंदा स्थलों पर विशेष सजावट की तैयारियां सुनिश्चित करें। प्रमुख स्थल जैसे गांधी पार्क, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय, और नगर पालिका परिषद के कार्यालयों के मुख्य द्वारों

**▸▸ डूडा उपलब्ध करायेगा सामग्री और संसाधन**

के अलावा मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भी इस प्रकार की सजावट की जाएगी। **इन सार्वजनिक स्थलों पर होगी सजावट :** गांधी पार्क, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज (मुख्य गेट), नगर पालिका परिषद कार्यालय, नगरपालिका कन्या कॉलेज, पायनियर पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा विद्यालय, काली मंदिर, नगर पंचायत कार्यालय, धानेपुर, महाराजा देवी बख्श सिंह इण्टर कॉलेज, संम्मय माता मंदिर कटरा, झालीधाम मंदिर खरगूपुर, राम जानकी मंदिर, तरबगंज, महर्षि दयानंद इण्टर कॉलेज, शिवाला भदिर मनकापुर, टैगोर मेमोरियल पब्लिक स्कूल, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. भानुप्रताप पार्क।

## सार-संक्षेप

### त्यौहारों को लेकर एसपी ने की पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश


बैठक करते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा** : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, भाईदूज व छठपूजा को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने को लेकर की गई तैयारियों के संबंध में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी ने कहा कि त्योहार के पहले प्रतिमा स्थापित करने वाले सभी आयोजकों से फॉर्म भरवाकर डीजे संचालकों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर नोट कर ले तथा उनसे समन्वय स्थापित कर हिदायत दिया जाय। एसपी ने कहा कि वह लोग डीजे को निर्धारित आवाज में भक्ति गीत ही बजाएंगे तथा कोई भी आपत्तिजनक भड़काऊ गाने नहीं बजाए जाएंगे। प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम को पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षित व सकुशल संपन्न कराया जाए। अराजक तत्वों, शराब पी कर हुड़दंग करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाये। भीड़-भाड़ कार्यक्रम स्थल व आस-पास पर्याप्त संख्या में वर्दी व सादे कपड़ो में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों व अराजक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर निगरानी करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाय। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भीड़भाड़ के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार डायवर्जन की भी व्यवस्था की जाए। सभी प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही प्रभारी मीडिया सेल को निर्देशित किया गया की लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जाये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी मीडिया सेल आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस से हटाए जाएंगे निष्क्रिय पदाधिकारी : प्रमोद

**गोंडा** : जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें आगामी 31अक्टूबर को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथी मनाए जाने के साथ ही निष्क्रिय पदाधिकारियों के स्थान पर नए लोगों को पार्टी पदाधिकारी बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्र ने कहा आगामी 31अक्टूबर को स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथी पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर सभी साथी अवश्य आएं। उन्होंने बताया कि सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि निष्क्रिय पदाधिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों के स्थान पर नए पदाधिकारियों की नियुक्त कर संगठन को सक्रिय किया जाएगा। तहसील और ब्लॉक प्रभारी पदाधिकारी नियुक्त कर ज़िम्मेदारी तय कर दी जायेगी।बैठक में प्रमुख रूप से प्रवक्ता शिवकुमार दुबे, उपाध्यक्ष शुक्ला प्रसाद शुक्ला, विनय त्रिपाठी रमन महासचिव अविनाश मिश्रा, शाहिद अली कुरेशी सभासद, अरविंद शुक्ला जिला सचिव सलीम कुरैशी, टी एन फारुकी, ब्लॉक अध्यक्ष विवेकानन्द शुक्ला, धर्मराज सिंह, अतीक खान, राकेश सिंह राणा ने संगठन को सक्रिय और गतिशील बनाने हेतु अपने विचार व्यक्त किए।

# दीपावली पर गौमाता का किया जाएगा पूजन

**गोंडा, अमृत विचारः** "गावों विश्वस्य मातरः" की भावना के साथ इस बार दीपावली और गोवर्धन पूजा के दिन गौमाता की पूजा की जायेगी। गौशालाएं भी दीपों की रोशनी से जगमग होंगी। इसके पहले निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा और सेवा के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। डीएम नेहा शर्मा ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आगामी त्योहारों, विशेषकर दीपावली, गोवर्धन पूजा, और भाई दूज के अवसर पर निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा और सेवा के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने इस अभियान को 'गांवों विश्वस्य मातर' की भावना को साकार करने का माध्यम बताते हुए सभी अधिकारियों को इसे पूरे सम्मान और उत्साह के साथ संपन्न कराने की अपील की है। डीएम ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर राजमार्गों पर बढ़ते यातायात के मद्देनज़र, सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निराश्रित गोवंशों की सुरक्षा के उपाय किए जाएंगे। अस्थायी गो आश्रय स्थल, वृहद गो संरक्षण केंद्र, कांजी हाउस, और कान्हा गोशाला जैसी जगहों पर निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।

**आयोजन** | कटरा शहबाजपुर मेला परिसर में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट पुस्तक मेला

# 551 दंपतियों ने डाली यज्ञकुंड में आहुतियां

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से क्षेत्र के कटरा शहबाजपुर मेला परिसर में 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें रविवार को 551 जोड़े श्रद्धालुओं ने एक साथ यज्ञ कुंड में आहुति डाली।

प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक चलने वाले 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आरंभ देवपूजन के साथ किया गया। मां गायत्री के दिव्य मंदिर में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो उद्घोष के साथ शांतिकुंज के टोली


51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में हवन करते लोग। अमृत विचार

नायक डॉ अशोक ने धर्म पताका फहराया। तहसील क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों के श्रद्धालुओं द्वारा सर्वतोभद्र पूजन, तत्व वेदी पूजन कर मानव मात्र के कल्याणार्थ यज्ञ कुंड में आहुतियां समर्पित की गई। यज्ञ स्थल पर प्रदर्शनी, देवतात्मा हिमालय सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा, विराट पुस्तक मेला, दिव्य यज्ञशाला दर्शन करने योग्य है।

सायं 7 बजे शांति कुंज हरिद्वार से आए संतों द्वारा संगीतमय प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर रामतेज मिश्र, हृदय नारायन मिश्र, अमिताभ मिश्र, चंद्रेश प्रताप सिंह, धूम सिंह, पीएन शुक्ला, ज्ञान प्रकाश सिंह, चंद्रप्रकाश मिश्र, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद शुक्ला, सुरेश सिंह, योगाचार्य आदर्श मिश्र, अभिषेक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पांच वारंटी भेजे गए जेल

**खैरीघाट, बहराइच।** पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने अजीज पुत्र अनवर निवासी गड़रियापुरवा बहोरिकापुर, अनवर पुत्र शकुर, मोहन मौर्या पुत्र जानकी मौर्या निवासी अलीनगर, देवकी नन्दन पुत्र रामगोपाल और राधेश्याम पुत्र बदलू निवासी मुडखलिया बकैना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मारपीट में दो गिरफ्तार

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर निवासी हल्लाउत उर्फ किर्तनलाल पुत्र मनऊ उर्फ शिवशंकर और छोटकऊ पुत्र मनाऊ उर्फ शिवशंकर निवासीगण ग्राम डुडवा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों के विरुद्ध मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज है। दोनों को जेल भेज दिया है।

# देखरेख के अभाव में पीएचसी बना कूड़ा घर

**अंकेक्षक सिंह,बिछिया, बहराइच**

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बड़खड़िया में लाखों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झाड़ झंखाड़ में तब्दील हो गया है। गांव के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र को कूड़ा घर बना दिया है। इस स्वास्थ्य केंद्र में कोई स्वास्थ्य कर्मी भी नहीं आता है। जिसके चलते क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है।

विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़खड़िया में दो दशक पूर्व लाखों की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हुआ था। जिस पर लोगों को बेहतर इलाज की उम्मीद जागी थी, लेकिन लाखों की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई कर्मचारी ही नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं मोतीपुर सीएचसी के अधीक्षक या मुख्य चिकित्साधिकारी की ओर से इस स्वास्थ्य केंद्र की देखरेख भी नहीं की जा रही है। जिसके चलते गांव के लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को ही कूड़ा घर बना लिया। इतना ही नहीं चारों तरफ का गंदा पानी इस अस्पताल परिसर में एकत्र हो रहा है। देखरेख के अभाव में अस्पताल का भवन तो जर्जर हो ही गया है। साथ ही सरकार का लाखों रूपये भी बर्बाद हो गया है। अस्पताल के जर्जर होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए अधिक दूरी तय कर सीएचसी मोतीपुर या पीएचसी सुजौली का रुख करना पड़ता है। गांव के लोगों ने बताया कि कई बार पत्र लिखकर पीएचसी के निर्माण और रख रखवा बेहतर करने की मांग की गई। लेकिन किसी अधिकारी ने कोई ध्यान नहीं दिया।



कूड़ा घर बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। अमृत विचार

### 14 वर्ष से नहीं आए स्वास्थ्य कर्मी

पीएचसी में डॉक्टर के साथ स्टॉफ नर्स और वार्ड बॉय की तैनाती होती है। जंगल से सटे इलाके में इसकी और आवश्यकता होने के बाद भी 14 वर्ष से कोई डॉक्टर नहीं आया है और न ही किसी अन्य स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती की गई है।

### मामले की कराएंगे जांच

बड़खड़िया गांव में स्वास्थ्य केंद्र निष्प्रयोज्य होने की अब जानकारी हुई है। इसकी जानकारी अधीक्षक से ले रहे हैं। इसके बाद कुछ कहा जा सकता है। हो सकता है कि आसपास पीएचसी बन गया हो, जिसके चलते दिक्कत आई है।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**बहराइच।** विकास भवन सभागार में सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी परिसर में आयोजित छात्र वृत्ति वितरण कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन का सजीव प्रसारण किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जनपद में संचालित 10 संस्कृत माध्यमिक/महाविद्यालयों में अध्ययनरत 552 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की प्रथम किश्त की धनराशि 348450 रुपये 28 अक्टूबर को सम्बन्धित छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में भेज दी जायेगी। इस दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक बलहा प्रतिनिधि आलोक जिंदल, सीडीओ मुकेश चन्द्र व वैद्य भगवानदीन मिश्र रहे।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत

**संवाददाता, बहराइच/नवाबगंज**

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम मुद्दाचक धोबिया गांव निवासी धोडे प्रसाद पुत्र कृपाराम रेहुआ मंसूर गांव में मजदूरी के लिए गए थे। देर शाम लौटते समय गोविंदापुर चौराहे के पास बाइक की टक्कर से घायल हो गए। जिला अस्पताल इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र के तिकोनी बाग के निकट पैदल आ रही असवारी बेगम पत्नी मोबीन अहमद निवासी बेडनापुर उत्तम नगर को बंजारी मोड़ के पास बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवाबगंज थाना क्षेत्र में नानपारा की ओर से कुर्बान अली पुत्र अकील अहमद निवासी हथमरवा थाना रुपईडीहा जनपद व वकील पुत्र मजीद खान निवासी तुरावगांव थाना नवाबगंज तेज रफ्तार में आ रहे थे। थाना नवाबगंज क्षेत्र के मंगली नाथ मंदिर के निकट ग्राम रिख्की गांव के पास दोनों में भीषण टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा थाना नवाबगंज को दी गई। स्वास्थ्य विभाग के एंबुलेंस माध्यम से दवाई इलाज के लिए नानपारा सीएससी भेजा गया है।

# 2644 करोड़ के एमओयू ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु समिति की हुई बैठक

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक हुई। जिसमें अब तक हुए ओएमयू क्रियान्वयन के बारे में समीक्षा की गई।

एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 210 एमओयू हस्ताक्षरित हुए हैं। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर 2690.20 करोड़ लागत के 149 एमओयू अपलोड किये गये थे।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड के सापेक्ष अब तक रूपये 2644 करोड़ के ओएमयू ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार हो गये हैं जो कि लक्ष्य का 108 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 92 इकाईयां क्रियाशील हो गये हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने निर्देश दिया कि सम्बन्धित विभाग से समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 24 अक्टूबर तक 2180 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 1919 आवेदन स्वीकृत, 151 आवेदन पत्र निरस्त एवं 25 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 79 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत है तथा 06 आवेदन पत्र समयोपरान्त लम्बित हैं। सीडीओ ने निर्देश दिया कि प्रकरणों को लम्बित न रखें जहां जमीन उपलब्ध है वहां प्रोजेक्ट स्थापित कराया जाय। श्री चन्द्र ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। एन.एच.-927 के चौड़ीकरण के कारण ज़मीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक के सम्बन्ध में नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि उच्च स्तर पर निर्णय लिया गया संभवता कुछ समय में 100 मीटर छोड़कर रजिस्ट्री के अनुमति मिल जाएगी। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, प्रिंसिपल आईटीआई स्मृति शर्मा, सीवीओ डॉ राजेश उपाध्याय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, कूलभूषण अरोड़ा, बृजमोहन मातनहेलिया, अशोक मातनहेलिया, दीपक सोनी उर्फ दाऊ जी सहित अन्य उद्यमी, व्यापारी व निर्यातक मौजूद रहे।



विकास भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते सीडीओ। अमृत विचार

### अप्रेंटिस के माध्यम से रोजगार के बताए टिप्स

बैठक के दौरान राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) भारत सरकार, कानपुर के निदेशक एसके मेहता व सहायक निदेशक विवेक कुमार ने डिप्लोमा और स्नातक उर्त्तीण छात्र-छात्राओं को अप्रेन्टिस के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) के बारे में पॉवर प्वाईन्ट प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।

## ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एण्ड चाइल्ड व टकेड़ा फार्मा के साझा प्रयास से सशक्त गांव विकसित राष्ट्र परियोजना अंतर्गत ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के सदस्यों का संवेदीकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पहले चरण में विकास खण्ड नवाबगंज व मिहीपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया। कार्यक्रम प्रबंधक आदर्श मिश्रा ने बताया परियोजना जनपद के विकास खंड नवाबगंज, मिहीपुरवा, बलहा, शिवपुर, रिसिया के 50 ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को सशक्त बनाने के उद्देश्य साथ संचालित है। जिसके सफल संचालन के परिणामस्वरुप निश्चित तौर पर जनपद के गांवों के सर्वांगीण विकास में हम सब अपनी महती भूमिका अदा कर सकते है। नवाबगंज चरदा में प्रशिक्षण के दौरान मुख्यचिकित्सा अधिकारी संजय कुमार ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता का जायजा लिया व जनपद के गांवों को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के माध्यम से सशक्त बनाने हेतु अपनी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक आर एन वर्मा,रोहित गौतम,बीसीएम अजय यादव,राम अचल,जुगुल किशोर चौबे,अर्पित कुमार,विनय पाल,विनय कुमार,देवेंद्र तिवारी,अर्चना पाठक,पायल श्रीवास्तव,विवेक श्रीवास्तव,राहुल वाजपेयी,चन्द्रमणि दीक्षित,गेंदी देवी,ब्रम्हावती,उमा चौधरी,मंजू देवी आदि ने प्रतिभाग किया।

# सर्वेयर के पास तीन से अधिक न हों गांवः डीएम

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 धनराशि अवमुक्त किये गये 5702 लाभार्थियों के आवास शीघ्रातिशीघ्र तैयार कराये जाने का प्रयास करें।

डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्लाक अन्तर्गत ग्रामों में आवासीय योजना अन्तर्गत कराये गये कार्यो की वीडियोग्राफी कराकर उनमें से उत्कृष्ट 05 को चयनित कर उनका डाक्यूमेन्टेशन कर लिया जाय। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत किया कि यदि ऐसा प्रकरण संज्ञान में आता है कि चयनित पात्र लाभार्थियों से ईतर किसी व्यक्ति के खाते में धनराशि का प्रेषण हुआ है, तो ऐसे मामलों में शासकीय कार्यवाही के सम्बन्धित के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाय। अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण हेतु लाभार्थी चयन की समीक्षा करते हुए डीएम ने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि 15 दिवस के अन्दर लाभार्थी चयन की कार्यवाही को पूर्ण किया जाय।ग्राम पंचायत सचिवों को अपने क्लस्टर की ग्राम पंचयतों का दायित्व दिया जा सकता है, जिन ग्राम पंचायत सचिव के पास एक से ज्यादा कलस्टर हैं, वहां विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत अन्य सरकारी कर्मचारी को सर्वेक्षण कार्य के लिए दावित्व सौंपे जाने पर विचार किया जा सकता है। डीएम ने बताया कि शासकीय कर्मचारियों की तैनाती के दृष्टिगत आवास साफ्ट पर ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी बोरिंग टेक्नेशियन, सहायक बोरिंग टेक्नेशियन, प्राविधिक सहायक कृषि, सहायक विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता लघु सिंचाई, अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा तथा लेखपाल का पद नाम राज्य स्तर से भारत सरकार को प्रेषित करते हुए सर्वेक्षणकर्ता के रूप में इनकी तैनाती के लिए विकल्प प्राप्त किया गया है। डीएम ने बताया कि यदि एक सर्वेयर को एक से अधिक ग्राम पंचायत में तैनात किया जाना है तो उसका एप्रूवल आवास साफ्ट पर किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी सर्वेयर के पास 03 से अधिक ग्राम पंचायत न रहें। डीएम ने निर्देश दिया कि सर्वेयर के रूप में तैनात किये गये कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें उनके उत्तरदात्विों के बारे जानकारी दे दी जाय। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, परियोजना निदेशक अरूण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, वित्त नियंत्रक डीआरडीए नरोत्तम शरण, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत शैलेन्द्र कुमार, जिला सांख्यिकी अधिकारी अर्चना सिंह, सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# विधायक ने छात्रों को वितरित किए टेबलेट

**नानपारा, बहराइच**

**अमृत विचार।** नानपारा शिवपुर मार्ग पर बंजारन टांडा स्थित अमीर हसन कॉलेज ऑफ फार्मेसी में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि कृपा राम वर्मा मौजूद रहे।

कॉलेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अतीक अहमद ने उपस्थित छात्र व छात्राओं को दिए जाने वाली डिवाइस की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी व इसके सकारात्मक प्रयोग के बारे में भी प्रोत्साहित किया। विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने भी बच्चों को संबोधित किया। बच्चे डिवाइस मिलने पर काफी प्रसन्न दिखे। इसके साथ ही छात्रों ने विधायक नानपारा को एक ज्ञापन देते हुए कॉलेज के रस्ते के निर्माण के लिए आवाज उठाई। जिस पर विधायक ने जल्द ही कार्य करवाने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर समिति के प्रबंधक फुरकान फारूकी,कोषाध्यक्ष नोमान फारूकी, संरक्षक गुफरान फारूकी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### एकजुट होकर संगठन के लिए कार्य करें कार्यकर्ताः विभाग उपाध्यक्ष



हरखापुर में बैठक करते पदाधिकारी।

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार।** तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरखापुर में दुर्गा माता मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की एक बैठक का आयोजन रविवार को हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह रहे। बैठक में उपस्थित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संदीप सिंह ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन के लिए कार्य करें। बैठक में खंड टीम का भी गठन किया गया जिसमें प्रखंड उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद वर्मा ,प्रखंड सह संयोजक महेश मिश्रा ,खंड अध्यक्ष हृदेश मौर्य,खंड सयोजक लवकुश रस्तोगी,खंड मंत्री मनीष पोरवाल, खंड उपाध्यक्ष राम आशीष सहित काफी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के समापन पर कार्यकर्ताओं को संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने संगठन के बताएं रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

### खेल जीवन का अभिन्न अंगः बीडीओ

**फखरपुर,बहराइच, अमृत विचार।** विकास खण्ड फखरपुर में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन बीईओ राकेश कुमार के निर्देश के क्रम में महर्षि बालार्क महाविद्यालय अरई कला में किया गया। ब्लॉक पीटीआई संतोष सिंह ने बताया कि शनिवार को सभी न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ अजय कुमार सिंह व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणवीर सिंह मुन्ना भैया मौजूद रहे। प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर बालक बालिका तथा जूनियर स्तर पर 100, 200 व 400 मीटर बालक बालिका वर्ग की दौड़ हुई। इसके साथ ही कबड्डी, खो खो, समूह गीत आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। सभी विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुखदराज सिंह, सतपाल यादव, घनश्याम मिश्रा, विश्वनाथ, सुभाष वर्मा शूरेश पाल बिलाल अंसारी बाबू लाल राजेश वर्मा सन्तोष सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### स्टॉक उपस्थिति में मिलीं खामियां तो सीज हुआ गोदाम

**कैसरगंज,बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज में संचालित खाद की दुकान और गोदाम का रविवार को एसडीएम ने निरीक्षण किया। एक संचालक द्वारा खाद की उपलब्धता और अन्य मामले की जानकारी नहीं दी गई। इसके अलावा अन्य खामियां मिलने पर खाद गोदाम को एसडीएम ने सीज कर दिया है। जिलाधिकारी ने सहकारिता एवं निजी उर्वरक दुकानों की सप्ताह मे दो बार स्टॉक के जांच निर्देश दिए थे। इसी क्रम में रविवार को एसडीएम ने कैसरगंज के हुजूरपुर रोड स्थित अमर बीज भंडार का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विक्रय रजिस्टर में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जिनमें कृषकों के दूरभाष नंबर और खतौनी का क्षेत्रफल दर्ज न होना शामिल है। साथ ही कृषकों की खतौनी की प्रतियाँ भी उपलब्ध नहीं थीं। इसके अतिरिक्त, उर्वरकों की स्टॉक स्थिति में गंभीर विसंगतियाँ पाई। इस पर कडी कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने तत्काल प्रभाव से अमर बीज भण्डार के गोदाम को सील करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी कि कार्रवाई से खाद्यों की भंडार के विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है वही किसानों ने उप जिलाधिकारी के द्वारा उठाए गए इस कदम की सराहना की है।

### त्योहार में बाधा पड़ी तो होगी कार्रवाई

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से नानपारा कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने की। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों, धार्मिक नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में एसपी ग्रामीण ने नागरिकों को दीपावली के दौरान शांति बनाए रखने की बात करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उपजिलाधिकारी अश्विनी पाण्डेय ने भी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे दीपावली को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं, ताकि नगर में शांति बनी रहे। उन्होंने लोगों से आतिशबाज़ी के दौरान सावधानी बरतने और स्थानीय प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया। बैठक में मौजूद सभी लोगों ने शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अब्दुल वहीद, पंकज कुमार जायसवाल ,बबलू सिंह,छत्रपाल,राहुल कश्यप,दिलीप आदि लोग उपस्थित रहे।

### नेपाल से चाइनीज आम लेकर आ रही डीसीएम पकड़ी

**नानपारा, बहराइच।** कोतवाली नानपारा क्षेत्र के बाईपास मार्ग पर रविवार को कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह आम से भरी एक डीसीएम पकड़ी है। जांच के दौरान आम चाइनीज किस्म का निकला। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि चालक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कांगड़न हाता निवासी सिराज अहमद के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद 4160 किलो आम और डीसीएम वाहन को सीज कर दिया गया है। आम नेपाल बॉर्डर से नानपारा तक कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। बताते चलें कि डीसीएम में 260 पेटी आम लदा था। सीमा पर एसएसबी, पुलिस और कस्टम के जवान तैनात रहते हैं। इसके बावजूद आम नानपारा तक कैसे पहुंच गया। इसे लेकर जांच और सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

# सरकार ने उम्मीद से कम की मददः संतोष



रेहुआ मंसूर गांव में राम गोपाल के पिता को चेक देते ब्राह्मण परिवार भारत के सदस्य।

**संवाददाता, भगवानपुर, बहराइच**

**अमृत विचार।** रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के परिवार को रविवार को ब्राह्मण परिवार भारत ने 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। इस दौरान पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार पर मृतक के परिवार को कम मुआवजा देने की बात भी कही।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर को हुए बवाल में मारे गए रामगोपाल मिश्रा के पिता को ब्राह्मण परिवार भारत द्वारा 51 हजार रुपये की आर्थिक मदद की गई। रविवार को संगठन के सदस्य संतोष त्रिवेदी ने रंहुवा मंसूर गांव में मृतक के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि कि हिंसा में मारे गए राम गोपाल के परिजनों को सरकार से जो मदद की गई है वह उम्मीद से बहुत कम है। ऐसा लगता है कि ब्राह्मण परिवार के साथ मजाक किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि राम गोपाल के परिजन को कम से कम एक करोड़ रुपये की सहायता की जाए एवं मृतक की पत्नी व दूसरे बेटे को भी नौकरी दी जाए जिससे परिवार का भरण पोषण होता रहे। इस मौके पर मुकेश शुक्ला, रामजी दीक्षित, दुर्गेश चौरसिया, प्रीतम मिश्रा, संजय त्रिवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

### चार और गिरफ्तार कर जेल भेजे गए

**महसी, बहराइच।** हरदी थाने की पुलिस ने हत्या, आगजनी और वाहनों में तोड़फोड़ में शामिल चार और लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इनमें दोनों पक्षों के दो-दो लोग शामिल हैं। पुलिस ने हिंसा को लेकर अब तक 14 मामले दर्ज किए हैं। प्रभारी निरीक्षक हरदी थाना कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि हिंसा के प्राप्त सीसीटीवी फुटेज, वीडियो और फोटो के द्वारा अपराधियों की पहचान कर गिरफ़्तारी की जा रही है। इसी क्रम में वाहनों की तोड़फोड़ में शामिल दो लोगों की पहचान की गई। बताया कि राम गांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी मारूफ पुत्र मेंहदी हसन और ननकउ पुत्र नानमून को देवरायपुर मार्ग से गिरफ्तार किया गया, ये दोनो रामगोपाल की हत्या में वांछित थे। जबकि आगजनी में शामिल सुशील कुमार द्विवेदी पुत्र कृष्ण कुमार और मन्नू पुत्र हरिद्वारी प्रसाद को किसानगंज चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## एएसपी ने उपनिरीक्षकों को लगाई फटकार

**फखरपुर, बहराइच।** एएसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने फखरपुर थाने मे थानाध्यक्ष व विवेचकों के साथ बैठक की। एएसपी नगर ने सभी विवेचकों से चलान संबधी मामले मे पूछताछ की। चालान मे फिसड्डी उपनिरीक्षकों को फटकार लगाई। कई उपनिरीक्षकों ने चालान एप डाउनलोड नहीं था जिन्हे डाउनलोड करने के लिए निर्देशित किया। सबसे अधिक 14 चालान करने पर सुधीर सिंह की सराहना की। एएसपी ने कहा की अबैध पटाखे बेचने वालों पर ई चालान में तेजी लाएं। इस मौके पर थानाध्यक्ष अभिनव कुमार सिंह उप निरीक्षक शैलेंद्र यादव ओम शंकर गुप्ता जय हिंद विश्वकर्मा मानिक राम यादव सुदामा यादव वीरेंद्र मिश्रा सुमित और उपनिरीक्षक मौजूद रहे।

## सेहत बिगाड़ सकती है मिलावटी मिठाई

**जरवल, बहराइच।** त्योहारी सीजन कम लागत में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में क्षेत्र के मिलावटखोर मिठाइयों में नकली खोवा और घी का प्रयोग कर रहे हैं। कैसरगंज तहसील क्षेत्र के फखरपुर, कैसरगंज, जवलरोड, जरवल, गण्डारा, गजाधरपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में इस तरह की घातक मिठाईयां बनाई जा रही हैं। मुनाफाखोर मोटा मुनाफा कमाने की एवज में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं। त्योहारी सीजन में नकली पनीर, घी व खोया की बिक्री और सप्लाई करने का धन्धा बड़े पैमाने पर चल रहा हैं। ये बहुत ही कम दामों पर स्थानीय दुकानदारों को उपलब्ध हो रहा है। आरोप है कि विभाग जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## जमकर चल रहा जुआ का खेल

**बहराइच।** खैरीघाट थाना क्षेत्र की चौकी वैवाही आजकल सुर्खियों में है। शनिवार की दोपहर एक जुआ खेलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो चौकी बैवाही क्षेत्र का बताया जा रहा है।

बीते दिनों में ग्रामीण ने जुआ खेलने की लिखित शिकायत भी कर चुके हैं। थाना प्रभारी ने इस मामले में चौकी की पुलिस को कड़ी फाड़कर लगाई थी। बावजूद चौकी बैवाही क्षेत्र में। जुआरियों का जुआ खेलते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूछे जाने पर खैरीघाट थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया है कि जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।

बदले हालात

माटी कला से जुड़े घाघरा की कटान से पीड़ित कुम्हारों की चाक पर बढ़ी रफ्तार

# तंगी में भी माटी सने हाथों से निभा रहे हैं पुरानी परंपरा

**मनोज कुमार अवस्थी, भगवानपुर (बहराइच)**

**अमृत विचार।** धनतेरस व दीपावली की तैयारी में कुम्हार अपने चाक की रफ्तार बढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में दीपावली में मिट्टी सानकर दिए बनाने की कारीगरी की कला कई पीढ़ियों से चली आ रही है, वही घाघरा कटान पीड़ित कुम्हार अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए चाक का दामन थामे हुए हैं, लेकिन मिट्टी के बर्तनों की डिमांड कम होने की वजह से अधिक तंगी की ओर बढ़ रहे हैं।

दीपावली पर्व में कुछ दिन शेष बचे हैं। प्लास्टिक व फाइबर के अत्याधुनिक उत्पादों के कारण डिमांड पहले से कम होती जा रही है। जिससे गरीब तबके के कुम्हार पर संकट मनाते हुए दिखाई पड़ रहा है, बात करें देहात एरिया की तो गांव के कुम्हार का कुछ ऐसा हाल है कि जब उनके बर्तन तैयार होते हैं तो गांव क्षेत्र के तमाम काका, भैया, दादा, बाबा कहकर मेहनत को न देखकर पैसा छुड़ाने पर तुल जाते हैं। ग्राम पंचायत टिकरी के रामसेवक व तीरथ राम ने बताया कि मैं बाबा की पीढ़ी से जानता हूं कि मेरे यहां मिट्टी के बर्तन बनाए जाते थे। हमारा घर कई बार घाघरा नदी में कट चुका है, कृषि योग्य जमीन भी नदी में समाहित हो गई है। अब अपना परिवार पालने के लिए अपने निजी चाक से मिट्टी के बर्तन बनाकर किसी तरह जीवन यापन करते हैं। छलके आंसुओं से बयां किया कि अब आगे हम लोगों का धंधा चौपट होते नजर आ रहा है, कुछ वर्ष पहले मिट्टी के बर्तन की इतनी डिमांड थी कि त्योहारों से एक सप्ताह पहले से दिन-रात मेहनत करके लोगों की डिमांड पूरी करता था लेकिन अब नए दौर में जो तमाम अत्याधुनिक प्लास्टिक व फाइबर के तरह-तरह के रंग-बिरंगे बर्तन, दिए, झालर चले हैं। इससे हम लोगों का धंधा चौपट हो रहा है।



जिले के हरदी क्षेत्र में दीया बनाते कुम्हार। अमृत विचार

### योजना का नहीं मिला लाभ

सरकार ने कुम्हारों के रोजगार सृजन के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर उनको सीधे लाभ देने का काम कर रही है जैसे चाक पर लोन सब्सिडी, माटी कला योजना के तहत इलेक्ट्रिक चाक मुहैया कराना, लेकिन रामसेवक व तीरथ राम ने बताया कि हमारे यहां पुश्तैनी से माटी के बर्तन बनाए जा रहे हैं और मुझे इससे संबंधित कोई भी लाभ सरकार से नहीं मिला है।

# ग्रामीण क्षेत्रों की सीएचसी पर मिलेगा हार्ट अटैक का इलाज

## उपलब्ध होगी ईसीजी मशीन, टेलीमेडिसिन से मिलेगी तुरंत रिपोर्ट

पद्माकर पाण्डेय , लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में हार्ट अटैक (दिल का दौरा) आ जाने की स्थिति में अब मरीज को लेकर शहर के बड़े अस्पताल की ओर भागना नहीं पड़ेगा। जल्दी ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) की इमरजेंसी में भी अब हृदय रोगियों का इलाज टेलीमेडिसिन के जरिए हो सकेगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार स्टेमी पोर्टल (एसटी-एलिवेशन मायोकार्डियल इंफार्क्शन) से सभी सीएचसी को जोड़ा जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र स्थित सीएचसी से हृदय रोग विशेषज्ञों के अभाव में हृदयघात के मरीजों को निराश नहीं लौटना पड़ेगा। तत्काल जांच के साथ ही उन्हें इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर द्वारा समुचित इलाज मुहैया कराया जाएगा। मरीज की तत्काल ईसीजी जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट को स्टेमी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। रिपोर्ट को पोर्टल संचालक के मुख्यालय पर हृदय रोग विशेषज्ञ देखेंगे और छाती के दर्द का कारण स्पष्ट करेंगे। हार्ट अटैक या सामान्य दर्द है तो पोर्टल पर ही विशेषज्ञ द्वारा इलाज तय कर दिया जाएगा। हार्ट अटैक है तो जरूरी इंजेक्शन समेत खून को पतला करने वाली दवाएं देने की सलाह दी जाएगी। प्राथमिक इलाज देने के बाद जिले में ही मेडिकल कालेज या अन्य उच्च सरकारी चिकित्सा संस्थान में मरीज को आगे के इलाज (एंजियोप्लास्टी) के लिए रेफर किया जाएगा।

### समिति गठित

हृदय रोगियों को इलाज मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है।

> प्रथम चरण में प्रदेश के चार जिलों लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और आगरा में इलाज की सुविधा शुरू होगी। इसके लिए राज्य स्तरीय कमेटी बनी है, पोर्टल संचालन की जिम्मेदारी को लेकर अभी निर्णय नहीं हुआ है। सीएचसी पर टेक्नीशियन्स को ईसीजी करने और पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
>
> – डॉ .सुषमा सिंह, महानिदेशक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य विभाग

### 1090 हेल्पलाइन का दौरा करेगा महिला आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान सोमवार 28 अक्टूबर को अपने गोमतीनगर कार्यालय सभागार में विभागीय कामकाज की समीक्षा करेंगी। इस दौरान वह आयोग की पदाधिकारियों के साथ महिलाओं के उत्थान, उन्नति व उनके उत्पीड़न संबंधी समस्याओं पर महिला आयोग की पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। इसके बाद आयोग की अध्यक्ष, उपाध्यक्षों और अन्य सदस्यों के साथ लोहिया पथ स्थित 1090 महिला हेल्पलाइन का दौरा कर वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी लेंगी।

### 'पर ब्लॉक वन क्रॉप' शुरू करने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की कोशिश यहां के किसानों से विदेशी बाजार की मांग के अनुसार फसल उगवाने की है। इस कवायद में पर ब्लॉक वन क्रॉप योजना शुरू होगी। इसके तहत हर ब्लॉक में एक विशेष फसल का चयन किया जाएगा, जो उस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार सबसे उपयुक्त होगी। उद्यान और कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक और नवाचार से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में 'पर ब्लॉक वन क्रॉप' योजना शुरू की जा रही है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनकी उपज की गुणवत्ता में सुधार करना है। उद्यान मंत्री ने रविवार को बताया कि योजना के अंतर्गत किसानों को एक ही प्रकार की फसल उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि उत्पादन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि उच्च मूल्य वाली, जीआई टैग वाली किस्में, प्रसंस्करण मांग वाली और विदेशी बाजार की मांग के अनुरूप औद्यानिक फसलें उगाने से किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# खुलेंगे अस्थाई हाईटेक अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जिसमें रायबरेली एम्स के चिकित्सकों की टीम भी लोगों की देखभाल के लिए मौजूद रहेगी। बकायदा एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट की भी सुविधा रहेगी। महाकुंभ के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी तक की क्षमता की तैयारी पूरी कर ली है।

प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम कर रही है। सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को 15 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए पहले ही 77.5 करोड़ रुपये से ज्यादा के 43 प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज, वीके मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने की तैयारियों में जुटा है। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य के लिहाज से कोई समस्या न आने पाए, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम दिन-रात काम में लगी है। इसके तहत 100 बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में तैयार किया जा रहा है। वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की जांच की सुविधा मौजूद रहे, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके अलावा 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का लक्ष्य भी रखा गया है।

# 25 हजार श्रद्धालुओं को आश्रय देगा रेलवे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज जंक्शन, नैनी छिवकी व सूबेदारगंज में बनाए जा रहे 10 आश्रय स्थल
- भीड़ प्रबंधन के लिए की जा रही आश्रय स्थलों की कलर कोडिंग

**अमृत विचार :** सनातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। मेला प्राधिकरण 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान व्यक्त कर रहा है। ऐसे में रेलवे प्रशासन भी 25 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए आस-पास के स्टेशनों पर आश्रय स्थल तैयार करने में जुटा है।

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज सिटी में 9 रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं के आवागमन की तैयारियां चल रही हैं। भीड़ प्रबंधन को लेकर महाकुंभ रेलवे नोडल डिविजन प्रयागराज मंडल ने रोडमैप तैयार कर लिया है। पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान प्रति घंटे 50 हजार यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशनों की ओर रवाना करने की योजना बनायी गई है। इसके साथ ही लगभग 25000 श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए 10 आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जा रहा है। जिनमें से 4 आश्रय स्थल प्रयागराज जंक्शन पर, 3 नैनी जंक्शन, 2 छिवकी स्टेशन और 1 सूबेदारगंज स्टेशन पर बनाए जा रहे हैं। 2019 के कुंभ में आश्रय स्थल अस्थाई टिकट घर व शौचालय की सुविधाओं के साथ बनाये गये थे। महाकुंभ 2025 में इनका पुनर्निर्माण कर संचालित करने का कार्य चल रहा है। छिवकी स्टेशन पर 1 नया आश्रय स्थल भी बनाया जा रहा है। भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक यात्रियों को अलग-अलग रंग के आश्रय स्थलों में ठहराया जाएगा।

# 4973 रसोइयों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचारः सरकारी स्कूल में कार्यरत रसोइयों को अब पैसे के अभाव में इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जिले के सरकारी व अनुदानित स्कूल व मदरसों में तैनात 4973 रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा।

आयुष्मान कार्ड बनने पर रसोइया सरकारी व निजी अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार करा सकेंगी। बलरामपुर जनपद में 1164 प्राथमिक, 387 कंपोजिट, 263 उच्च प्राथमिक, 12 अनुदानित उच्च प्राथमिक, राजकीय विद्याल, 19 माध्यमिक अनुदानित विद्यालय, 25 अनुदानित मदरसा व 11 केजीबीवी सहित कुल 1885 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बनता है। इन विद्यालयों में तीन लाख विद्यार्थियों को पका-पकाया भोजन परोसा जाता है। रसोइया संघ की मांग पर कैशलेस चिकित्सा के तहत सरकार ने उन्हें आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित करने का निर्णय लिया है। रसोइयों का आयुष्मान योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाकर कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। आयुष्मान कार्ड बनवाकर रसोइया सरकारी व निजी चिकित्सालयों में पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज करा सकेंगी। बीएसए शुभम शुक्ल ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने की कवायद शुरू हो गई है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से उनके क्षेत्र के विद्यालयों से रसोइयों की सूची मांगी गई है। सूची मिलने पर सभी रसोइयों को आयुष्मान भारत योजना से लाभान्वित कराया जाएगा।

### मेरठ में खुलेगा विद्या विश्वविद्यालय : उच्च शिक्षा मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि राज्य में निजी विश्वविद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का विस्तार हो रहा है, जो युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। उच्च शिक्षा मंत्री रविवार को मेरठ में नए विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्राधिकरण पत्र प्रदान करने के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल की मौजूदगी में योगेंद्र उपाध्याय ने विद्या विश्वविद्यालय, मेरठ को संचालन की अनुमति देते हुए विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन हेतु नियमों और शर्तों के अनुपालन पर बल दिया।

# डीएम-एसपी ने किया पचपेड़वा नगर पंचायत का निरीक्षण

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर



पचपेड़वा नगर पंचायत का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा नगर पंचायत पचपेड़वा में जूड़ीकुइया में पुलिस चौकी, दिव्यांगजन आवासीय विद्यालय, बेसिक शिक्षा विभाग के कंपोजिट विद्यालय, सीडीपीओ कार्यालय, निराश्रित गोवंश स्थल आदि के निर्माण लिए चिन्हित भूमि का स्थलीय परीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने के नक्शा एवं अभिलेखों का अवलोकन किया एवं पहुंच मार्ग आदि का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बजट आदि के लिए शासन में प्रस्ताव भेजे जाने सहित अन्य आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम तुलसीपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बोलेरो - बाइक की टक्कर में चाचा की मौत, भतीजा घायल

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** शिवपुरा ललिया मार्ग पर गनेशपुर मोड पर सुबह करीब 10:30 बजे बोलेरो शिवपुरा से ललिया की ओर जा रही थी कि दो बाइक सवार प्लेटिना मोटर साइकिल से गनेशपुर की तरफ से शिवपुरा किसी कार्य से जा रहे थे कि अचानक गनेशपुर मोड़ पर आमने सामने से टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और वह धू-धू कर जल गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड पडे देखते ही बोलेरो चालक गाडी लेकर फरार हो गया। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी ललिया पुलिस को मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र शिवपुरा में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक घायल विनोद(35) पुत्र परशुराम नाई निवासी ग्राम सतरहिया थाना ललिया की मृत्यु हो गई। मृतक घायल लालाराम का चाचा था। घायल भतीजे लालाराम(25)पुत्र आदेश निवासी सतरहिया थाना ललिया जनपद बलरामपुर को इलाज के लिए जिला अस्पताल बलरामपुर रेफर किया गया है।

घायल लालाराम के पास से मिले मोबाइल नंबर से परिजनों को पुलिस द्वारा सूचित किया गया, परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। मृतक विनोद के शव की पंचायतनामा की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है। बोलेरो चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया था जिसका गाड़ी नंबर पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। थानाध्यक्ष ललिया बी एन सिंह ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 13 दिनों तक बस चलाने वाले चालक-परिचालक होंगे पुरस्कृत

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचारः** दीपावली व छठ पूजा में यात्रियों को आवागमन करने में असुविधा न हो, इसके लिए चालक-परिचालकों की अवकाश निरस्त कर दिया गया है। ताकि इनके अवकाश के कारण परिवहन निगम की बसों का संचालन प्रभावित न हो। 29 अक्तूबर से 10 नवंबर तक बिना अवकाश लिए बस का संचालन करने वाले चालक व परिचालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। बलरामपुर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक गोपीनाथ दीक्षित ने बताया कि त्योहार पर यात्रियों की सुविधा के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। यात्रियों की उपलब्धता पर लखनऊ, कानपुर व बढ़नी मार्ग पर अतिरिक्त बसों का संचालन भी किया जाएगा। इसके अलावा दीपावली व छठ पूजा पर्व के दौरान डिपो की सभी बसों का संचालन हो सके, इसके लिए चालक व परिचालकों का अवकाश निरस्त कर दिया गया है। त्योहार में बिना छुट्टी लिए काम करने वाले कर्मियों को नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया जाएगा। दीपावली और छठ पूजा पर 29 अक्तूबर से 10 नवंबर तक रोडवेज चालकों और परिचालकों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। 13 दिन में 3900 किलोमीटर चलाने पर 5200 और 12 दिन में 3600 किलोमीटर चलाने पर 4200 रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। इसके अलावा कार्यशाला और तकनीकी कर्मियों को 13 दिन काम करने पर 2100 और 12 दिन काम करने पर 1800 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

# संस्कृत विद्यालयों के 283 विद्यार्थियों को मिलेगा छात्रवृत्ति

संवाददाता, बलरामपुर



कार्यक्रम में मौजूद संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक व विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन डायट सभागार में सभी संस्कृत विद्यालयों के प्राचार्यो एवं बच्चों की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मां सरस्वती के माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं प्रधानाचार्यों ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद एवं संबोधन सुना। इस अवसर पर विधायक बलरामपुर ने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय परंपरा , संस्कार एवं शिष्टाचार का प्रतीक एवं प्रतिरूप है। भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति को समृद्ध बनाए रखने में इस भाषा का योगदान अतुलनीय है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ से संस्कृत भाषा के प्रति छात्रों का रुझान बढ़ेगा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा एवं संस्कृति और समृद्ध होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद ने बताया कि जनपद में चार संस्कृत विद्यालयों के 283 छात्र-छात्राएं संस्कृत छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित होंगे। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को उनके शिक्षा जगत में सराहनीय कार्यो के लिए विधायक बलरामपुर सदर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री चंदन कुमार पांडे द्वारा किया गया।

## सार-संक्षेप

### स्वास्थ्य मेले से गायब मिले डॉक्टर समेत तीन का रुका वेतन



मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार।** रविवार को जनपद बलरामपुर के चौबीस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई और पिपरा में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण में डॉ मोहित श्रीवास्तव , डॉ योगेंद्र मौर्या समेत कुल तीन स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए सभी कर्मियों का वेतन रोकने के लिए आदेश जारी किया गया है। जनपद में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कुल 2168 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में इलाज हेतु आए मरीजों एवम् उनके परिजनों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी लोग संचारी रोगों के प्रति जागरूकता अपनाएं तथा अपने आसपास सफाई रखें कहीं भी जलभराव न होने दें। मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मानापार सिसई और पिपरा के मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

### त्योहार पर चाक -चौबंद रहेगी नगर पालिका की व्यवस्था



त्योहारों पर नगर पालिका की तैयारी बैठक करते अध्यक्ष। अमृत विचार

**बलरामपुर अमृत विचार ।** आदर्शनगर पालिका परिषद के सभागार में आगामी पर्वो को दृष्टिगत अध्यक्ष डॉ .धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के द्वारा तैयारी बैठक कर सभासदों कर्मचारियों के विचार विमर्श कर के व्यापक स्तर पर प्रकाश, सफाई, चूना आदि को गम्भीरता के साथ कराये जाने के निर्देश दिया गया। सभी त्योहारों पर नगर पालिका की तरफ से बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह मंटू, राजेश कश्यप रामू, कुमैल खान रिंकू, मोइनुद्दीन सिद्दीकी, शमशाद शमीम, मनोज यादव, शीबू तथा सम्बन्धित कर्मचारी गण अरविंद सिंह, राम नारायण यादव, रामेश्वर यादव, अनिल वाल्मीकि, चारु चंद्र त्रिपाठी, संतोष, किन्नी आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों व शिक्षकों ने ग्रामीणों को बांटे दीपावली के उपहार



गांव वालों को दीपावली का उपहार देते स्कूली बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** रविवार को पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में दीपावली से पूर्व विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा. एमपी तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, सहित विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाओं तथा समस्त छात्र/छात्राओं के द्वारा विद्यालय के निकट गांव कालीथान के ग्रामवासियों के गरीबों में वस्त्र तथा खाद्य वस्तुओं का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक सहित विद्यालय के अध्यापक/अध्यापिकाओं तथा समस्त छात्र/छात्राओं ने गांव में वस्त्र तथा खाद्य वस्तुओं का वितरण किया, जिसमें विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा अपने-अपने घरों से लाये हुए सामानों में पैंट, शर्ट टी शर्ट, सलवार, शूट, धोती, कुर्ता, पायजामा, दिया, मोमबत्ती, तेल, लइया, मिठाई आदि लाकर विद्यालय के निकट गांव में जाकर गांववालों में वितरित किया। जिसे पाकर निकट गांव कालीथान के सभी गरीब गांववासी खुशी से झूम उठे। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक सहित विद्यालय के किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, हर्शित यादव सहित सभी अध्यापक/अध्यापिकायें उपस्थित रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में शामिल हुए 140 विद्यार्थी



छात्रवृत्ति परीक्षा के दौरान मौजूद छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है सफलता उसी का कदम चूमती है। यह जैनस इनीशिएटिव्स के डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ का मानना है कि मध्यम वर्गीय परिवार या गरीब परिवारों के लिए एक अच्छे स्कूल में पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो रही है यह छात्रवृत्ति उन जरूरतमंद बच्चों को दी जाती है जो पढ़ने में अच्छे एवं कमजोर वर्ग से आते हैं पैसों की कमी से प्रतिभावान छात्रों की पढ़ाई नहीं रुकेगी संस्था द्वारा 12वीं पास छात्रों को 12000 सालाना स्कॉलरशिप दिया जाता है इसी अंतर्गत एम एल के महाविद्यालय बलरामपुर में छात्रवृत्ति की परीक्षा कराई गई जिसमें लगभग 140 बच्चों ने प्रतिभाग किया ने कहा इस स्कॉलरशिप का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना कि वे अपने आगे की पढ़ाई और बेहतर ढंग से कर सके। डा. देवेश ने कहा कि कठोर परिश्रम एवं कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है। बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है। विभागाध्यक्ष वनस्पति विभाग एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर डॉ राजीव रंजन ने कहा कि कठिन परिश्रम वह चाबी है, जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। सच्चे लगन, धैर्य और मेहनत के बल पर ही सफलता संभव है। इस छात्रवृत्ति परीक्षा को सफल बनाने में आशीष श्रीवास्तव का अहम योगदान रहा।

### प्रदेश की पुलिस बनी हत्यारी : आप

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में पुलिस हिरासत में कपड़ा कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर आम आदमी पार्टी (आप) ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने रविवार को कहा कि प्रदेश की पुलिस हत्यारी पुलिस हो गयी है। उन्होंने कहा कि लखनऊ पुलिस की कस्टडी में दो हफ्ते पहले भी एक दलित युवक को टार्चर करके इतना पीटा गया कि उसकी थाने के अंदर ही मौत हो गयी। अब मोहित पांडे नाम के चिनहट निवासी युवक को लखनऊ पुलिस ने इस कदर रातभर पीटा की सुबह होते-होते उसकी मौत हो गयी।

**अनदेखी** आजादी के 77 साल बाद भी अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण

# पोल लगने के 3 साल बाद भी गांव तक नहीं पहुंची बिजली

खुर्शीद अहमद, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचारः** उतरौला विधानसभा क्षेत्र का फत्तेपुर ग्राम पंचायत का मजरा हैदरगढ़ और वजीरगंज आज भी बिजली की रोशनी से वंचित है। आजादी के 77 वर्षों बाद भी यहां के लोग बिजली के लिए इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से बार-बार गुहार के बाद भी ग्रामीणों को अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। गांव के निवासी चिक्का ने बताया कि तीन साल पहले गांव में बिजली के खंभे लगाए गए थे, लेकिन बिजली आपूर्ति आज तक नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव से सिर्फ 200 मीटर की दूरी पर गैसड़ी ब्लॉक के गांवों में बिजली उपलब्ध है, लेकिन उनके गांव तक नहीं पहुंच पाई। ग्रामवासी राम चरित्र का कहना है कि बिजली न होने के कारण यहां किसी भी परिवार की लड़कियों की शादी करवाने में मुश्किलें आती हैं। हर कोई अंधेरे में डूबे इस गांव में अपनी बेटियों का रिश्ता करने से कतराता है। गांव के राम सजीवन बताते हैं कि बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शाम को अंधेरा होते ही बच्चे पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। कुछ परिवारों में शादी के उपहार के रूप में मिले टीवी, फ्रिज, कूलर आदि उपकरण बिजली न होने के कारण धूल खा रहे हैं। ये उपकरण उनके लिए बेकार बन चुके हैं। लोग शाम होते ही घरों में दुबक जाते हैं। ग्रामीण सैफुल्लाह का कहना है कि शाम ढलते ही पूरे गांव में अंधेरा छा जाता है, जिससे बाहर निकलना जोखिम भरा हो जाता है। लोग अंधेरे में अपने घरों में बंद हो जाते हैं। संतोष का कहना है कि एक तरफ देश चांद तक पहुंच चुका है, लेकिन उनके गांव तक बिजली अब तक नहीं पहुंच पाई है। ग्राम पंचायत फत्तेपुर का मजरा हैदरगढ़ और वजीरगंज राप्ती नदी के पार स्थित है। यह फत्तेपुर ग्राम पंचायत से भी अलग-थलग पड़ा है, जिसके कारण गांव में बिजली नहीं पहुंच पाई है। यहां 85 घरों में लगभग 600 लोग रहते हैं, जो आज भी बिजली का इंतजार कर रहे हैं। राम सुरेश कहते हैं कि हमारे पूर्वज बिजली का इंतजार करते करते गुजर गए और अब हमारी उम्र भी ढल रही है, फिर भी बिजली नहीं आई। इसी कारण कोई मेहमान भी इस गांव में आना पसंद नहीं करता। हृदय राम ने बताया कि गांव के लोग मोबाइल चार्जिंग के लिए पांच किलोमीटर दूर जाते हैं और प्रति चार्जिंग 10 रुपए खर्च करने पड़ते हैं। सौभाग्य योजना का लाभ भी गांव में नहीं मिल पाया है। कुछ परिवारों ने सोलर पैनल लगाए हैं, परंतु बरसात और सर्दियों में वे भी पर्याप्त बिजली नहीं दे पाते। ग्रामवासियों ने एक बार फिर अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द गांव में बिजली पहुंचाई जाए।



गांव में बिना तार के खड़ा बिजली का पोल।

### बाइक सवार पर तेंदुआ का हमला, घायल

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के बनकटवा रेंज अंतर्गत धामपुर गोट्टुटवा गांव निवासी विजय कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार देर शाम मोटरसाइकिल से तीन लोग अतरपरी गांव में दूध देने गए थे, वापस लौटते समय जमधरा नाला में अपने शावक के पास बैठा मादा तेंदुआ के ऊपर मोटरसाइकिल की रोशनी जैसे पड़ी वैसे तेंदुआ दौड़ पड़ा मोटरसाइकिल से भाग कर जान बचाने का प्रयास किया तब तक बाइक पर पीछे बैठा मोहित मौर्य 10 वर्ष के पैर में हल्का पंजा मार दिया। विजय कुमार ने बताया कि चोट हल्का सा लगा था जिसकी सूचना वन विभाग को हमने नहीं दिया है एसडीओ एम बी सिंह ने बताया कि अभी जानकारी मिली है। मौके पर टीम भेज कर जांच कराई जा रही है।

परोपकारशून्यस्य धिक् मनुष्यस्य जीवितम् ।
जीवन्तु पशवो येषां चर्माप्युपकरिष्यति ॥

परोपकार रहित मानव के जीवन को धिक्कार है। वे पशु धन्य है, मरने के बाद जिनका चमडा भी उपयोग में आता है।

## संपादकीय

# डिजिटल अरेस्ट पर चिंता

भारत में तेजी से बढ़ रहे 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जाहिर करते हुए नागरिकों से जागरूक रहने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में कहा कि जो लोग भी इस तरह की साइबर धोखाधड़ी का शिकार होते हैं, उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए। गौरतलब है कि 90 करोड़ से अधिक इंटरनेट यूजर्स के साथ, भारत ने डिजिटल इंडिया पहल के तहत असाधारण डिजिटल विकास किया है। लेकिन इस प्रगति के साथ साइबर धोखाधड़ी की चुनौतियां भी आई हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में साइबर अपराधों में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी गई है। 2017 में 3,466 मामले, 2018 में 3,353, 2019 में 6,229, 2020 में 10,395, 2021 में 14,007 और 2022 में 17,470 मामले दर्ज किए गए। गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर गत मार्च में लोगों को पुलिस अधिकारियों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के नाम पर फर्जी कॉल करने वाले ब्लैकमेलर्स के प्रति सतर्क किया था। मंत्रालय ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4 सी) की स्थापना साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की थी। गृह मंत्रालय ने 1,000 से अधिक स्काइप खातों को ब्लॉक कर दिया, जो सरकारी कर्मियों के रूप में प्रस्तुत होने वाले साइबर अपराधियों द्वारा नागरिकों को धमकाने, ब्लैकमेल करने, जबरन वसूली करने और 'डिजिटल अरेस्ट' से जुड़े थे।

गृह मंत्रालय ने पहचान की है कि ये घोटाले सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्वारा संचालित होते हैं, जो उन्हें एक बड़े, संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध नेटवर्क का हिस्सा बनाता है। वास्तव में साइबर सुरक्षा परिदृश्य में सुधार के लिए भारत में कई पहलें और नीतियां अपनाई गई हैं, लेकिन ये प्रयास अभी अपर्याप्त हैं, क्योंकि भारत को तकनीकी कर्मचारियों, साइबर फोरेंसिक सुविधाओं, साइबर सुरक्षा मानकों और विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय की कमी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही भारत की पुरानी पड़ चुकी साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता हैकर्स के लिए सिस्टम में अंतराल एवं कमजोरियों का लाभ उठाना आसान बनाती है। ऐसे में पीएम मोदी ने देशवासियों को 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र देकर ठीक ही कहा है कि समाज में सबके प्रयासों से ही हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का 'नोबेल' शब्दजाल



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड-1 या अल्फाफोल्ड-2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है।

आमजन के लिए विज्ञान के एक विषय में लेखन के लिए शब्दावली और इसके फिजिकल कॉन्सेप्ट्स क्लियर किया जाने की जरूरत रहती है। इस साल विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए दिए गए नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होते ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर मीडिया में जो लेख अंग्रेजी भाषा के प्रिंट मीडिया में दिए गए उन्हें बनाने के लिए न तो ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है और न ही सटीक शब्द ढूंढने की। विदेशी पॉपुलर साइंस मीडिया और साइंटिफिक जर्नल्स के टेक्स्ट से ये बने-बनाए मिल जाते हैं। भारत में वर्नाक्युलर लैंग्वेजेज के प्रिंट मास मीडिया में स्वच्छ और त्रुटिहीन साइंस कम्युनिकेशन की स्थिति को हासिल करने के लिए हमें अपनी भाषा में एक स्पष्ट और सटीक शब्द की तलाश करनी होती है। वेस्टर्न लैंग्वेजेज में एक शब्द की अवधारणा हिंदी भाषा में उसके निकटतम मेल वाले शब्द जैसी नहीं होती।

भाषा प्रयोग को लेकर अंग्रेज़ी की वर्तनी और अलंकार योजना, वाक्य पद हिंदी से अलग हैं। उदाहरण के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय के अनेक में से एक टॉपिक को चुनकर पॉपुलर शैली में आमजन के लिए लेख बनाना तब चुनौतीपूर्ण हो जाता है, जब हिंदी में वह शब्दावली नहीं मिलती जैसी अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होने अधिकांश साइंटिफिक रिसर्च रिपोर्टिंग करने वाले जर्नल्स में प्रकाशित लेखों में नज़र आती है। आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क शब्दों का हिंदी तर्जुमा कृत्रिम तंत्रिका जाल बिलकुल सही नहीं है। संदर्भ के बिना तंत्रिका शब्द ऑर्फ़न अर्थात अनाथ है।

अल्फाबेट कंपनी की एक सब्सिडियरी डीपमाइंड ने अल्फाफोल्ड-1 या अल्फाफोल्ड-2 सॉफ्टवेयर बना दिया, इसे सन 2021 और 2024 में अपग्रेड कर दिया गया है। इसी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए नोबल पुरस्कार के काबिल समझी गई रिसर्च को पुरस्कृत किया गया है। फिजिक्स में नोबेल पुरस्कार के लिए उन वैज्ञानिकों को सर्वथा योग्य पाया गया जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के न्यूरल नेटवर्क में अतिरिक्त गुणों, जैसेकि बाहरी या मानवीय कमांड के बिना ही डाटा इंटरप्रिटेशन के लिए मशीन द्वारा खुद ही अपने लिए अक्लमंदी का प्रदर्शन करते हुए प्रोसेस्ड डाटा के नतीजों की प्रीडिक्शन करने का स्वभाव पैदा कर लेना। अर्थात, एक सयाने इंसान की तरह से बुद्धिमत्तापूर्ण व्यवहार करने का प्रदर्शन करने वाले सॉफ्टवेयर। नोबेल पुरस्कारों के लिए चुने गए शोध में एक का काम दूसरे से, दूसरे का तीसरे से और तीसरे का पहले से मूल काम की पृष्ठभूमि में मौजूद कथाओं की वजह से जुड़ गया। कुछेक के शोध ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अधिक इंटेलीजेंट बनाया जबकि दूसरों ने इसे कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में डायनामिक मॉडलिंग के जरिये से आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने के लिए इस्तेमाल कर दिखाया। अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर चलाने वाले कंप्यूटर के न्यूरल नेटवर्किंग का आर्किटेक्चर क्या है और इसमें भीतर बहुत से हिस्सों, ख़ासकर प्रोसेसर चिप्स कितनी लेयर्स में सिग्नल्स को प्रोसेस करती हैं, पॉपुलर साइंस कम्युनिकेशन और राइटिंग के नज़रिए से इस बताया जाना जरूरी है। अप्रैल 2024 में जूलियन जे. स्टिएर की द्वारा प्रकाशित 380 पेज की किताब स्ट्रक्चर ऑफ़ आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क्स-एम्पायरिकल इन्वेस्टीगेशन्स को पढ़ने से इस विधा के इतिहास को समझने में मदद मिलती है।

> जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए।

जर्नलिस्टिक स्टाइल में पॉपुलर साइंस के एक लेख में समाहित जानकारी को जज़्ब करने का सामर्थ्य एक पाठक में तभी उत्पन्न हो सकता है जब कथ्य को वह बिना विशेष प्रयास के समझ पाए। अहसास और अनुभव से इस तत्व की परीक्षा के लिए थोड़ी सी मात्रा में अतिरिक्त जागरूकता और दक्षता की भी जरूरत इसलिए है कि भाषा में बेसिक क्राइटेरिया को पूरा किए जाने के बाद भी अंग्रेज़ी की शब्दावली का इस्तेमाल अपरिहार्य है।

अबकी बार के नोबेल पुरस्कार लाइफ-सिस्टम्स, बायो-फिजिक्स, बायो-केमिस्ट्री और फिजिकल केमिस्ट्री में भविष्य और इंडस्ट्री के विकास पर असर डालने वाले हैं। मसलन, अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर से कुछ ख़ास प्रकार की काल्पनिक प्रोटीन संरचनाएं लाखों की संख्या में बना ली गई हैं लेकिन ये फंक्शनल हो पाएंगी या नहीं, इसके बारे में वेलिडेशन या सत्यापन हेतु एक्सपेरिमेंटल या क्लिनिकल डाटा हमारे पास नहीं है जिसके लिए बड़े पैमाने पर शोध कार्य के दरवाजे खुलने वाले हैं। पुरस्कारों में से केमिस्ट्री वाली प्रशस्ति के मूल में जो भाव है वह यह कि ऐसी संरचनाएं 'नियर एक्यूरेट' हैं अर्थात प्राकृतिक संरचनाओं जैसी ही हो सकती हैं। संरचना के बारे में ऐसी उक्ति पर सहज विश्वास नहीं होता क्योंकि साइंस हमेशा से प्रमाण आधारित रही है। इस सिलसिले में एवेन कैल्लावे नेचर जर्नल के 17 अक्टूबर 2024 के अंक में 'एआई हैज़ ड्रीम्ट अप ए ब्लिजार्ड ऑफ़ न्यू प्रोटीन्सः डू एनी ऑफ़ देम एक्चुयली वर्क' शीर्षक से प्रकाशित अपने लेख के जरिये से हमारा ध्यान खींचती हैं। बताया है कि आर्टिफिशियल प्रोटीन्स बनाने की शुरुआत किसने की और, कैसे हुयी। सन 1994 में 'क्रिटिकल एसेसमेंट ऑफ़ स्ट्रक्चर प्रीडिक्शन' जैसे स्टार्ट-अप ग्रुप ने कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के अंतर्गत प्रोटीन स्ट्रक्चर्स बनाने के लिए एक प्रतियोगिता टाइप इवेंट का आयोजन किया। इसमें जीतने वाले कुछ समय बाद यूनिवर्सिटी ऑफ़ मेरिलैंड (अमरीका) के कम्प्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट जॉन मौल्ट के इर्द-गिर्द संगठित हो गए। इस घटना के बाद से प्रोटीन लैंग्वेज मॉडल्स को विकसित करने पर खूब माथापच्ची होती रही। एकल प्रोटीन स्ट्रक्चर बनाना बड़ी चुनौती नहीं थी लेकिन एक लिविंग सिस्टम में मल्टीपल इंटर-एक्टिंग प्रोटीन्स की संरचना का विकास बेहद जटिल प्रक्रिया है। कुदरत जिस तरीके से प्राणियों में एक साथ ही बायोलॉजिकल प्रोटीन्स की रचना करती है और इन्हें स्विच ऑन और ऑफ कर सकती है अर्थात रेगुलेट करती है इसके अंतर्गत स्विचेज़ के इस जटिल मैकेनिज्म को 'क्रैक' करना बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। माइक्रो-रायबोन्यूक्लिक एसिड्स (माइक्रो-आरएनए) की उस रेगुलेटरी भूमिका को हालांकि निश्चित किया जा चुका है जिसमें माइक्रो-आरएनए में सब-यूनिट या उपखंड एक कोशिका के नाभिक में मौजूद डीएनए पर मौजूद चुनींदा बेस-पेयर्स की सीक्वेंस को एक प्रोटीन संरचना बनाने के लिए एक्टिवेट और डी-एक्टिवेट होने का संकेत करती है। प्रसंगवश जान सकते हैं कि वर्तमान में वैक्सीन बनाने के लिए माइक्रो-आरएनए सब-यूनिट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल हो रहा है। भारत में इसी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से पहली बार कोरोना वायरस के विरुद्ध प्रतिपिंड निर्माण के लिए वैक्सीन बनाई गई थी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अल्फाफोल्ड सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल के बाद इस क्षेत्र में पहली चुनौती सैल बायोलॉजी और मशीन लर्निंग के बीच एक टू-वे स्ट्रीट के निर्माण की है, ऐसा कैरोलाइन यूह्हे ने नोबेल पुरस्कारों की घोषणा होने से साढे-आठ महीना पहले ही 16 जनवरी 2024 के नेचर सैल बायोलॉजी जर्नल में कर दी थी।

प्रोटीन डिजाईन प्रयोगशालाओं में बीमारियों के तोड़ ढूंढने, नए बायो-केमिकल्स और दवा के नए मॉलिक्यूल्स बनाने के लिए केमिकल साइंटिस्ट्स एक अरसे से पारंपरिक तकनीकों का इस्तेमाल करते रहे हैं। इस काम के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पुष्टिकारक उपयोग का प्रकट होना अभी शेष है। यह ठीक वैसी ही स्थिति है जैसे कि प्रो.पीटर हिग्स द्वारा 'हिग्स-बोसॉन' कण खोजने पर इन्हें फिजिक्स विषय का नोबेल प्राइज देने के बाद उत्पन्न हुई थी। पुरस्कार दिए जाने के अगले दस साल तक स्विट्ज़रलैंड स्थित सीईआरएन प्रयोगशाला के लार्ज हैड्रोन कोलॉयडर में कण-भौतिकी में शोधरत अनेक भौतिकविद बार-बार हिग्स-बोसॉन कण को पैदा करके इसके द्रव्यमान को निर्धारित करते रहे थे। हिग्स-बोसॉन पार्टिकल की दशाब्दी के अवसर पर जब बहुत से लेख साइंटिफिक जर्नल्स में छपे थे तब यह रहस्य उजागर हुआ था। इन सतत पुष्टिकारक प्रयासों के बारे में विस्तृत व्याख्या जर्नल ऑफ़ हाई एनर्जी फिजिक्स के 25 जनवरी सन 2021 के अंक में, 68 पन्ने में एक बड़े लेख के रूप में हुई थी। विज्ञान की दुनिया में एक डिस्कवरी या इन्वेंशन का असली चेहरा फिक्शन या फंतासी से बिलकुल अलग होता है क्योंकि इसे संभव होने के लिए टेक्नोलॉजी को भी एवोल्व करने की जरूरत बनी रहती है।

## प्रसंगवश

# दो सृष्टियों की कथा

सृष्टि की दो कथाएं हैं। सबसे पुरानी कृषि के आविष्कार की कथा है और बाद में विश्व ब्रह्मांड की सृष्टि की कथा का आविर्भाव हुआ। दोनों का उद्गम भारत है जहां इसके किंचित उलझे हुए रूप मिलते हैं और पश्चिम में पहुंचकर इनमें गड्डमड्ड हो जाता है। कृषि के आविष्कार के हजारों साल बाद में इसकी कथाएं गढ़ी गई। खाने को हम कह सकते हैं की कृषि से अनार तो पैदा हुआ ही ब्रह्मांड भी पैदा हुआ, ठीक उसी तरह जैसे पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि अस्तित्व में आई। इसके पीछे एक बड़ा बारीक तर्क है। यज्ञ उत्पादन है। वेद मित्रों के बिना यज्ञ हो नहीं सकता। इसलिए पहले वेद अस्तित्व में आए और उसके बाद सृष्टि संभव हो पाई। ऋषियों ने वेद मित्रों का साक्षात्कार नहीं किया, उन्होंने अपनी प्रतिभा और युक्ति से इनकी रचना की और इस मायने में वे अपने समय के कुशल रक्षों की समकक्षता में आने का प्रयत्न कर रहे थे इसका स्पष्ट उल्लेख ऋग्वेद में है। सामी पुराण में यह स्वीकार किया गया है कि वह स्वर्ग जिससे आदम को निकाला गया था वह पूर्व में कहीं था। इसके कई रूप और कई तरह की व्याख्याएं होती रही। पश्चिमी विद्वानों का एक प्रयास इसे मेसोपोटामिया में स्थित करने की रही है। परन्तु वहां नदियां मात्र दो हैं। लगभग चारों दिशाओं में प्रवाहित होने वाली नदियां अफगानिस्तान में है। इसमें काफिर जनों का निवास था जिन्होंने इस्लाम का बहुत दृढ़ता से मुकाबला किया था। ये इंद्र के उपासक थे और जहां इन्द्र का स्थान था उसे इंद्र कुन-इंद्रोद्यान-कहते थे। ऐसा लगता है यहूदी लोग इस रीति से परिचित थे और इसको ईदन गार्डन माना था। परंतु स्वर्ग से निकाले जाने के बाद आदम सरनदीप (श्रीलंका) में उतरे थे और इस तरह खेती का आरंभ भारत से हुआ था। पश्चिमी विद्वान जो उर्वर चंद्ररेखा को कृषि का प्रवर्तक सिद्ध करते रहे हैं इस बात का समाधान करना चाहिए कि पश्चिम एशिया की पुराण कथाओं में ईदन को 'कहीं पूर्व में' कल्पित क्यों किया जाता रहा और आदम के धरती पर उतरने का पर्वत शिखर भारत में क्यों माना जाता रहा। यह नहीं भूलना चाहिए की पुराण कथाएं ही अपने कल्पना विमान के होते हुए भी हमारा प्राचीनतम इतिहास हैं।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

# कौन तय करेगा अश्लीलता क्या है



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

> अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ।

कलात्मक कृतियों में अश्लीलता का ताजा तरीन मामला बंबई उच्च न्यायालय में आया। मामला गंभीर था क्योंकि अभियुक्त द्वय शीर्ष के शिल्पी हैं। फ्रांसिस डीसूजा और अकबर पदमसी। दोनों की नग्न शिल्प कृतियों को मुंबई के सीमाकर अधिकारियों ने जब्त कर लिया। मसला हाईकोर्ट में उठा। नैतिकता का मुद्दा था। न्यायमूर्ति द्वय महेश सोनक और जितेंद्र जैन ने सरकार को फटकार लगाकर पूछा 'इस मंजर में आप कोणार्क और खजुराहो की मूर्तियों को भी जब्त करेंगे?' कला की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अदालत ने कहा कि 'यह विवेकहीन कदम है।'

प्रश्न फिर उठता है कि कला की अभिव्यक्ति की सीमा क्या हैं? प्रतिबंध की मर्यादा कहां तक उचित है? प्रमुखता से विचारणीय बिंदु यह है कि अश्लीलता की परिभाषा करने से क्या सरकारी एजेंसी सक्षम हैं? वहीं जो फिल्म सेंसर बोर्ड के विषय में भी उठता है। मूलतः बेहूदापन की झलक दिखनी चाहिए। अर्थात अश्लीलता कोई भी कथन या कार्य है जो उस समय की प्रचलित नैतिकता को अपमानित करता है, और इस प्रकार अनैतिकता को प्रदर्शित करता है। यह शब्द लैटिन ऑब्सेनस, ऑब्सकेनस, 'बुरा संकेत, घृणित, अभद्र' से लिया गया है, जिसकी व्युत्पत्ति अनिश्चित है।

अमेरिका में 'मिलर बनाम कैलिफोर्निया' में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय के 1973 के फैसले ने यह निर्धारित करने के लिए क्या अश्लील था? एक त्रि-स्तरीय परीक्षण हुआ। कृति क्या केवल कामुक थी? न्यायालय की राय देते हुए, मुख्य न्यायाधीश वॉरेन बर्गर ने लिखा : तथ्यों के आधार पर बुनियादी दिशा-निर्देश ये होने चाहिए : क्या औसत व्यक्ति, समकालीन सामुदायिक मानकों को लागू करते हुए, यह पाएगा कि कला का कार्य कामुक रुचि को आकर्षित करता है?, क्या कार्य स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक तरीके से यौन आचरण को दर्शाता या वर्णित करता है, और क्या कार्य में गंभीर साहित्यिक, कलात्मक, राजनीतिक या वैज्ञानिक मूल्य का अभाव है?

इस बहस के संदर्भ में एक पुराना चर्चित किस्सा भी हम याद कर लें। तब चित्रकार मकबूल फिदा हुसैन ने हिंदू देवी का नग्न चित्र रचा था। एक कला प्रदर्शिनी (आरूषि आर्टस का ''हार्वेस्ट'') से मकबूल फिदा हुसैन का चर्चित अरबी घोड़े वाला चित्र दिखाया नहीं गया। इसे हटाने का कारण था कि आयोजकों को गुमनाम फोन आए थे कि हंगामा बरपाया जाएगा। क्यों हो ऐसा? ऐसी असहिष्णुता की जड़ में तथ्य यही है कि चित्रकार हुसैन के प्रशंसक और हमलावर लोग बस प्रवाह के मुताबिक बहते रहे। उनका कोई सम्यक आकलन करने की कोशिश नहीं की गई। राग द्वेश से परे रहकर।

हुसैन भी अपने स्वधर्मी सलमान रश्दी से एक हद तक साम्य रखते हैं। रश्दी को कुरान और पैगंबर का मखौल उड़ाने में नैसर्गिक लुत्फ मिलता है। किताब बेचने का सरल तरीका है। हुसैन को केवल हिंदू देवी देवताओं की नंगी तसवीर बनाने का फितूर है। इस तरह वे चर्चा में आते रहे और लाभान्वित भी रहे। एक इंटरव्यू में संपादक ने दिसम्बर 2006 ने हुसैन से पूछा कि ' आप पैगबर को भी उसी तरह चित्रित क्यों नहीं करते ?' वे खामोश रहे। तो क्या इस्लामी कट्टरपंथियों का खौफ था? मौन के मायने स्वीकृति होती है।

ऐसा ही एक वाकया था। तब जनता दल के सांसद प्रो. मधु दंडवते ने अपने साथी सैय्यद शहाबुद्दीन से पूछा कि 'पन्द्रह सौ साल पहले कहीं गई बाते आज भी कैसे तर्कसम्मत मानी जा सकती हैं ?' इस पर शहाबुद्दीन जो बाबरी समिति के नेता भी थे, ने कहा कि कुरान मे जो लिखा है वह अपरिवर्तनीय है। तो क्या हुसैन के भीतर का चित्रकार भी ऐसा ही है ? अब एक वैचारिक अन्तर होगा हिंदुओं की सोच में। जब सलमान रश्दी की विवादित पुस्तक ' सेटानिक वर्सेज' पर लखनऊ प्रेस क्लब में कांची कामकोटी के शंकराचार्य जगतगुरू जयेन्द्र सरस्वती से तक पत्रकार ने सवाल किया तो उनका जवाब सीधा था ''करोड़ो की लोक आस्था से खिलवाड़ करने का हक सलमान रश्दी को नहीं दिया जा सकता है।'' मगर कुछ तथाकथित प्रगतिशील हिंदुओं ने हुसैन द्वारा भारतमाता, देवी दुर्गा आदि को निर्वस्त्र चित्रित करने को कलात्मक बताया। भले ही बहुसंख्यकों की धार्मिक भावना आहत हो।

कूचीकर्मी मकबूल फिदा हुसैन और साहित्यकर्मी तस्लीमा नसरीन के मुद्दों में काफी साम्य है। तस्लीमा इस्लामी मतांधता की शिकार रहीं। त्रासदी यह है कि जो प्रगतिशील जन हुसैन की पैरोकारी चिंघाड़ कर करते थे, तस्लीमा के मसले परचुप लगा जाते हैं। ये दोनों असहिष्णुता तथा अतिवादिता के शिकार हुए।

## सोशल फोरम

# बंटोगे तो कटोगे का निहितार्थ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सहज ही निकल गए इन शब्दों का प्रभाव और आम जन से सीधा कनेक्ट कुछ ऐसा रहा कि विज्ञजन भी इसकी तरह-तरह से व्याख्या करने लग गए। यद्यपि योगी ही जानते होंगे कि यह वाक्यांश बोलते वक्त उनके मन में वस्तुतः क्या रहा होगा, किंतु एक संकेत यह है कि उन्होंने इसका उल्लेख बांग्लादेश के विप्लव और हिन्दुओं की व्यथा कथा के संदर्भ में किया था। अब बात निकली तो दूर तक गई।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

विमर्शों की बाढ़ आ गई। भाजपा के उत्साही राष्ट्रप्रेमियों ने दन से इसे पार्टी का नारा बना दिया और हरियाणा में इसका तात्कालिक परिणाम भी अपने पक्ष में हलोर लिया। मगर इस 'वेद वाक्य' का एक सीमित राजनैतिक अर्थ ही नहीं है। यह अपने में एक चिरकालिक सत्य समोये हुए है ।

यह एक साथ ही कई परिदृश्यों को सामने ला देता है। हम बंटे तो देश बंटा। कश्मीर घाटी से हिंदू कटे, केरल, पश्चिम बंगाल, असम और उत्तर प्रदेश के भी एक दो जिलों में हिंदुओं की शामत है। वहां तेजी से हिंदू अल्पसंख्यक बने हैं। और देश की डेमोग्रैफी तेजी से बदल रही है।

भाषा की तीन शक्तियां कही जाती हैं-अभिधा, लक्षणा और व्यंजना। अभिधा अर्थात सीधा अर्थ। लक्षणा मतलब कोई तुलना या उदाहरण के रुप में कोई बात कहना। व्यंजना तो भाषा की एक अद्भुत शक्ति है जिसमें कभी-कभी तो प्रगट भाव से बिल्कुल विपरीत अर्थ होता है। मगर अभी तो इस सद्य चर्चित वाक्यांश पर आते हैं। बंटोगे तो कटोगे की अनेक व्याख्याएं सार्वजनिक माध्यमों-टीवी, मुद्रण माध्यमों में ज्यादातर सुरक्षात्मक रुप से, पोलटिकली करेक्ट रहने के लिहाज से हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसी नारे को थोड़ा क्रीमी लेयर के साथ जिसे अंग्रेजी में यूफेमिज्म कहते हैं के बतौर कहा- "बंटोगे तो विपक्षी महफिलें सजाएंगे"। अब इसे लक्षणा या व्यंजना कह सकते हैं। मगर इस वाक्यांश/नारे /जुमले का एक अभिधार्थ जो लोगों के बीच चर्चित है और जिसे सीधा सपाट कहने से किन्ही निजी मजबूरियों से विज्ञजन बच रहे हैं।

–फेसबुक वॉल से

## जीवन राग

# बजी ज्योति की रागिनी या तारों की बारात सजी

सघन गहन काली रात में जगमग जगमग होती दिशाएं, दूर-सुदूर दिखतीं झिलमिल झिलमिल रौशनी, लपक लपक कर प्रज्ज्वलित होती दीप शिखाएं, ठहरी हवा के पंखों पर तिरती मंगल ध्वनियां, शुभ-लाभ की आरती पर लहराती प्रार्थनाएं। आखिर किस पवित्र मन ने धरती और आकाश के बीच में विराट प्रकृति के पन्नों पर रचकर रख दी हैं अनमोल ऋचाएं। ये ऋचाएं सूरज की हैं, चांद की हैं, देवताओं की हैं, पवित्र मन के उत्सव की हैं। इनसे प्रसरित हो रही हैं सुगंध की अनंत धाराएं। इनमें घुली हुई हैं संजीवनी की रस-गंगा। मौन भी आलोक मुखर होकर शांति की अंतरिक्ष धारा में प्रवाहित होता हुआ प्रतीत नहीं प्रत्यक्ष हो रहा है। अद्भुत है प्रकृति की संस्कृति, उसका संगीत, उसकी ख़ुशबू। मौन के प्रवाह में आलोक आलोड़ित अंतरिक्ष अनगिनत रंगों के आरोह-अवरोह से अलौकिक अनुगुंजन का आकर्षक वितान तानता हुआ आक्षितिज आप्यायित है। आलोक देवता का आह्वान है और आनंदित है अग-जग का विस्तार। चारों ओर उठता हुआ, लहराता हुआ ज्योति का पारावार।। निष्कंप दीप शिखाओं की ज्योति रागिनी की युगलबंदी में बजते दिशाओं के मौन सितारधरती पर उतर आया है आकाश।

आज धरा पर नाचता,चारों ओर उजास।/ तारागण के साथ ही, उतरा है आकाश।।

कार्तिक मास की अमावस्या अग्निस्नात होकर निखरती हुई नृत्य कर रही है। शीत की बारीक चादर उसमें अंतर्लीन हैं। एकरस, एकतान, एकलय सब कुछ है अगर है तो केवल प्रकाश ... प्रकाश ... प्रकाश ...। यह प्रकाश का पर्व ऐश्वर्य लक्ष्मी का आयोजन है, अग्नि प्रज्ञा की आराधना है, सनातन परंपरा का चित्रांकन है। इसमें अंतर्भुक्त हैं जागृत ऋषियों के शाश्वत महामंत्र-तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय। अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का आह्वान हमारे जागृत महान पूर्वजों ने धरती आकाश के बीच बैठकर पूरी प्रकृति को अपनी अंतरात्मा में रचा बसा कर जब किया होगा तो चतुर्दिक बही होगी दैवीय अनंत शक्तियों की मंगल भावनाएं। धरती की उष्मित ऊर्जा वृक्ष-लताओं की हरियाली के साथ आक्षितिज प्रवाहित हुई होंगी लेकर अनंत कामनाएं। जलते हुए दीपों के रूप में ये अग्नि फूल हैं शुभ भावों की असीम प्रार्थनाएं। वे ऋषि थे, कवि थे। देखते थे ब्रह्मांड के हर गोपन को खोलकर। शब्द को देखते थे, नाद को देखते थे। रंग को चखते थे, गंध को सुनते थे। चांद सितारों के प्रकाश को अपनी आंखों में बसाकर पुतलियों को बंद कर लेते थे। उनके पोर पोर में प्रकाश प्रवाहित होता था, नसों में घुलता था, हृदय में धड़कता था, रोम रोम में स्पंदित होता था। ऐसे ही नहीं रचा होगा उन्होंने आलोक मंत्र। सायास नहीं गाया होगा कोई छंद।। ऋषि वाल्मीकि की संवेदना करुणा में प्रवाहित हुई तो अनायास ही आत्मा से अधरों तक छंद अनुष्टुप उतराता चला गया। क्रांतिचेता कवि की करुणा वाणी तमसा के तीर पर बधिक बहेलिए के तीर से तड़प रहे नर क्रौंच के निकलते प्राण और मर्म स्पर्शी स्वर को देख-सुनकर प्रस्फुटित हुई थी। राग के अंतरंग आनंदित पल में वियोग का मारक तीर मादा क्रौंच को जीते जी संपूर्ण मार गया था। वहां मृत्यु का क्रंदन नहीं आनंद का विखंडन हुआ था। ऋषिकवि ने जीवन को अपनी करुणा वाणी से संबल प्रदान किया था। कविता सत्य का दर्शन, जीवन का अभिनंदन और प्रकृति का चुंबन है। शब्द शब्द ज्योति प्रवाहित होती है तो कविता की सार्थकता शाश्वत हो जाती है। सत्य है आलोक, शाश्वत है कविता और काम्य है आनंद।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

जलता है दीपक अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। वह जलता है तो जलती है दीप शिखा। दीपक निजता के लिए नहीं सार्वजनिकता के लिए जलता है। प्रायोजित नहीं होता है उसका प्रकाश। दीपक आमंत्रित करता है अपने प्रज्ज्वलित उल्लास में सबको सम्मिलित होकर उत्सव पर्व मनाने के लिए। जीवन की सार्थकता, व्यापकता और निरंतरता निःस्व होने में है, सर्वस्व होने में है। यही तो शिवत्व है। शिव जगत से प्यार करते हैं इसीलिए उसे बचाने के लिए विष को पीकर काल नियामक कालातीत हो गए। समय की सजगता आलोक की अभ्यर्थना है। आश्विन की शरद पूर्णिमा के ठीक पंद्रहवें दिन कार्तिक अमावस्या को दीपोत्सव का आयोजन हमारे प्रकृत संस्कार की आलोक संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने अपने पुरुषार्थ से आसमान के उज्जवल वैभव को धरती पर असंख्य दीपों के माध्यम से अवतरित कर दिया। "धन्य धरा पर गगन अवतरण अनुपम / याद चांदनी जिसकी छवि वह शबनम।"

धूप जैसे पुरुषार्थ की अमर स्मृतियां होती हैं चांदनी। सूरज जैसा जले थे हमारे साधक ऋषि कवि। आज उनकी कृतियां हमारी स्मृतियों में चांदनी बनकर उतरती हैं और हमें शांति तथा सुकून देती हैं। वेद की ऋचाएं जीवन कला, सत्य दर्शन और आनंद अनुभूति की मंगल प्रार्थनाएं हैं। पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक संदर्भों तथा लोक किंवदंतियों में दीपावली के जो भी महत्व हों सच तो यह है कि समस्त विश्व आलोक विहीन होकर जी नहीं सकता है, इस वैज्ञानिक तथ्य को हमारे ज्योति द्रष्टा, समय स्रष्टा ऋषियों ने आत्म दर्शन से समझ लिया था तभी तो उन्होंने गाया-आत्मवत सर्वभूतेषु। उनका आत्म साक्षात्कार सबके मन-प्राणों में बसने के लिए, उनके जीवन का दर्शन समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए, उनकी आत्मा का उत्कर्ष परमात्मा में अंतर्भुक्त हो जाने के लिए, उनके होने की अर्थवत्ता सब में सहभागिता के लिए - इसीलिए तो वे अक्षर-पुरुष अपने शब्द-शब्द में जीवित हैं, व्यापक हैं। ज्योति का आह्वान, ज्योति की ऋचाएं, ज्योति की प्रार्थनाएं करते, लिखते, गाते हुए हमारे आलोक पुरखों ने दीपावली के रूप में ज्योति का अवतरण किया-कराया। सर्वभुक अग्निदेव को मिट्टी के दीप के शीर्ष पर केंद्रित कर दिया। नन्हा-सा दीप लपक-लपक कर प्रज्ज्वलित होता हुआ अंतरिक्ष के गहन तमस को जलाता रहता है, मिटाता रहता है। वाणी और विचार की अकूत शक्ति होती है। एक अनल कण सर्व स्वाहा कर सकता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के आलोकित कवि मनीषियों ने अपनी वाणी में अग्नि तेज को समाहित करते हुए शीतल होकर वर्तमान के कंठ से वाक्देवी की प्रार्थना में याचना और कामना के विह्वल स्वर में गाया - "मेरे मन के अंत तमस में ज्योतिर्मयी उतरो।" दीपावली प्रकृति की उपासना है, अग्निदेव की साधना है, अंधकार के विरुद्ध चुनौती पूर्ण युद्ध की खुली घोषणा है। लड़ना होगा हर अंधकार के विरुद्ध उजाले के लिए। लड़े थे जैसे राम धरा-संवेदना सीता की मुक्ति के लिए। महाभारत के रणक्षेत्र में जैसे कृष्ण ने अग्निबीज बोते हुए आलोकित किया था गीता का उत्कर्ष-'नष्टोमोहा'। जैसे तपता दहता जलता है सूरज संसार को प्रकाशमान करने के लिए, खिलता खिलखिलाता जलता है चांद सौंदर्य को बनाए रखने के लिए, जलते हैं सितारे सूरज और चांद से जैसे उत्प्रेरित होकर वैसे ही दीपों की सामूहिकता 'दीपावली' की तरह जलना होगा हमें भी।

# दिवाली पर टिकट की मार

अपने शहर के बाहर काम और नौकरी करने वाले लोग दिवाली पर अपने घर पहुंचने को आतुर हैं। इस समय रेल और हवाई जहाज में टिकट की उपलब्धता न होने से परेशानी बढ़ रही है। हवाई टिकट खासे महंगे हो चुके, वहीं रेल के टिकटों में लंबी वेटिंग है। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए नई और स्पेशल ट्रेन भी चलाई जाने की घोषणा की जा रही है। परंतु बुकिंग खुलते ही ट्रेन में रिजर्वेशन फुल हो रहे हैं। इसी कारण आरक्षण की मारा मारी हो रही है और लोग ट्रेन के तत्काल टिकट के इंतजार में है। दरअसल आम भारतीय अंतिम दिनों में ही यात्रा की बुकिंग कराना पसंद करते हैं। भारत में 78 प्रतिशत घरेलू और 30 प्रतिशत विदेशी उड़ाने अंतिम समय पर ही बुक होती हैं। यात्रा व्यवसाय से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि भारतीयों का टिकट बुकिंग व्यवहार यूरोप और अमेरिका के उनके समकक्षों से अलग है। एक डाटा से पता चलता है कि लचीला कार्य शेड्यूल , बढ़ती डिस्पोजल आय और कुछ अन्य कारणों से भारतीय लोग अंतिम वक्त में ही बुकिंग का विकल्प चुनते हैं। अगर तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो दिल्ली और हैदराबाद के यात्री घरेलू उड़ान के टिकट अंतिम सप्ताह में ही बुक करते हैं। कोलकात्ता के यात्री तीन माह पूर्व ही अपना टिकट बुक करा लेते हैं जबकि यूरोप देशों के यात्री चार माह पहले से टिकट बुक कराना पसंद करते हैं। अब जरूरत है इस लेट लतीफी की मनोवृत्ति को बदलने की।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

## एक नजर

### कैंप में हुई दो लाख की राजस्व वसूली

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर तहसील के बिरसिंहपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित सेमरी बाजार में रविवार को बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता संजय यादव, एसडीओ अमरजीत वर्मा के नेतृत्व में विद्युत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली विभाग से संबंधित कुल 18 मामले सामने आए ।जिसमे से पांच का समस्याओं का मौके पर निष्पादन किया गया ।उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण बिजली बिल, खराब मीटर बदलने संबंधित अन्य शिकायतों को विभाग द्वारा सुलझाया गया । कैंप में राजस्व वसूली पर जोर दिया गया। एसडीओ अमरजीत वर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल को ज्यादा से ज्यादा जमा करने पर जोर देते हुए कर्मियो को 10,000 से ऊपर के बिजली बकायदारों के विद्युत विच्छेदन की कार्यवाही के निर्देशित किया। विभाग ने बकाया बिजली बिल की वसूली के साथ-साथ बिलों में संशोधन की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया ।इस दौरान 20बड़े बकायदारों के बिजली कनेक्शन भी काटे साथ ही दो लाख की राजस्व वसूली की गई।

### देशी ठेके से चोरों ने हजारों की शराब चुराई

**लंभुआ, सुलतानपुर :** नगर पंचायत अन्तर्गत एक देशी शराब के ठेके से बीती रात दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 40 हजार रुपए कीमत की शराब उठा ले गए। पड़ोस में ही वीआईपी चिकन शॉप के नाम से दुकान है, इस पर भी चोरों ने धावा बोला और यहां से मुर्गे तक उठा ले गए। वहीं शनिवार को थाना समाधान दिवस में क्षेत्र में हुई दर्जनों चोरी की घटनाओं को लेकर किसान नेताओं और अधिकारियों में नोकझोंक हुई भी थी। ठीक उसी रात चोरों ने फिर लंभुआ में चोरी कर पुलिस को चुनौती दे दी है। सुबह घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल लम्भुआ अखंडदेव मिश्रा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है।

### गौ हत्या के वांछित तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**लंभुआ, सुलतानपुर :** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के ढेलहा गांव में एक दिन पूर्व गाय काटने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को जेल भेजा था। इसी मामले में वांछित आरोपी सलमान, मिराज निवासी ढेलहा तथा मोनू उर्फ मुन्ना निवासी खुदौली को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# सनबीम के छात्र आशुतोष मिश्रा अव्वल

संवादाता, सुलतानपुर



जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के टॉपर को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सनबीम स्कूल के छात्र कक्षा नौ के छात्र आशुतोष मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनका मॉडल मंडल स्तर के लिए चयनित हुआ है। मंडलीय स्तर पर यह प्रदर्शनी छह नवंबर को आयोजित की जाएगी। केश कुमारी बालिका इंटर कॉलेज में प्रदर्शन 26 अक्टूबर को आयोजित की गई । विज्ञान प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रदर्शनी में जिले के कुल 26 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया । इसमें तरह-तरह के विज्ञान के मॉडल बनाए गए थे। आशुतोष मिश्रा का मॉडल रेलवे सेफ्टी डिवाइस था। इस प्रदर्शनी का मूल्यांकन डॉ. राजीव त्रिपाठी, डायट प्रवक्ता प्रीति प्रकाश तथा राणा प्रताप पीजी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी रहे।

# सुरक्षा से लेकर गांव के विकास में बेटियां दे रहीं योगदान

संवाददाता, सुलतानपुर



प्रिया तिवारी।



प्रतिभा तिवारी।



प्रीति तिवारी।

▸▸ एक ही गांव की तीन बेटियों ने पाई सरकारी विभाग में नौकरी

**अमृत विचारः** ग्रामीण परिवेश से निकलकर बेटियां जहां सरहद पर राइफल लेकर सीमा की निगरानी कर रही है वहीं पुलिस की वर्दी पहन जनता की सेवा को तत्पर है। साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारी बन गांवों के विकास में भागीदारी कर रही है। एक ही गांव की तीन बेटियों ने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं।

जिले के कुड़वार विकास खंड के कुड़वार ग्राम पंचायत के पूरे दयाराम तिवारी गांव की बेटियां अब अपने जज्बे से सरकारी नौकरियों में भर्ती होकर देश व प्रदेश ग्रामीणों को सेवा दे रही हैं। गांव के ही पवन कुमार तिवारी की दो बेटियां प्रीती तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी व प्रिया तिवारी सीमा सुरक्षा बल में भर्ती होकर अपनी सेवाएं शुरू की हैं। वहीं गांव के ही अरविंद कुमार तिवारी की बेटी प्रतिभा तिवारी उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती होकर अपनी सेवाएं दे रही है। बताते चलें कि साधारण परिवार में जन्मी बेटियां अपनी मेहनत व लगन से आगे बढ़ने में कामयाब हुई हैं। कामयाब बेटियों की प्रारम्भिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में हुई। इण्टर के बाद ग्रेजुएशन भी स्थानीय विद्यालयों से हुआ। बताते चलें कि प्रीती बीएड डिग्री के साथ कम्पटीशन की तैयारी घर पर ही रहकर करती रही। इस दौरान उसका चयन एकलव्य बालिका विद्यालय में हुआ।जो पूरे भारत में आधा दर्जन ही विद्यालय है। उसके बाद उसका चयन ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर हो गया है।प्रीती के अन्दर अभी और आगे बढ़ने का जज्बा है।प्रिया सीमा सुरक्षा बल में अपनी मेहनत व लगन से भर्ती होकर शुक्रवार को पास आउट हुई है। प्रतिभा तिवारी पुलिस में भर्ती होकर अपनी सेवाएं दे रही हैं। बेटियों की कामयाबी पर माता-पिता, परिवार के साथ गांव के लोगों में खुशी का माहौल है।

# गोसाईगंज-कूरेभार में सामने आया धर्म परिवर्तन का मामला

## जिले में बढ़ रहे मामलेः दोनों स्थानों पर हिंदू संगठनों के साथ पहुंची पुलिस, हिरासत में लिए गए पादरी

गोसाईगंज, सुलतानपुर

▸▸ केस दर्ज कर पुलिस कर रही मामले की जांच-पड़ताल

**अमृत विचारः** जिले में धर्म परिवर्तन का मामला लगातार देखने को मिल रहा है। कोतवाली नगर, भदैंया, लंभुआ और अखंडनगर के बाद गोसाईगंज और कूरेभार में भी धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। दोनों जगहों पर हिंदू संगठनों के साथ पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों व पादरी को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया है।

रविवार को गोसाईगंज के रामदासपुर गांव में सूचना मिली कि खुद को पादरी बताने वाला बेचू आजाद उर्फ छेदी लाल कई हिंदू धर्म के गरीब व्यक्तियों व बीमार पुरुष महिलाओं को ठीक करने का झांसा देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन करवा रहा है। मामले की सूचना पर बजरंग दल संयोजक गौरव पांडेय, प्रांजल सिंह के साथ कई लोग मौके पर गए। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा, भटमई चौकी इंचार्ज जितेंद्र वर्मा, द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर गए। यहां पुलिस को देखते ही प्रार्थनासभा में शामिल लोग भाग खड़े हुए। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर थाने ले आई। स्थानीय लोगों ने बताया प्रार्थना सभा स्थल से पुलिस ने ईसाई मिशनरी से संबंधित धार्मिक पुस्तकों को बरामद किया है। गांव निवासी जियालाल कोरी ने सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए बेचू आजाद के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

वहीं मामले में थानाध्यक्ष प्रेमचन्द्र सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



हिंदू संगठन के प्रतिनिधियों के साथ मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

### पुलिस के साथ पहुंचे हिंदू संगठन के लोग



प्रार्थना सभा स्थल पर जुटी भीड़। अमृत विचार

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार थाना क्षेत्र के मुजेश किरौंदीपुर गांव में रविवार को सुबह धर्मावलंबियों द्वारा धर्म परिवर्तन का कार्य कराया जा रहा था। गांव निवासी राम तीरथ ने गांव में हो रहे धर्म परिवर्तन की सूचना सुबह 10 बजरंग दल के जिला संयोजक प्रांजल सिंह को दी। जानकारी मिलने पर प्रांजल सिंह अपने संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ मुजेश गांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव में हिंदू संगठन के अधिक संख्या में पहुंचते ही कथित धर्मावलंबी मौके से फरार हो गए। वहां हड़कंप मचा गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद राम्या रेड उर्फ मोनी निवासी कूरेभार विलसन नाम पता अज्ञात व अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### वृद्ध की बाइक के नीचे दबने से मौत

**मोतिगरपुर, सुलतानपुरः** निमंत्रण से बाइक से लौट रहे बुजुर्ग की सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से बाइक के नीचे दबकर मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। रविवार को उनका अंतिम संस्कार आदि गंगा गोमती तक दियरा किया गया। थाना क्षेत्र के भरथीपुर निवासी राम प्रसाद सिंह (60) शनिवार की शाम बाइक से रामपुर विरतिहा गांव में निमंत्रण खाने गए थे। रात करीब 8 बजे घर वापस लौटते समय रामपुर विरतिहा गांव के बाहर राजकीय उद्यान के समीप मोड़ पर अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क के किनारे बने खड्डे में जा गिरे। काफी देर तक जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने पता किया तो पता चला कि वह घंटे भर पहले घर के लिए निकले हैं। जिसके बाद परिजन राम प्रसाद को खोजना शुरू किया। काफी खोजबीन के बाद परिजन उन्हें गड्ढे में बाइक के नीचे दबा पाया। रात करीब 10 बजे परिजन शव को बाहर निकाल कर घर ले गए।

### सदर में आज तो लंभुआ में 4 व 5 को आवंटित होंगे तालाब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में मत्स्य पालन के लिए तालाबों की नीलामी के जरिए आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 28 अक्टूबर को सदर एवं 4-5 नवंबर को लंभुआ तहसील मुख्यालय पर शिविर लगाकर अधिकारियों की मौजूदगी में तालाबों का आवंटन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रमाकांत पांडेय ने दी है। बताया कि कादीपुर में पुन: 28 एवं 29 अक्टूबर को शिविर लगाया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रमाकांत पांडेय ने बताया कि शिविर के दौरान पूर्व के पट्टा धारकों की केसीसी भी बनाई जा रही है। साथ ही उनका बीमा भी किया जा रहा है।

# संस्कृत पढ़ने वाले सभी छात्रों को अब मिलेगी छात्रवृत्ति

संवाददाता, सुलतानपुर

▸▸ संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अनूठी पहल

**अमृत विचारः** संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अनूठी पहल करते हुए सभी संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति देने की शुरुवात की है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुखिया सीएम योगी ने रविवार को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना-2024 का शुभारम्भ किया। जिसके चलते विकास भवन के प्रेरणा सभागार में जनपद स्तरीय संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना-2024 के शुभारम्भ का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह व डीडीओ अजय कुमार पाण्डेय ने द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन केशकुमारी राजकीय बालिका इण्टर कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में जनपद के संस्कृत विद्यालय/ महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं द्वारा स्वस्ति वाचन, मंगलाचरण कर अभ्यागत अतिथियों का स्वागत किया गया। डीडीओ अजय कुमार पांडेय संस्कृत विषय की महत्ता बताते हुए देवभाषा के वाचन व लेखन के सम्बन्ध में विशिष्ट तकनीक से अवगत कराते हुए बताया कि संस्कृत भाषा सीधे रोजगार से जुड़ी भाषा है। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि जो बच्चे किसी कारणवश छात्रवृत्ति से वंचित हो रहे हैं, उन्हें भी मुख्यमंत्री की मंशानुसार विद्यालयों के सहयोग से छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जायेगी। संस्कृत पटल सहायक आशीष ओझा द्वारा कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में संस्कृत शिक्षक कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश नारायण शुक्ल के विशेष योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में सह विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव, डॉ योगेश्वर शुक्ल, प्राचार्य, डॉ शशिधर मिश्र, प्राध्यापक, धवल कुमार मिश्र, शिव मोहन शुक्ल, हरिदत्त द्विवेदी उपस्थित रहे।

**1260 छात्र-छात्राओं को मिली छात्रवृत्तिः** बताते चले कि जिले में दस वित्तीय सहायता प्राप्त व दो वित्त विहीन माध्यमिक संस्कृत विद्यालय है। जिनमें कुल 2150 छात्र-छात्राओं का नामांकन है। जिले के संस्कृत विद्यालय / महाविद्यालय में पंजीकृत 2150 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 1401 छात्र -छात्राओं ने आवेदन किया था। जांच पड़ताल में पात्र पाये गये 1260 छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर द्वारा छात्रवृत्ति की प्रथम किश्त का ऑनलाइन अन्तरण भी किया गया।

# बाजारों में बढ़ी रौनक, घर-घर में तैयारियां तेज

जिला संवाददाता, सुलतानपुर



शहर के नमक मंडी के पास दुकान से गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति की खरीदारी करते लोग।

▸▸ हर तरफ दिखने लगा दीपावली पर्व का उत्साह

**अमृत विचारः** जैसे-जैसे दीपावली का पर्व नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे बाजारों की रौनक बढ़ती जा रही है। हर तरफ खरीददारों की भीड़ उमड़ रही है और दुकानों में त्योहार की चहल-पहल देखते ही बनती है। घरों में भी इस पर्व के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। लोग अपने घरों की साफ-सफाई, रंगरोगन और सजावट का काम तेजी से पूरा कर रहे हैं ताकि इस पावन पर्व पर उनका घर नई चमक और भव्यता से जगमगाए।

बाजारों में इस समय लाई, चूड़ा, खिलौने, सजावटी वस्त्र, रंग-बिरंगी लाइटें, दीये और गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की दुकानों पर भीड़ लग रही है। लोग अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन सामग्रियों की खरीदारी कर रहे हैं। मिट्टी के दीयों से लेकर, आकर्षक सजावटी सामानों तक हर चीज़ की मांग में इस बार इजाफा हुआ है। त्योहार के इस मौके पर लोग अपने घरों को संवारने और सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

**बीते साल से बढ़े दामः** नमक मंडी पर मूर्ति का स्टाल लगाने वाले विश्वनाथ अग्रहरि ने बताया कि इस बार बाजार में दीपावली की खरीदारियों का रुझान ज्यादा है। बीते साल की तुलना में मूर्तियों के दाम करीब 15 से 20 फीसदी तक बढ़े हैं। सजावटी और पर्यावरण-संवेदनशील सामग्रियों की बढ़ती मांग ने स्थानीय कुम्हारों और कारीगरों के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा दिया है। मिट्टी के दीये, जैविक रंगोली और प्राकृतिक सजावटी वस्तुएं खरीदने के प्रति लोग अधिक आकर्षित हो रहे हैं, जिससे यह दीवाली विशेष बन रही है।

**बाजार में छाए गिफ्ट पैकः** इस साल लोग विशेष रूप से उपहार और सजावट के पैकेज खरीद रहे हैं, जिन्हें वे अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को भेंट के रूप में देना चाहते हैं। दुकानों पर तरह-तरह के रंगीन तोरण, बंदनवार और झालरों के साथ-साथ सजावटी थाल, कैंडल स्टैंड और अन्य आकर्षक सजावटी वस्तुएं लोगों का ध्यान खींच रही हैं। त्योहार को और खास बनाने के लिए लोग अपने घरों को आकर्षक ढंग से सजाने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

### 31 को ही मनाई जाएगी दीपावली : पं. कृष्णाकांत



दीपावली के त्योहार को लेकर चले आ रहे मतभेदों पर पंडित कृष्णकांत मालवीय ने स्पष्ट किया है कि इस वर्ष पूरे देश में दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार दीपावली के लिए अमावस्या का होना आवश्यक है और इस वर्ष अमावस्या 31 अक्टूबर को पड़ रही है। प्रदोष काल 2 घंटे 24 मिनट तक रहेगा और निश्चित निशीथ (अर्ध रात्रि) में अमावस्या का योग होगा, इसलिए शास्त्रों के अनुसार 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाना उचित है। उन्होंने यह भी बताया कि 1 नवंबर को देश के किसी भी भाग में अमावस्या का पूर्ण प्रदोष काल नहीं है, अत: 1 नवंबर को दीपावली मनाना शास्त्र सम्मत नहीं है। पंडित मालवीय ने कहा कि 2024 के पारंपरिक गणित पर आधारित सभी पंचांगों में एकरूपता है, जो दर्शाते हैं कि अमावस्या 31 अक्टूबर को सूर्यास्त से पहले शुरू होकर 1 नवंबर की शाम से पहले समाप्त हो रही है।

## सार-संक्षेप

### संतोष मिश्र व खलील के घोड़ों ने मारी बाजी



घुड़दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना करते प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह। अमृत विचार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मऊ गांव में ऑल इंडिया घोड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 63 घोड़े आए, प्रतियोगिता में 52 घोड़ों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह प्रधान प्रतिनिधि बिसावां ने झंडी दिखाकर घुड़दौड़ प्रतियोगिता प्रारम्भ करवाई। चांद बाबू लखनऊ से आए विशिष्ट अतिथि रहे। पहले राउंड में जूनियर वर्ग के घोड़ों की दौड़ हुई, जिसमें कुल 27 छोटे घोड़ों ने प्रतिभाग किया। फाइनल राउंड में पहुंचे संतोष मिश्र जौनपुर का घोड़ा प्रथम स्थान पर रहा। वहीं, दूसरे स्थान पर असलम प्रधान सुलतानपुर का घोड़ा रहा। तीसरे स्थान पर रामकेवल यादव सुलतानपुर का घोड़ा रहा। उसके बाद सीनियर वर्ग के घोड़ों की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें कुल 25 घोड़ों ने प्रतिभाग किया। जिसमें फाइनल राउंड में पहुंचे पांच घोड़ों में से प्रथम स्थान खलील शेख प्रतापगढ़, दूसरे स्थान पर शहरयार सुलतानपुर व तीसरे स्थान पर प्रदीप तिवारी दुर्गापुर सुलतानपुर, चौथे स्थान पर अलीरजा सुलतानपुर, पांचवें स्थान पर नईम का घोड़ा रहा। कार्यक्रम के आयोजक अलीरजा पूर्व प्रधान मऊ व कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद रजा ने की। कार्यक्रम का संचालन रजनीश दुबे ने किया। जूनियर वर्ग विजेता को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग के साइकिल नगद पुरस्कार ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजय कुमार गुप्ता ग्राम प्रधान मऊ, बद्री यादव जिला पंचायत सदस्य, हनुमान तिवारी, पप्पू सिंह, शीतला प्रसाद, सुरेश सिंह, संतोष सिंह, माशूक खान, अफसार, शहंशाह, फैजल आदि रहे।

### आप ने चलाया सदस्यता अभियान

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंड नगर के दौड़ीपुर ग्राम पंचायत में आम आदमी पार्टी की तरफ से सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं राज्य सभा सांसद संजय सिंह सिंह के नीतियों एवं विचारधारा के विषय में लोगों को बताया। वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली एवं पंजाब की तरह पूरे देश में बिजली ,पानी, स्वास्थ्य, ,शिक्षा एवं रोजगार की सुविधा आम जनता को पहुंचाना चाहती है। आप सभी लोग आम आदमी पार्टी से जुड़िए और इसका हिस्सा बनकर पार्टी को मजबूत बनाएं। गांव के अनेकों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गौतम, रामसूरत शर्मा, लालजी मौर्य, अरुण कुमार पाल सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित मन की बात कार्यक्रम का 115वां संस्करण इसौली विधानसभा के मंडल बल्दीराय में शक्ति केंद्र बिही निंदूरा के बूथ संख्या 17 पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व जिला मंत्री मुकेश अग्रहरि ने शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक अग्रहरि के संयोजन में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सुना। तत्पश्चात बूथ संख्या 16 एवं 17 पर घर घर संपर्क कर लोगों से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया।

### पूंजीपतियों के साथ मिलकर सरकार कर रही जनता का शोषण

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार के दखिनवारा में रविवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) का दो दिवसीय जिला सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में जिलेभर से आए 80 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य कामरेड विक्रम सिंह ने किया, जबकि राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड रवि मिश्रा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। का. विक्रम सिंह ने कहा कि सीपीआई (एम) जनवादी मूल्यों की रक्षा करने वाली लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार पूंजीपतियों से हाथ मिलाकर जनता का शोषण कर रही है और सार्वजनिक क्षेत्रों को निजी हाथों में सौंपने पर आमादा है। कामरेड सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कृषि क्षेत्र में संकट गहराता जा रहा है, जो एक गंभीर समस्या है। सम्मेलन में कानून व्यवस्था की खराब स्थिति, बेरोजगारी, महिला हिंसा, बिजली का निजीकरण और नई शिक्षा नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर 15 सदस्यों की जिला कमेटी का चुनाव किया गया, जिसमें पांच सदस्यीय सचिव मंडल का गठन किया गया। कामरेड राधेश्याम वर्मा को सर्वसम्मति से जिला सचिव चुना गया, जबकि सचिव मंडल में कामरेड राज बहादुर यादव, कामरेड लाल बिहारी मौर्य, कामरेड शशांक पांडेय और कामरेड विवेक विक्रम सिंह को शामिल किया गया। कामरेड रवि मिश्रा ने कहा कि पार्टी जनता की बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्षरत है।

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज पुलिस ने वारंटी गया प्रसाद निवासी महादेवपुर ,थाना गोसाईगंज को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय के जरिए जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक गुलाबचंद्र पाल, हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह, अभिषेक सिंह रहे।

**आयोजन** विजेथुआ महोत्सव के तृतीय दिवस की कथा में जुटी भक्तों की भीड़ से प्रशासन के छूटे पसीने, मंत्री संजय निषाद व योगेंद्र उपाध्याय भी पहुंचे

# पाक अधिकृत कश्मीर भारत भूमि का हिस्सा : स्वामी श्री रामभद्राचार्य

सूरापुर, सुलतानपुर



निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने लिया जगद्गुरु का आशीर्वाद।



श्रीराम भद्राचार्य जी महाराज की कथा सुनने को उमड़ी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचारः** विजेथुआ महोत्सव में आयोजित तृतीय दिवस की रामकथा में चित्रकूट से पधारे जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने पाक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है, उसे सरकार को वापस लेना चाहिए। विजेथुआ में भव्य महोत्सव के लिए विवेक तिवारी को हनुमान भक्त बताते हुए कहा कि विजेथुआ का सुन्दरीकरण कराया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि यहां हनुमान जी की मूर्ति नहीं है, यहां बजरंग बली स्वयंभू हैं। अंग्रेजों ने एक हजार फीट खुदाई कराई, लेकिन एक पैर का पता तक नहीं चला। अंततः हार कर अंग्रेज छोड़कर चले गए।

कथा के दौरान मेघनाथ लक्ष्मण संवाद, भीषण युद्ध, मेघनाथ का वध, सुलोचना का विलाप कर अपने पति का सिर राम से मांगती हैं। अहिरावण का जिक्र करते हुए कहा कि सही समय पर हनुमान वहां पहुंच जाते हैं। जहां उनका सामना अपने ही पुत्र मकरध्वज से हो जाता है। हनुमान उसे बंदी बनाकर और अहिरावण का वध कर मकरध्वज को राम के द्वारा पाताल लोक का राजा बना देते हैं। अंत में राम रावण का घमासान युद्ध होता है। परन्तु उसकी मौत नहीं होती। विभीषण राम को उसकी नाभि पर तीर मारने को कहते हैं, जिस पर अमल कर श्री राम रावण पर तीर चला देते हैं। घायल होकर नीचे गिर जाता है। राम लक्ष्मण को कहते हैं कि वे जाकर रावण से शिक्षा ले। रावण कहता है पराई स्त्री पर बुरी नजर रखना, चापलूस मित्र से घिरा रहना, भाई का आदर व बात न मानना, अहम करना ये सभी अवगुण मनुष्य की बुद्धि को नष्ट कर देते हैं। इसी के साथ रावण अपने प्राण त्याग देता है। राम सीता की अग्नि परीक्षा लेते हैं और 14 वर्ष पूरे होने पर वन से अयोध्या को लौट जाते हैं।

**अगले साल पीएम को विजेथुआ आना होगाः** कथा के दौरान रामभद्राचार्य जी ने कहा कि अगले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को विजेथुआ आना ही पड़ेगा। 2027 में मोदी जी (भाजपा) की ही सरकार बनेगी, यह वादा करता हूं।

### कथा में पहुंचे योगी कैबिनेट के दो मंत्री

योगी कैबिनेट के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा जिले के प्रभारी मंत्री संजय निषाद ने व्यासपीठ का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि सरकार कालिनेमी की नहीं, कालनेमि को मारने वालों की है। मैं इस धर्म स्थली के लिए विशेष टीम भेजकर धाम में विकास कार्यों की समीक्षा करूंगा। महाराज जी की बातें खुद योगी जी भी मानते हैं, मैं पूरा करने का भरपूर प्रयास करूंगा।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ . राजा गणपति आर . ने इटवा विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पचपेड़वा का निरीक्षण किया। डीएम ने पीटीएम रजिस्टर, निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, साप्ताहिक आकलन ट्रैकर, मिड डे मील रजिस्टर की जांच की। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, खण्ड शिक्षा अधिकारी, इटवा.व विद्यालय के शिक्षकउपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** नौगढ़ नगर मंडल के बूथ संख्या 313 पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने रविवार को कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी के मन की बात के 115 वें संस्करण को सुना। कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सामर्थ्य पूरी दुनिया देख रही है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय,भाजपा नेता संतोष शुक्ला,गुड्डू,शब्लू आदि थे।

### कई दिन तक निरस्त रहेगी बरौनी-जम्मूतवी ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के जम्मूतवी स्टेशन के पुनर्विकास के लिए यार्ड रिमॉडिलिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण किया जाएगा। बरौनी से 17, 24 नवम्बर, 01, 08, 15, 22, 29 दिसम्बर एवं 05, 12, 19, 26 जनवरी तथा 02 फरवरी, 2025 को चलने वाली 12491 बरौनी–जम्मूतवी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जम्मूतवी से 15, 22, 29 नबम्बर, 06, 13, 20, 27 दिसम्बर, 2024 एवं 03, 10, 17, 24, 31 जनवरी, 2025 को चलने वाली 12492 जम्मूतवी–बरौनी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# पात्र व्यक्तियों को मिले योजनाओं का लाभ:योगी

## महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**निर्देश**

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। जिनके पास आवास नहीं है उन्हें पीएम-सीएम योजना के तहत पक्का आवास दिलाया जाए और जो किसी सामाजिक पेंशन योजना के दायरे में आने की अर्हता रखते हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश रविवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए दिये। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया कि हर समस्या का समयबद्ध, निस्तारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। इस दौरान एक महिला ने आवास की समस्या बताई। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।


जनता दर्शन में एक महिला का प्रार्थना पत्र पढ़ते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

इलाज में सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम योगी ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकने पाएगा।

# आज रखा जाएगा रमा एकादशी का उपवास : पं. मनीष शर्मा

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा ने बताया कि रमा एकादशी का व्रत सोमवार को रखा जायेगा। इस तिथि को रंभा एकादशी भी कहते हैं। दीपावली से पहले आने वाली इस एकादशी का महत्व काफी अधिक है, क्योंकि इस तिथि का नाम महालक्ष्मी के नाम पर ही है। इस वजह से इस एकादशी पर विष्णु और महालक्ष्मी की विशेष पूजा करनी चाहिए। रमा महालक्ष्मी ही एक नाम है। उन्होंने बताया कि रमा एकादशी पर तांबे के लोटे में जल भरें और ॐ सूर्याय नमः मंत्र बोलते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मन्दिर में विष्णु और लक्ष्मीजी की मूर्ति के सामने एकादशी व्रत और पूजा का संकल्प लें। फिर विष्णु-लक्ष्मी का अभिषेक करें। दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते हुए दूध की धारा देवी-देवता की मूर्तियों पर चढ़ाएं। दूध के बाद शुद्ध जल चढ़ाएं। हार-फूल और पीले चमकीले वस्त्र पहनाएं। मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। पूजा में हुई जानी-अनजानी भूल के लिए भगवान से क्षमा मांगे। प्रसाद बांटें और खुद भी ग्रहण करें। शाम को भी लक्ष्मी-विष्णु की विधिवत पूजा करें। तुलसी के पास दीपक जलाएं। रमा एकादशी और सोमवार का योग होने से इस दिन शिवजी की भी विशेष पूजा करनी चाहिए।

# धनतेरस के लिए सजा बाजार, दुकानें गुलजार

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** पांच दिवसीय दीपावली का पर्व रौनक लेकर आया है। धनतेरस और दीपावली के लिए शहर और कस्बों के बाजार सज गए हैं। धन त्रयोदशी का त्योहार मंगलवार को मनाया जाएगा।

धनतेरस की तैयारियों को लेकर जिले के दुकानदारों ने पहले ही माल मंगा लिया है। बर्तन की दुकानों, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहनों के शोरूमों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। बड़े व्यापारी दर्जनों छोटे डीलरों को माल भेज रहे हैं। कारोबारी धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद जता रहे हैं।


इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के शोरूम में उत्पाद देखते उपभोक्ता। अमृत विचार

कई लोगों ने वाहनों की बुकिंग करा ली है और वे धनतेरस के दिन वाहन घर ले जाएंगे। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के शोरूमों में टीवी, फ्रिज, एसी आदि की अच्छी बिक्री होने की उम्मीद व्यवसायी कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूमों पर भी लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

बर्तन व्यवसायियों ने अपनी दुकानें विभिन्न प्रकार के बर्तनों से सजा ली हैं। गुलाबी ठंड की आमद होने से गैस व बिजली के गीजर की मांग भी बढ़ गई है। पिछले एक सप्ताह में इनकी बिक्री में करीब 50 फीसदी का उछाल आया है। कारोबारियों की मानें तो जिले में दिवाली, ठंड और सहालग पर करीब 10 करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है। उत्पादों पर छूट से भी खरीदारी बढ़ रही है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 200 इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानें हैं, जो एसी, कूलर, फ्रिज, टीवी, होम थियेटर सहित अन्य इलेक्ट्रानिक वस्तुओं की बिक्री करते हैं। व्यापारियों की मानें तो त्योहार, सहालग और गुलाबी ठंड के चलते पिछले एक सप्ताह में इन उत्पादों की बिक्री में करीब 50 फीसदी का इजाफा हुआ है।

# संस्कृत छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** संस्कृत के अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का लाइव प्रसारण लोहिया कला भवन में देखा गया। वाराणसी में मुख्यमंत्री ने संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय प्रांगण में संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति के चेत वितरित किये। इसी क्रम में सांसद जगदम्बिका पाल एवं सदर विधायक श्यामधनी राही ने संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति के चेक लोहिया कला भवन में वितरित किये गये। कार्यक्रम के आयोजक मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि प्रभारी के रूप में राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव रहे। कार्यक्रम में संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्य, आचार्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में दुर्गा राय एसपी अग्रवाल, राजेन्द्र पाण्डेय, इन्द्रासन मिश्र, पं. राम किंकर त्रिपाठी, पंकजेश्वर मणि त्रिपाठी, विद्यामणि, अमित उपाध्याय, सुंधांशु पाल, ओम प्रकाश पाठक आदि उपस्थित रहे। सांसद एवं विधायक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर जिले के 27 संस्कृत विद्यालयों के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। कार्यक्रम का आरम्भ मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन तथा स्वागत गीत से हुआ।


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते सांसद जगदंबिका पाल। अमृत विचार

# तीन फेरों के लिए चलेगी पूजा विशेष ट्रेन



▸▸ सिकन्दराबाद-गोरखपुर के बीच किया जाएगा संचालन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा दिवाली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हेतु 07175/07176 सिकन्दराबाद-गोरखपुर-सिकन्दराबाद पूजा विषेष गाड़ी का संचालन सिकन्दराबाद से 29 अक्टूबर, 05 एवं 12 नवम्बर, प्रत्येक मंगलवार तथा गोरखपुर से 31 अक्टूबर, 07 एवं 14 नवम्बर, 2024 प्रत्येक गुरुवार को 03 फेरों के लिए किया जायेगा।

07175 सिकन्दराबाद-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी 29 अक्टूबर, 05 एवं 12 नवम्बर, 2024 प्रत्येक मंगलवार को सिकन्दराबाद से 21.00 बजे प्रस्थान कर काजीपेट से 23.00 बजे, दूसरे दिन रामगुंडम से 00.37 बजे, मंचिर्याल से 00.50 बजे, सिरपुर कागजनगर से 01.32 बजे, बल्हारशाह से 03.30 बजे, नागपुर से 06.25 बजे, इटारसी से 12.05 बजे, भोपाल से 13.50 बजे, बीना से 16.10 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. झांसी से 18.35 बजे, भीमसेन से 22.42 बजे, कानपुर सेंट्रल से 23.20 बजे, तीसरे दिन ऐशबाग से 00.58 बजे, बाराबंकी से 02.07 बजे, गोंडा से 03.20 बजे तथा बस्ती से 04.35 बजे छूटकर गोरखपुर 06.30 बजे पहुंचेगी। 07176 गोरखपुर-सिकन्दराबाद पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर, 07 एवं 14 नवम्बर को प्रत्येक गुरुवार को गोरखपुर से 08.10 बजे प्रस्थान कर बस्ती से 09.32 बजे, गोंडा से 10.55 बजे, बाराबंकी से 12.20 बजे, ऐशबाग से 13.38 बजे, कानपुर सेंट्रल से 15.10 बजे, इटारसी से 01.15 बजे, रामगुंडम से 11.17 बजे तथा काजीपेट से 12.35 बजे छूटकर सिकन्दराबाद 15.30 बजे पहुंचेगी।

### आसनसोल-नौतनवा विशेष ट्रेन 2 नवम्बर को

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा त्योहारों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 03507/03508 आसनसोल–नौतनवा–आसनसोल पूजा विशेष गाड़ी का संचालन आसनसोल से 02 नवम्बर शनिवार को तथा नौतनवा से 03 नवम्बर रविवार को एक फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। 03507 आसनसोल–नौतनवा पूजा विशेष गाड़ी 02 नवम्बर को आसनसोल से 16 .05 बजे प्रस्थान कर चित्तरंजन से 16 .30 बजे, मधुपुर से 17 .12 बजे, जसीडीह से 17 .29 बजे, झाझा से 19 .00 बजे, किऊल से 19 .40 बजे, बरौनी से 21.25 बजे, समस्तीपुर से 22 .25 बजे, दूसरे दिन हाजीपुर से 00 .20 बजे, छपरा से 02 .15 बजे, सीवान से 03 .10 बजे, गोरखपुर से 06 .05 बजे तथा आनन्द नगर से 06 .55 बजे छूटकर नौतनवा 07 .35 बजे पहुंचेगी। 03508 नौतनवा–आसनसोल गाड़ी 03 नवम्बर को नौतनवा से 08 .40 बजे चलकर दूसरे दिन आसनसोल 01 .25 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# उधना-गोरखपुर-उधना पूजा विशेष ट्रेन चलेगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 09029/09030 उधना-गोरखपुर-उधना पर्व विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 27 अक्टूबर को तथा गोरखपुर से 29 अक्टूबर को 01 फेरे के लिए किया जायेगा। 09029 उधना-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी 27 अक्टूबर को उधना से 23.20 बजे चलकर सूरत से 23.40 बजे, दूसरे दिन अंकलेश्वर से 00.22 बजे, रतलाम से 06.10 बजे, कानपुर सेंट्रल से 20.10 बजे, तीसरे दिन मनकापुर से 00.47 बजे, बस्ती से 01.27 बजे छूटकर गोरखपुर 04.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09030 गोरखपुर-उधना पूजा विशेष गाड़ी 29 अक्टूबर को गोरखपुर से 07.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन संत हिरदाराम नगर से 01.55 बजे,, सायन से 12.07 बजे तथा सूरत से 12.35 बजे छूटकर उधना 13.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसी द्वितीय श्रेणी का 03, एसी तृतीय श्रेणी के 07, शयनयान श्रेणी के 05, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एस.एल. आर./डी. के 02 कोचों सहित कुल 19 कोच लगाये जा रहे है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### पुराने मामलों का करायें निस्तारण : एसपी


थाना जोगिया उदयपुर में अपराध समीक्षा गोष्ठी करतीं एसपी प्राची सिंह।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने रविवार को थाना जोगिया उदयपुर पर बांसी सर्किल के थानों बांसी, शिवनगर डिड़ई, जोगिया उदयपुर व खेसरहा की अपराध समीक्षा गोष्ठी की। इसके साथ ही धनतेरस, दीपावली, छठ के दृष्टिगत कानून–व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सीओ बांसी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को जरूरी निर्देश दिये। एसपी ने पुराने मामलों के निस्तारण के निर्देश दिये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार–प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्रवाई, निरोधात्मक कार्रवाई में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी, सर्किल के प्रभारी निरीक्षक ,थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### दीपावली समारोह का किया गया आयोजन



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** युवा पत्रकार प्रेस क्लब शोहरतगढ़ ने रविवार को दीपावली समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर पत्रकारों को संगठन के कार्ड वितरित किये गये। कार्यक्रम में डॉ. शादाब खान, इसरार खान, सरताज आलम, शनि खान, धर्मेन्द्र चौधरी, सरवन पटवा अध्यक्ष, शिवरतन कन्नौजिया, सर्वेश खेतान, पीयूष सिंह उपाध्यक्ष, राकेश बाबा, विवेक उपाध्याय, विजय यादव, संजय मिश्रा, अखिलेश सिंह, कमलेश मिश्रा और पवन पटेल शामिल थे। वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम ने कहा कि पत्रकारिता की भावना को बढ़ावा देने और संगठन की एकता को मजबूत करने के लिए यह आयोजन किया गया है। सभी ने एक–दूसरे को दीपावली पर्व की शुभकामना भी दी।

### 10 से अधिक शिकायतों का किया गया निस्तारण

**गोरखपुर, अमृत विचार।** कैंट थाना परिसर में तहसीलदार न्यायिक विकास कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने एक–एक कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। दस से अधिक प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शासन के निर्देश पर दूसरे और चौथे शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित किया जाता है।


राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौगढ़ में टैबलेट व प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षणार्थी और विधायक। अमृत विचार

### आईटीआई के दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये टैबलेट व प्रमाणपत्र

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नौगढ़ के प्रांगण में कौशल दीक्षांत समारोह एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य सत्यदेव दुबे ने की। कौशल दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान से उत्तीर्ण 72 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र तथा टेबलेट वितरण कार्यक्रम में 43 प्रशिक्षणार्थियों को टैबलेट वितरित किये गये। कौशल दीक्षांत समारोह तथा टैबलेट वितरण के दौरान विधायक ने प्रशिक्षणार्थियों को उनके सुनहरे भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के रामदास, राजेश कुमार सिंह, विपिन चौधरी, संजीव मिश्रा, सिद्धार्थ तिलौलिया, अमित सिंह, मुकेश कुमार, राजीव कुमार, सौरभ कुमार सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कर्मियों को आज दिलायी जाएगी शपथ

▸▸ सतर्कता जागरूकता सप्ताह में आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

संवाददाता, गोररखपुर

**अमृत विचार।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा। इसके अन्तर्गत मुख्यालय एवं मंडलों पर सतर्कता से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत 28 अक्टूबर को 11.00 बजे अधिकारी क्लब, पूर्वोत्तर रेलवे में महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के मुख्य आतिथ्य में सतर्कता सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। मुख्य वक्ता बोर्ड ऑफ गवर्नर/एम्स, गोरखपुर के डॉ. जाह्नवी प्रसाद, पूर्व प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे अनिल कुमार सिंह, अपर महाप्रबंधक दिनेश कुमार सिंह एवं प्रमुख विभागाध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे होंगे। इसके पूर्व, 10.55 बजे महाप्रबंधक सुश्री माथुर द्वारा प्रशासन, सतर्कता, सुरक्षा, जनसम्पर्क आदि विभागों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई जायेगी। सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों द्वारा अपने विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी जायेगी। 29 अक्टूबर को 11.00 बजे बहुविषयक पद्धति प्रशिक्षण केन्द्र/पूर्वोत्तर रेलवे में कर्मचारियों के लिए 'क्विज व 15.00 बजे ड्राइंग प्रतियोगिता होगी। 30 अक्टूबर को 7.00 बजे सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य में वाकाथन तथा 01 एवं 02 नवम्बरको 09.00 बजे से 17.00 बजे तक गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर 'शपथ ग्रहण/ e-pledge, शिकायत एवं सुझाव बूथ का आयोजन, 02 नवम्बर, को 10.00 बजे यांत्रिक कारखाना, में सतर्कता सेमिनार तथा 03 नवम्बर को 10.00 बजे गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**सहपाठी सम्मेलन** बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

# पूर्व छात्र–छात्राओं ने साथियों से साझा कीं पुरानी यादें

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सहपाठी सम्मेलन रविवार को नगर पालिका सभागार में हुआ। इसमें 25 साल बाद एक दूसरे से मिले सहपाठियों ने अपने अनुभव व स्मृतियों को साझा किया।

कार्यक्रम में कॉलेज के स्नातक वर्ष 1998 से 2002 तक के छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का आरंभबुद्ध विद्यापीठ डिग्री कॉलेज के महामंत्री रहे और वर्तमान सभासद फतेह बहादुर सिंह और कार्यक्रम संयोजक आचार्य संतोष शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण करते हुए किया। तत्पश्चात सामूहिक सरस्वती वंदना के बाद पूर्व छात्र-छात्राओं के परिचय सत्र की शुरुआत हुई।


बुद्ध विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्मेलन में मौजूद पूर्व छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

परिचय सत्र के दौरान डॉ प्रीति त्रिपाठी, डॉ. मुकेश मिश्र, डॉ. उपमा पाण्डेय, बृजेश मणि त्रिपाठी, फतेह बहादुर सिंह, अरविन्द झा, संजय पासवान, संतोष शर्मा, योगेश श्रीवास्तव, अखिलेश पाण्डेय, विमलेश त्रिपाठी, विद्यानाथ मणि आदि वक्ताओं ने इस सहपाठी सम्मेलन के आयोजन की आवश्यकता पर चर्चा की। डॉ. प्रीति त्रिपाठी और डॉ. उपमा ने ग्रुप गठन के उद्देश्य पर चर्चा की। डॉ. संतोष ने कहा कहा कि जीवट भरे प्रयास से एक बार पुनः विद्यार्थी जीवन जीवंत हो गया है। संचालन पूर्णेश्वर मिश्र ने किया। आभार ज्ञापन फतेह बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर संजय पासवान, बृजेश मणि, विजय प्रकाश त्रिपाठी, मुकेश मिश्र, पूर्णेश्वर मिश्र, संतोष पांडेय, विद्यानाथ मणि, जयप्रकाश मणि, जय प्रकाश पाण्डेय, योगेश श्रीवास्तव , केदार नाथ गुप्ता, प्रवीण कुमार मिश्र, विमलेश त्रिपाठी, मनोज राय, हरिशंकर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, विजय पांडेय, सुनील पांडेय, उपमा पांडेय, प्रतिमा द्विवेदी, महेश पांडेय, नागेन्द्र मणि, अनूप मणि त्रिपाठी, राजकुमारी पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार शुक्ल, देवेन्द्र श्रीवास्तव, जयप्रकाश नारायण पांडेय, प्रीति त्रिपाठी, रीना द्विवेदी, प्रतिभा श्रीवास्तव, फतेबहादुर सिंह, अरविंद झा, संतोष शर्मा आदि थे।

# शिविर में111 आपत्तियां निस्तारित

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** नागरिकों को सम्पत्ति कर की जानकारी देने और जीआईएस से सम्बन्धित उनकी आपत्तियों एवं जिज्ञासाओं के निस्तारण के लिए नगर निगम द्वारा लगाये जाने वाले शिविर की श्रृंखला में रविवार को नगर निगम के सभा कक्ष में जोन 01 एवं जोन 03, लाल डिग्गी स्थित जोनल कार्यालय जोन नं0-02, नेता जी सुबास चन्द्र बोस नगर स्थित जोनल कार्यालय जोन 04 एवं शाहपुर थाना स्थित जोनल कार्यालय जोन 05 में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। नगर निगम के करदाताओं की आपत्तियों का निस्तारण किया गया। जोन 01, 02, 03, 04 व 05 में क्रमशः 14, 14, 28, 07 एवं 48 कुल 111 आपत्तियां प्राप्त हुई। जिनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उदाहरण के लिए जोन 01 में प्रभावती देवी, मुहल्ला महादेव झारखण्डी का वर्तमान वार्षिक मूल्यांकन 5040 रुपये था जीआईएस सर्वे द्वारा इनके भवन का वार्षिक मूल्यांकन 15120 रुपये निर्धारित किया गया था। शिविर में इनका वार्षिक मूल्यांकन 15120रुपये निर्धारित किया गया। सोनमती देवी महादेव झारखण्डी का वार्षिक मूल्यांकन वर्तमान में 3150 रुपये था। जीआईएस सर्वे द्वारा इनके भवन का वार्षिक मूल्यांकन 5040 रुपये निर्धारित किया गया था।


नगर निगम के शिविर में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

# समूह की आकर्षक किटों से रोशन होगी दिवाली

## शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह ने बनाई दिवाली किट, जमकर हुई खरीदारी, ब्लॉक प्रमुख और एडीओ आईएसबी ने किया उद्घाटन

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत संचालित समूह समय समय पर अपनी उपयोगिता को साबित करते रहे हैं। जश्ने आजादी के मौके पर समूहों द्वारा तैयए किए गए तिरंगे से जहां गली गली देश भक्ति का वातावरण तैयार होता है तो वहीं, इस बार नाथनगर ब्लॉक में संचालित एक समूह द्वारा तैयार किए गए दीपावली किट से इस बार की दीवाली रोशन होगी। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सिसवनिया के समूह शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह ने हाथ से बने दीवाली किट की ब्लॉक परिसर में स्टॉल लगाई तो लोगों ने जम कर खरीददारी किया।


स्वयं सहायता समूह के स्टाल का उद्घाटन करते ब्लाक प्रमुख।


समूह की महिलाओं द्वारा तैयार दीपावली किट की खरीदारी करते लोग।

नाथनगर ब्लॉक परिसर में शनिवार को शिव शक्ति स्वयं सहायता समूह सिसवनिया द्वारा तीन दिवसीय दिवाली स्पेशल स्टॉल संचालित किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख रामवृक्ष यादव और एडीओ आईएसबी अभय प्रताप सिंह ने किया। समूह की अध्यक्ष सुधा सिंह और सचिव सोनी यादव द्वारा लगाए गए स्टॉल मे मौजूद दीवाली किट लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस दिवाली किट में समूह की महिलाओं द्वारा मिट्टी और गोबर से बनाई गई गणेश और लक्ष्मी की प्रतिमाओं का हुआ खूबसूरत रंगरोगन उनकी सजीवता को प्रदर्शित कर रहा था। ब्लॉक प्रमुख राम वृक्ष यादव ने कहा कि यह दिवाली किट राष्ट्रीय आजीविका मिशन के मूल सिद्धांतों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। शासन ने गरीब महिलाओं के हुनर को निखारने और उन्हें उनकी काबिलियत की पारिश्रमिक दिलाने के लिए जो मुहिम चलाई थी वह जमीनी स्तर पर प्रभावी नजर आने लगी है। यादव ने समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए जहां खुद दिवाली किट की खरीदारी किया। वहीं मौजूद तमाम लोगों को भी खरीददारी के लिए प्रेरित किया। एडीओ आईएसबी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे ब्लॉक के अधिकांश समूह आज अपनी कर्तव्यनिष्ठा और हुनर की बदौलत आगे बढ़ रहे हैं। सिंह ने इसके लिए अपने अधीनस्थ रामेश्वर पाल और ममता यादव को भी बधाई दिया। इस दौरान अकाउंटेंट दीपक सिंह, सचिव शिव प्रकाश सिंह, प्रशांत यादव, अजीत शर्मा, विकास श्रीवास्तव, मो. आरिफ़, हनुमान शुक्ल, विनय तिवारी, पूर्व प्रधान दुर्विजय यादव, अरविंद यादव पिंकू आदि ने दिवाली किट की जमकर खरीददारी किया।

# एसपी ने पुलिस बल के साथ की पैदल गस्त

संवाददाता, कुशीनगर



**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा खड्डा क्षेत्र में आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली, छठपूजा को सकुशल, शान्तिपूर्ण वातावरण व निर्विघ्न रुप से संपन्न कराने को लेकर खड्डा क्षेत्र में प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।

पैदल गश्त के दौरान आम जन, व्यापारियों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आश्वस्त किया गया कि जनपद कुशीनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। पैदल ग्रस्त के दौरान छोटे बच्चों को देख पुलिस अधीक्षक ने बच्चों में चॉकलेट व मिठाई देकर उन्हें दुलारा। इस दौरान बच्चे खुशी से झूम उठे।

# त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं। शहर से लेकर गांव तक खोया, पनीर और मिठाइयां तैयार करने के साथ ही अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा शुरू हो गया है। खाद्य विभाग की टीम निष्क्रिय नजर आ रही है, मुख्यमंत्री ने आदेश देकर मिलावट खोरों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए कहा है। लेकिन मेंहदावल तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर दिखाई दे रहा है।

नगर से लेकर तहसील क्षेत्र के सभी चौराहों और गलियों में मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। दीपावली पर सबसे ज्यादा खोया और पनीर के साथ ही मिठाइयों की मांग रहती है। शहर के अतिरिक्त खोया सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में तैयार किया जाता है। मांग बढ़ने पर व्यापारी बाहर के जिलों से भी माल मंगवाते हैं। रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर सहित आस-पास के जिलों से बड़ी मात्रा में खोया और पनीर आता है। मिलावटी खाद्य पदार्थों से बनी ये खाद्य सामाग्रियां दुकानदार खुलेआम बिक्री करते हैं।

▸▸ **मेंहदावल तहसील क्षेत्र में मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर**

### खाद्य पदार्थों में होती है यह मिलावट

मिलावटी खोया तैयार करने में आरारोट और मैदे का प्रयोग किया जाता है। देशी घी में वनस्पति घी और खुशबू के लिए केमिकल, चीनी में चाक पाउडर, आटे में चावल की किनकी, रिफाइंड में धान की भूसी से निकला तेल मिलाया जाता है। यहां के कारोबारी इन मिलावटी सामग्रियों को बाहर से मंगवाते हैं। मिठाईयों में केमिकल से तैयार दूध प्रयोग किया जाता है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

**संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर।** मिलावटी खाद्य पदार्थों से होने वाले नुकसान के बारे में पूछे जाने पर सीएचसी मेंहदावल के अधीक्षक डॉ आईडी गौरव ने बताया कि मिलावटी खाद्य सामग्री का सेवन करने से सेहत को काफी नुकसान होता है। बच्चे और डायबिटीज के रोगियों को सबसे अधिक परेशानी होती है। इससे पेट संबंधी अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थ का किसी भी हाल में नागरिकों को सेवन नहीं करना चाहिए। त्यौहारों में घर पर बनी मिठाइयों और खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।

### लगातार कराई जा रही छापेमारी, एसडीएम

**संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर।** इस बारे में बात करने पर एसडीएम मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि त्योहार को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। किसी भी हाल में मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। दुकानों से खाद्य सामाग्रियों के नमूने लिए जा रहे हैं। कहीं से भी अगर मिलावट की सूचना मिलती है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसआर हॉस्पिटल एंड पैरामेडिकल कॉलेज को डी. फार्मा की मान्यता

**संतकबीरनगर, अमृत विचार :** एसआर हॉस्पिटल एंड पैरामेडिकल कॉलेज नाथनगर को शासन स्तर पर डी फार्मा की मान्यता मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ है। पैरामेडिकल के क्षेत्र में कैरियर संवारने की सोंच रखने वाले छात्र-छात्राओं को अब दूर-दराज क्षेत्रों में जाकर पढ़ाई करने से निजात मिलेगी। छात्र अपने बगल में ही अब आसानी से डी फार्मा सहित विभिन्न पैरामेडिकल कोर्सेज कर सकेंगे। बताते चलें कि सूर्या कॉलेज आफ फार्मेसी मीरगंज में डी फार्मा और बी फार्मा के बाद जल्द ही बीएससी नर्सिंग और जेएनएम का प्रवेश शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही एस आर हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज नाथनगर में डी फार्मा की मान्यता मिलने के बाद प्रवेश भी शुरू हो गया है। जल्द ही कक्षाएं शुरू करा दी जाएंगी। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रबंध निदेशक राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रबंध तंत्र द्वारा लगातार छात्रों को गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान कराने का काम किया जा रहा है।

# शांति और सौहार्द से मनाएं त्योहार

▸▸ **दुधारा थाने पर आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक**

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा जय प्रकाश दूबे की अध्यक्षता में दुधारा थाने पर रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान आगामी त्योहारों धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज, छठ पूजा, लक्ष्मी गणेश प्रतिमा विसर्जन वर्ष आदि को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के साथ ही शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए थानाक्षेत्र के सम्भांत व्यक्तियों और व्यापारियों के साथ गोष्ठी करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत अपील किया कि लोग अपने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरुर लगवाएं। जिससे अपराधिक और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके। आम जनता का यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर बनाए रखने में बहुत कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सभी पर्व और त्योहार हमें आपसी भाईचारा मजबूत बनाए रखने का संदेश देते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि त्यौहारों के दौरान असामाजिक तत्वों पर तगड़ी निगरानी कराई जा रही है। लोगों को सोशल मीडिया पर भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट नहीं डालना है। इस मौके पर क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


सम्भ्रांत नागरिकों और व्यापारियों के साथ बैठक करते प्रभारी निरीक्षक दुधारा।

# त्योहारों पर नामित किए गए मजिस्ट्रेट

संवाददाता, कुशीनगर

▸▸ **सुरक्षा व्यवस्था के लिए 2 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 6 जोनल, 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट की हुई है तैनाती**

**अमृत विचार:** धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा की जाएगी। धनतेरस से जनपद में सभी तहसीलों क्षेत्र में पटाखें की दुकान भी लगाया जाती है। ऐसे में जिला प्रशासन त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने को तैयार हैं। जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने जनपद में त्यौहारों के समाप्ति तक ड्यूटी पर सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, नगर निकाय, क्षेत्रवार, तहसील, पुलिस चौकीवार नियुक्त किए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा, संपूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज, हेतु सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में अपर जिला मजिस्ट्रेट वैभव मिश्रा को नामित किया है। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र कसया हेतु उप जिलाधिकारी कसया को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है। संपूर्ण तहसील क्षेत्र हाटा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट हाटा को, सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र तमकुहीराज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट तमकुहीराज को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र पडरौना के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट पडरौना को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र खड्डा के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट खड्डा को, संपूर्ण तहसील क्षेत्र कप्तानगंज के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट कप्तानगंज को जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया है।

### शांति व्यवस्था में हुई बाधा तो एसपी व डीएम को बताएं

सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में 38 अधिकारियों को नामित किया गया है। इसके आलावे रिजर्व में 05 जोनल व 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये है। उन्होंने बताया कि समस्त मजिस्ट्रेट अपने-अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेगे कि धनतेरस, दीपावली आदि त्यौहार पर तथा सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वहाँ कोई विवाद न हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। यदि कोई शान्ति व्यवस्था में बाधा आती है, तो उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी को अवगत करायें। वर्तमान समय में धारा 163 लागू है। सार्वजनिक स्थल पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगे।

त्योहारों के समाप्ति तक समस्त मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट कुशीनगर में इसके लिए एक कन्ट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका सम्पर्क नम्बर-05564-240590 है। कन्ट्रोल रूम की प्रभारी नीरज कुमार गौड़ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधन सहकारिता, कुशीनगर-7800296766 व आलोक कुमार प्रियदर्शी जिला पंचायत राज अधिकारी, कुशीनगर मो-7834948507 को बनाया गया है जो अपने-अपने स्टॉफ के साथ कन्ट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

# ग्रामीणों ने जंगली जानवर को घेरकर मार डाला

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

▸▸ **आधा दर्जन लोगों पर कर चुका था हमला, सूचना के बाद भी नहीं पहुंची वन विभाग की टीम**

▸▸ **रेंजर ने बिना देखे ही गीदड़ होने की कर दी पुष्टि**

**अमृत विचार:** कस्बे में जंगली जानवरों की दहशत से ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो गया है। श्रीनगर गांव में रविवार सुबह जंगली जानवर ने गांव में आधा दर्जन लोगों के ऊपर हमला कर दिया। इस पर ग्रामीणों ने उसे घेरकर लाठी डंडों से पीट-पीटकर कर मौत के घाट उतार दिया और जमीन में गाड़ दिया। खास बात यह कि बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों ने मौके पर जाने की जेहमत नहीं उठाई। वन कर्मियों ने ग्रामीणों से बात कर बिना उसकी फोटो देखे ही जानवर के गीदड़ होने की पुष्टि भी कर डाली। इस पर रिपोर्टर द्वारा सवाल जवाब करने पर रेंजर ने फोन ही काट दिया।

मेंहदावल थानाक्षेत्र के श्रीनगर गांव में रविवार की सुबह गांव के उमेश कुमार साइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। वे साईकिल से गिर कर चुटहिल हो गए। उसके बाद जंगली जानवर भाग कर दूसरे के घर पहुंच गया और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस तरह उसने आधा दर्जन लोगों के ऊपर हमला करने की कोशिश की। कुछ देर बाद जंगली जानवर अकरम की दुकान पर पहुंच गया। वहां मौजूद अकरम ने शोर मचाया तो वह पास में मौजूद नरकट की झाड़ियों में घुस गया। लोगों ने उसे निकालने के लिए पटाखे फोड़े। जैसे ही वह बाहर निकला ग्रामणों ने लाठी-डंडों से हमला कर मार डाला। ग्राम प्रधान से इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के रेंजर आरके यादव ने टीम को भेजने की बात कही, इसके बावजूद मौके पर कोई भी अधिकारी-कर्मचारी नहीं पहुंचा। यही नहीं वन विभाग ने बिना देखे जंगली जानवर के गीदड़ होने की पुष्टि भी कर दी। जब रिपोर्टर ने रेंजर आरके यादव से जंगली जानवर के विषय में बात की तो उन्होंने बताया कि गीदड़ था। इस पर संवाददाता ने पूछा कि बिना देखे आपने कैसे इसकी पुष्टि कर दी। इस पर उनका जवाब था, ग्रामीणों ने बताया। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया। बाद में उन्हें चार बार फोन किया गया लेकिन वह बराबर फोन काटते रहे। किसी टीम के न आने पर ग्रामीणों ने उसे जमीन में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया।

### लापरवाही पर की जाएगी कार्रवाई: एसडीएम

इस बारे में उपजिलाधिकारी उत्कर्ष श्रीवास्तव ने घटना की जानकारी होने से इंकार करते हुए कहा कि पूरे मामले पर वन विभाग से रिपोर्ट लूंगा। लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में भेड़िया होने की पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। अगर वह भेड़िया प्रजाति का जानवर था तो लोगों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा।

# 69 हजार से ज्यादा बच्चों को दी गई छात्रवृत्ति

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ **मुख्यमंत्री द्वारा संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के उद्घाटन कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ और 69 हजार 195 विद्यार्थियों को 586 लाख रुपए की छात्रवृत्ति का संवितरण किया गया।


संस्कृत छात्रवृत्ति योजना के शुभारंभ अवसर पर सीएम का सम्बोधन सुनते अतिथि, अधिकारी और मौजूद लोग। अमृत विचार

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों ने देखा और सुना। बताते चलें कि प्रदेश में संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों, महाविद्यालयों, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए लागू संशोधित संस्कृत छात्रवृत्ति योजना का शुभारम्भ रविवार को मुख्यमंत्री योगी के कर कमलों द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में सम्पन्न हुआ। जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मेहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) धर्मेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्राचार्यों, प्रधानाचार्यों और छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, वृजेश त्रिपाठी प्राचार्य मेहदावल, रविनाथ शुक्ल, सहायक आचार्य तामेश्वरनाथ, इन्द्रेश कुमार पाण्डेय, चन्द्रकेश पाण्डेय, अनूप कुमार त्रिपाठी, रामयज्ञ पाण्डेय, राम प्रकाश पाण्डेय, हरिश्चन्द्र पाण्डेय, रमेश चन्द्र मिश्र, बृजेश पाण्डेय, हरिकेश चौरसिया, आशुतोश चतुर्वेदी, अभिषेक मिश्र आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### यूपीएससी : खलीलाबाद की अदिति को देशभर में दूसरी रैंक



**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** यूपीएससी परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खलीलाबाद में खुशी की लहर देखी जा रही है। जनपद मुख्यालय खलीलाबाद के प्रतिष्ठित व्यवसाई आशीष छापड़िया की पुत्री अदिति छापड़िया ने 99 .50 प्रतिशत अंक हासिल कर देश में दूसरी रैंक हासिल किया है। जनपद की बेटी के इस बड़ी सफलता पर परिजनों और शुभचिंतकों में जबरदस्त उल्लास देखा जा रहा है। इस बड़ी सफलता पर अदिति छापड़िया ने बताया कि खुद की मेहनत पर भरोसा हो तो बड़ी से बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। पढ़ाई से ज्यादा भूमिका आत्मविश्वास की होती है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। कामयाबी हर हाल में मिलेगी। अपनी सफलता के पीछे उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों की हौसला अफजाई को जिम्मेदार बताया है। बिटिया की इस सफलता पर पिता आशीष छापड़िया, विवेक छापड़िया, अमरनाथ रुंगटा, कैलाश नाथ रुंगटा, गोपाल छापड़िया समेत तमाम लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### फ्रीडम इम्प्लाइविलिटी एकेडमी की 5वीं शाखा का उद्घाटन


फ्रीडम इंप्लाइविलिटी संस्थान की शाखा पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार :** फ्रीडम इंप्लाइविलिटी संस्थान की पांचवीं शाखा का शनिवार को धनघटा तहसील क्षेत्र के मुखलिसपुर कस्बे में भव्य शुभारंभ कराया गया। ग्राम प्रधान मनोज अग्रहरि और वरिष्ठ सपा नेता के डी यादवने फीता काटकर उद्घाटन किया। मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के एरिया मैनेजर आलोक सिंह ने बताया कि फ्रीडम इम्प्लाइविलिटी एकेडमी 18 वर्ष से ऊपर के छात्र छात्राओं को इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स मुफ्त पूरा कराती है। श्री सिंह ने कहा कि तीन बैच में कुल 60 बच्चे शिक्षा मुफ्त में प्राप्त करते हैं। टेरिटरी मैनेजर राजरानी पाण्डेय ने सभी अभ्यागत अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता केडी यादव और शिक्षिका सपना सिंह ने बताया कि आज 40 बच्चों का नाम पंजीकृत किया गया गया। उन्होंने सभी बच्चों और संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना किया। राजरानी पाण्डेय ने बताया कि फ्रीडम इम्प्लाइविलटी एकेडमी की एक शाखा भीटी रावत, एक शाखा बघौली एक शाखा देवरिया गंगा और तामेश्वरनाथ में खोली जा चुकी है। नामांकन प्रक्रिया मुफ्त में जारी है। उन्होंने बताया कि मुखलिसपुर शाखा में पहले ही दिन 40 बच्चों का नामांकन किया गया है। उन्होंने बताया कि इंटर मीडिएट पास और 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के बच्चे नि :शुल्क प्रवेश ले सकते हैं। इस दौरान तमाम छात्र, अभिभावक क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | सरिता शुक्ला मिसेज करवा, अंजना दूसरे व सरिता श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर

# नारी के साथ श्रृंगार की बताई वैज्ञानिकता

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार:** करवाचौथ का व्रत सर्वप्रथम माता पार्वती ने भगवान शिव जी के लिए रखा था। इस व्रत से उन्हें अपार सौभाग्य का आशीर्वाद मिला। यह बातें ममता पाण्डेय, प्रदेश सचिव बीजेपी महिला ममता पांडेय ने कहीं। वह फ्रेंड्स क्लब की ओर से शहर के एक होटल परिसर में आयोजित करवा चौथ व दीपोत्सव कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। करवाचौथ व्रत के महत्व को बताते हुए कहा कि ये व्रत हमारी पौराणिक संस्कृति का प्रतीक है।



विशिष्ट अतिथि बालिका विद्या मंदिर की प्राचार्या ने प्रियंका सिंह ने नारी के साज श्रृंगार की वैज्ञानिकता को बताते हुए इसके महत्व को समझाया। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर और रानी पद्मावती के इतिहास को बताते हुए नारी के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्वागत क्लब की अध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, सचिव रेखा श्रीवास्तव और रूपम श्रीवास्तव ने दुपट्टा, चूड़ी और सिंदूर लगाकर किया। विशिष्ठ अतिथि का स्वागत कोषाध्यक्ष रश्मि सिंह और अर्चना श्रीवास्तव ने किया। संचालन क्लब की संस्थापिका अपराजिता सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न तरीके के गेम आयोजित किए गए जिसको क्लब की उपाध्यक्ष नम्रता श्रीवास्तव और महासचिव स्नेहा वर्मा ने संचालित किया। कार्यक्रम में मिसेज करवा का आयोजन भी किया गया। जिसमें सरिता शुक्ला प्रथम स्थान पर रही। अंजना श्रीवास्तव दूसरे पर और सरिता श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कविता गुप्ता, नीतू, राधा गुप्ता, पूनम सिंह, मान्या, वैभवी ने प्रतिभाग किया। इस पर चित्रा, नम्रता, अर्चना, सुनीता, नेहा, अनीता, रूबी समेत अनेकों महिलाए उपस्थित रहीं।

# यज्ञ करने से त्योहार का आनंद होगा चौगुना : ओम प्रकाश

संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार:** पंच महापर्वों का मुख्य पर्व दीपावली हमारे घर की सफाई का ठेकेदार तो है ही साथ ही मन की मलिनता और अज्ञान को दूर करके मन की पवित्रता और ज्ञान के प्रकाश से स्वयं को आलोकित करने का भी महापर्व है। यह हमें धन धान्य से पूर्ण होकर समाज को पोषित करने का भी संदेश देता है।



दीपावली पर नव अन्न, मिष्ठान्न और औषधि युक्त हवन सामग्री से यज्ञ करने से वातावरण भी शुद्ध होगा जो हमारे त्यौहार मनाने के उत्साह को चौगुना कर देगा। यह बातें आर्य समाज नई बाजार बस्ती में आयोजित साप्ताहिक सत्संग के अवसर पर जन सामान्य को दीपावली का संदेश देते हुए ओम प्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज नई बाजार बस्ती ने कही। उन्होंने लोगों को सौहार्द्रपूर्ण पर्व मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक गरुण ध्वज पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित वैदिक यज्ञ के माध्यम से उपस्थित लोगों ने औषधि मिश्रित हवन सामग्री से आहुतियां देते हुए सबके कल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विशेष यजमान के रूप में उपस्थित योग शिक्षिका श्रीमती नीलम मिश्रा ने बताया कि कार्तिक महीने में कीड़ों का प्रकोप बहुत ज्यादा हो जाता है जिनको सरसों के तेल का दीपक जलाकर और यज्ञ करके नियंत्रित किया जा सकता है। इन पंच महापर्वों पर यज्ञ करना हमारी प्राचीन परिपाटी रही है। लोग नए अन्न से यज्ञ करते थे और घर से बनी मिठाइयों का प्रयोग भी आहुतियां देने में किया जाता था जिससे समाज स्वस्थ और रोग मुक्त रहता था। यदि आज भी हम इस पर्व में इन नियमों को अपनावें तो निश्चित ही हम स्वस्थ और आनंद में रह सकते हैं। इस अवसर पर अजीत कुमार पाण्डेय, आशीष बरनवाल, रजत कुमार, शताक्षी मिश्रा, नितीश कुमार, शिव श्याम, कुसुमलता यादव, राधा देवी, महिमा आर्य, उपेंद्र शर्मा, विश्वनाथ आर्य, परी,आर्यन, पुनीत राज, आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### इंजीनियर रशीद की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत आतंकवाद के लिए आर्थिक मदद मुहैया कराने के मामले में जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को आदेश सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए इंजीनियर रशीद के नाम से मशहूर शेख अब्दुल रशीद को 10 सितंबर को अंतरिम जमानत दी थी। न्यायाधीश ने इससे पहले उनकी नियमित जमानत याचिका पर आदेश स्थगित कर दिया था। न्यायाधीश ने रशीद के पिता के स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत 28 अक्टूबर तक बढ़ा दी थी।

### दिल्ली में दो बाइक सवारों ने घर पर की गोलीबारी

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में मोटर साइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने एक घर पर गोलीबारी की। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार सुबह 8.40 बजे रानी बाग इलाके में हुई इस घटना के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोन कॉल की घटना की पुष्टि की गई और शिकायतकर्ता से विवरण लिया गया। पाया गया कि दो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आए और उनमें से एक ने कई राउंड गोलियां चलाई और फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरोपियों ने एक पर्ची भी फेंकी जिस पर बंबीहा गिरोह लिखा था।

### थाना में युवक के आत्महत्या में थानाध्यक्ष निलंबित

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले के सिमरी थाने में हिरासत में बंद शराबी धनहा गांव निवासी युवक राजेश कुमार खरवार ने शनिवार की शाम थाना के हाजत में अपने बेल्ट से फंदा बनाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने हालांकि, इस बात को छिपाने की कोशिश की।

### सवाई माधोपुर में मालगाड़ी पटरी से उतरी

**भरतपुर।** राजस्थान में सवाई माधोपुर में दिल्ली-मुम्बई रेलमार्ग पर शनिवार देर रात दिल्ली से मुंबई जा रही मालगाड़ी पटरी से उतर गई। सूचना पर स्थानीय अधिकारी, जिला प्रशासन एवं पुलिस मौके पर पहुंची। रेलवे के अनुसार मालगाड़ी सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन के पास पहुंची उसी समय गंगापुसिटी की तरफ बी केबिन के पास मैन लाइन से लूप लाइन पर लेते वक्त मालगाड़ी के इंजन की ओर से तीसरे नम्बर का डिब्बा पटरी से उतर गया।

# डिजिटल अरेस्ट पर रूको, सोचो और एक्शन लो : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- देश में रचनात्मक ऊर्जा की लहर, एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए रविवार को देशवासियों से रुको, सोचो और एक्शन लो का मंत्र साझा किया। इस बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 150वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के रचनात्मक ऊर्जा की लहर चल रही है और एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाइ इंडियंस छाया हुआ है।

उन्होंने कहा कि एनिमेशन की दुनिया में भारत नयी क्रांति की राह पर है जबकि गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है और ये दुनिया में लोकप्रिय हो रहे हैं। डिजिटल अरेस्ट से जुड़े

**मन की बात**



- एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति की राह पर, गेमिंग क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा

फरेबी और पीड़ित के बीच बातचीत का वीडियो भी साझा किया और कहा कि कोई भी एजेंसी न तो धमकी देती है, न वीडियो कॉल पर पूछताछ करती है और न पैसों की मांग करती है। प्रधानमंत्री ने इससे बचने के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार व पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट से निपटने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है।

प्रधानमंत्री ने छोटा भीम, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू जैसे एनिमेशन चरित्रों का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दूसरे देश के बच्चों को भी खूब आकर्षित करते हैं और इन्हें चाहने वाले भी दुनियाभर में हैं। उन्होंने स्पाइडर मैन और ट्रांसफॉर्मर्स जैसी फिल्मों में भारतीय एनिमेटर हरि नारायण राजीव के योगदान की चर्चा की। मोदी ने आत्मनिर्भर भारत पर कहा कि यह देश की सामूहिक चेतना का हिस्सा है हमारी प्रेरणा व जुनून बन गया है।

### भारतीय संस्कृति विश्व को कर रही आकर्षित

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व को आकर्षित कर रही है जिसकी वजह से दुनिया भर के लोग भारत को जानना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि सुलेख के जरिए हमारी लिखावट साफ, सुंदर और आकर्षक बनी रहती है। आज जम्मू-कश्मीर में इसका उपयोग स्थानीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने के लिए किया जा रहा है। अनंतनाग की फ़िरदौसा बशीर को कैलीग्राफ़ी (सुलेख) में महारत हासिल है, इसके जरिए वह संस्कृति के कई पहलुओं को सामने ला रही हैं। ऐसा ही प्रयास उधमपुर के गोरीनाथ कर रहे हैं। एक सदी पुरानी सारंगी के जरिए वह डोगरा संस्कृति और विरासत को सहेजने में जुटे हैं। डी. वैकुन्ठम चेरियाल फोक आर्ट को लोकप्रिय बनाने में जुटे हैं। तेलंगाना से जुड़ी इस कला को आगे बढ़ाने का उनका यह प्रयास अद्भुत है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर के बुटलूराम माथरा अबूझमाड़िया जनजाति की लोक कला को संरक्षित करने में जुटे हुए हैं।

### आजादी के महापुरुष रास्ता दिखाते हैं

प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती के वर्ष को जीवंत बनाने के लिए देशवासियों से सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि आजादी के आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुष अतीत में खो नहीं जाते हैं, बल्कि भविष्य का रास्ता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू की यात्रा उनके जीवन के खास पलों में एक थी, जिसका उनपर प्रभाव पड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हर युग में कुछ चुनौतियां आईं और हर युग में ऐसे असाधारण भारतवासी जन्मे, जिन्होंने इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की 150वीं जयंती को मनाने का निश्चय किया है।

# महायुति ने अपने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने सत्ता में रहते हुए राज्य के लोगों की भलाई की बजाय अपने कॉरपोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाया है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि नवंबर 2023 में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) के प्रमुख सलाहकार को केंद्र की विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (ईएसी) में नियुक्त किया गया, जो एजीईएल जैसी कंपनियों द्वारा बनाई गई जलविद्युत परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंजूरी देती है।

उन्होंने कहा कि इसके तुरंत बाद, दिसंबर 2023 में कोल्हापुर के 100 से अधिक गांवों के निवासी एजीईएल की 7,000 करोड़ की पटगांव पंप



- ईएसी में नियुक्त एजीईएल के सलाहकार ने जलविद्युत परियोजनाओं को मंजूरी दी

स्टोरेज परियोजना के खिलाफ आंदोलनरत होने लगे थे। रमेश ने एक्स पर कहा कि चूंकि कोल्हापुर कम वर्षा और पानी की सीमित उपलब्धता से जूझ रहा है तथा परियोजना को अनुमति देने से पहले कोई बैठक नहीं हुई थी, इसलिए लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इससे पानी की स्थिति और खराब होगी। उन्होंने कहा कि चिंता की बात ये है कि यह अदाणी की उन तीन परियोजनाओं में से एक है, जिन्हें पश्चिमी घाटों के पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में मंजूरी मिली है।

# न्यायालय ने दोषी को सजा में छूट देने पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने 2003 में कवयित्री मधुमिता शुक्ला की हत्या के एक दोषी की समयपूर्व रिहाई के अनुरोध वाली याचिका पर उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी समयपूर्व रिहाई का आदेश देने के लिए एक सक्षम प्राधिकारी को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने बिलकिस बानो मामले में आठ जनवरी और 13



**मधुमिता हत्याकांड**

- रोहित चतुर्वेदी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

मई, 2022 को पारित शीर्ष अदालत के पहले के फैसलों का हवाला दिया और कहा कि इस मामले में सक्षम प्राधिकारी उत्तराखंड सरकार होगी। उन्होंने कहा कि आठ जनवरी को कहा था कि जिस राज्य में मामले की सुनवाई हुई है, वह राज्य की नीति के अनुसार दोषियों की समयपूर्व रिहाई से निपटने के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी के बेटे ने की आत्महत्या

**भोपाल /रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत व पूर्व डीजीपी मोहन शुक्ला के बेटे तुषार ने भोपाल में गला काटकर आत्महत्या कर ली। भोपाल के कमला नगर स्थित आवास में तुषार (54) ने आत्महत्या की तो परिजन घर पर ही थे। तुषार छत पर बैठे था। उन्होंने सबसे पहले ब्लेड से हाथ की नस काटी। इसके बाद गला काट लिया। तुषार को अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोहन शुक्ला छत्तीसगढ़ के पहले डीजीपी थे और तुषार जेएसपीएल में लायजनिंग अधिकारी रायपुर था।

# मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मसौदा विधेयक पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संस्थागत मध्यस्थता को और अधिक बढ़ावा देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने मसौदा विधेयक पेश किया है, जिसमें प्रस्तावित संशोधनों पर विचार मांगे गए हैं।

विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित करते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य संस्थागत मध्यस्थता को और बढ़ावा देना, मध्यस्थता में अदालती हस्तक्षेप को कम करना और समय

- विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मसौदे पर टिप्पणियां मांगी

पर निष्कर्ष सुनिश्चित करना है। यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टीके. विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है।

विधेयक में आपातकालीन मध्यस्थता की अवधारणा है। मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले आपातकालीन मध्यस्थ की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती है।

## 200 से अधिक न्यायिक अधिकारियों का तबादला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अधीनस्थ अदालतों में कई न्यायिक अधिकारियों का तबादला किया, जिनमें पूर्व भाजपा सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई करने वाली जज भी हैं। दिल्ली न्यायिक सेवा में 233 न्यायिक अधिकारियों की नई पदस्थापना करने के अलावा, हाईकोर्ट ने दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में 23 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अलग अधिसूचना भी जारी की।

# पूर्व कांग्रेस सांसद को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 1984 दंगे के एक मामले और हत्या में आरोपी है सज्जन कुमार

दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या और दंगे के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार और अन्य को बरी करने के खिलाफ सीबीआई की अपील स्वीकार कर ली है।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को दिए आदेश में जांच एजेंसी को निचली अदालत के 20 सितंबर 2023 के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति दी और मामले पर अगली सुनवाई दिसंबर में करने का फैसला किया। अपील की अनुमति किसी अदालत द्वारा किसी पक्षकार को उच्च अदालत में फैसले को चुनौती देने की औपचारिक अनुमति देना होता है। अदालत ने कहा कि अदालत की राय में सीबीआई को अपील की अनुमति स्वीकार की जाती है। अदालत ने आदेश के खिलाफ पीड़िता शीला कौर की अपील भी स्वीकार कर ली।

## शहाबुद्दीन की पत्नी और बेटे राजद में शामिल

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब रविवार को अपने बेटे ओसामा शहाब के साथ पार्टी में शामिल हो गईं। हिना ने हाल ही में बिहार के सीवान से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव ने उनका स्वागत किया और शहाबुद्दीन को राजद का संस्थापक सदस्य बताया। यादव ने दावा किया कि दिवंगत नेता के परिजनों से भाजपा के खिलाफ हमारी लड़ाई में मदद मिलेगी।

## अहमदाबाद की फैक्टरी में जहरीले धुएं से दो लोगों की मौत, सात भर्ती

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में रविवार को कपड़ा फैक्टरी में विषैले धुएं में सांस लेने के बाद दो श्रमिकों की मौत हो गई जबकि सात को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना शहर के नारोल औद्योगिक क्षेत्र में देवी सिंथेटिक्स में हुई। डीसीपी रवि मोहन सैनी ने बताया कि फैक्टरी में जब तेजाब को टैंक में डाला जा रहा था, तब नौ श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया। पुलिस को पूर्वाह्न 10:30 बजे सूचना मिली कि नारोल की फैक्टरी में जहरीली गैस के रिसाव से नौ लोग प्रभावित हैं और उन्हें एलजी अस्पताल ले जाया गया, जहां दो की मौत हो गई। सात श्रमिक अस्पताल में भर्ती है, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

- तेजाब टैंक में डालते समय श्रमिकों ने जहरीला धुआं अंदर ले लिया, चार श्रमिकों की हालत चिंताजनक

## 105 किलो हेरोइन व 6 हथियारों समेत दो गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने तुर्की-आधारित ड्रग तस्कर नवप्रीत सिंह उर्फ नव भुल्लर के दो सहयोगियों को 105 किलो हेरोइन और पांच विदेशी एवं एक देशी पिस्तौल समेत गिरफ्तार किया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को बताया कि आरोपियों में नवजोत सिंह निवासी बाबा बकाला, अमृतसर और लवप्रीत निवासी काला संघिया, कपूरथला है। यादव ने बताया कि हेरोइन के अलावा, 31.93 किलो कैफीन एनहाइड्रस व 17 किलो डेक्स्ट्रोमेथॉर्फ़न सहित बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिली हैं।

## असम में चतुर्थ श्रेणी की परीक्षा आयोजित, इंटरनेट सेवाएं बंद

**गुवाहाटी।** असम सरकार में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया और इस दौरान राज्य में करीब सात घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं बंद की गईं। राज्य भर में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका है जब मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित की गई हैं। शुक्रवार को जारी किए गए एक आदेश में कहा गया कि ''स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी लिखित परीक्षा आयोजित कराने तथा सार्वजनिक सुरक्षा पर प्रभाव डालने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी घटनाओं को रोकने के लिए'' मोबाइल इंटरनेट, वाई-फाई और मोबाइल डेटा सेवाएं सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक निलंबित की गई हैं।

## कारोबार/कृषि

### लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800 गेहूँ (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूँग खड़ा 10000-10500 मूँग दाल 10500-11000 मूँग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूँगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100 आटा 2700-2900 रवा 3000-3050

### सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 81,350 |
| सोना रवा | 81,200 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 1,00,100 |
| चांदी (999) | 1,00,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# अफ्रीका का समर्थन जारी रखेगा भारत : सीतारमण

## केंद्रीय मंत्री ने जी7 व जी20 से अफ्रीका को समर्थन देने का किया आग्रह

- बुनियादी ढांचे के विकास व स्वास्थ्य क्षेत्र में हर तरह से करेगा मदद

**वाशिंगटन, एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी7 व जी20 से अफ्रीका के लिए समर्थन बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा है कि बुनियादी ढांचे के विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में अफ्रीका को तकनीकी विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की पेशकश करते हुए भारत अफ्रीका को हर तरह से समर्थन करना जारी रखेगा।

सीतारमण ने रविवार को विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान अफ्रीका में विकास के लिए जी7 पहलों और विकास वित्त चुनौतियों के लिए देश-विशिष्ट समाधानों पर चर्चा करने के लिए जी7 अफ्रीकी मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारत-अफ्रीका के बीच गहरी साझेदारी को देखते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 मार्गदर्शक सिद्धांतों के साथ इस साझेदारी को फिर से परिभाषित किया है, जिसका उद्देश्य क्षमता निर्माण, सार्वजनिक सेवाओं और जलवायु परिवर्तन से निपटने के माध्यम से अफ्रीका के विकास का समर्थन करना है। वित्त मंत्री ने बहुपक्षीय विकास बैंकों की बढ़ी हुई ऋण देने की क्षमता से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से समर्थन पर जोर दिया।

### सीतारमण ने की गीता गोपीनाथ से भेंट



**वाशिंगटन।** सीतारमण ने आईएमएफ की प्रथम उपप्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से मुलाकात की जहां गोपीनाथ ने 16वीं सामान्य समीक्षा के लिए भारत के समर्थन का अनुरोध किया। सीतारमण ने आयोजन की सफलता पर गोपीनाथ को बधाई दी और निरंतर सहयोग के प्रति आशा व्यक्त की। उन्होंने नौकरियों और कौशल पर केंद्रित हाल की केंद्रीय बजट घोषणाओं पर भी प्रकाश डाला।

# शेयर बाजार-फाइनेंशियल सर्विसेज : अवसर-जोखिम

फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार के बीच का संबंध वित्तीय दुनिया का एक महत्वपूर्ण पहलू है। फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पूंजी जुटाने, निवेश के अवसर प्रदान करने और बाजार अनुसंधान के माध्यम से निवेशकों को समर्थन करती हैं। वहीं, शेयर बाजार निवेशकों को उच्च रिटर्न और विविधता के अवसर देता है। हालांकि, इसमें जोखिम भी शामिल हैं, जैसे बाजार की अस्थिरता और क्रेडिट जोखिम। इस लेख में हम इस संबंध की गहराई, इसके लाभ, जोखिम, और जानकारी कैसे प्राप्त करें। फाइनेंशियल सर्विसेज और शेयर बाजार का संबंध गहरा और जटिल है। आइए, इसे विस्तार से समझते हैं।



### दोनों में संबंध- पूंजी जुटाना

- **आईपीओ :** जब फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां शेयर बाजार में शेयर जारी करती हैं, तो वे सार्वजनिक निवेशकों से धन जुटाती हैं। यह कंपनियों को विस्तार और विकास के लिए पूंजी प्रदान करता है।
- **बॉण्ड इश्यू :** कंपनियां पूंजी जरूरतों के लिए बॉण्ड भी जारी करती हैं, जिससे उन्हें लंबी अवधि में ऋण मिलता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लंबी अवधि में वृद्धि :** शेयर बाजार में यदि सही तरीके से किया जाए तो लंबी अवधि में उच्च रिटर्न की संभावना होती है।
- **विभिन्न उत्पाद :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के निवेश उत्पादों की पेशकश करती हैं, जैसे शेयर, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड्स आदि। इससे निवेशक अपने पोर्टफोलियो को विविधित ला सकते हैं।
- **निवेश सलाहकार :** फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां पेशेवर वित्तीय सलाहकारों की ओर से मार्गदर्शन प्रदान करती हैं, जो निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **अस्थिरता :** शेयर बाजार में मूल्य में उतार-चढ़ाव होता है, जो निवेशकों को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है।
- **क्रेडिट :** यदि कोई फाइनेंशियल कंपनी वित्तीय कठिनाइयों में होती है, तो इससे निवेशकों को हानि हो सकती है।
- **नियमों में परिवर्तन :** वित्तीय क्षेत्र में नियम बदलते रहते हैं। इससे कंपनियों के संचालन पर असर पड़ सकता है।

### पहचान और जानकारी

- **एनएसई/बीएसई :** दोनों की वेबसाइटों से कंपनियों की जानकारी, शेयर की कीमतें और अन्य डेटा ले सकते हैं।
- **वित्तीय रिपोर्ट :** कंपनियों की वार्षिक और तिमाही रिपोर्ट का अध्ययन करें। इनमें वित्तीय प्रदर्शन का विवरण होता है।

### निवेश के विकल्प

- **म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड निवेश करने के लिए लोकप्रिय हैं। सर्विसेज कंपनियां कई प्रकार के म्यूचुअल फंड्स उपलब्ध कराती हैं, जैसे इक्विटी फंड, डेट फंड, आदि।
- **पेंशन फंड :** ये दीर्घकालिक निवेश विकल्प होते हैं जो शेयर बाजार के माध्यम से फाइनेंशियल सर्विसेज द्वारा प्रबंधित होते हैं।

### बाजार अनुसंधान

- फाइनेंशियल कंपनियां निवेशकों को बाजार के बारे में जानकारी और विश्लेषण प्रदान करती हैं। ये जानकारी निवेशकों को सही निर्णय लेने में मदद करती है।

# त्योहारी सत्र से उपकरण विनिर्माताओं को बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को इस वर्ष त्योहारी सीजन की बिक्री में 30% वृद्धि की उम्मीद है। प्रमुख ऑनलाइन खुदरा मंच फ्लिपकार्ट और अमेज़न के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि हुई है तथा धनतेरस सप्ताह के दौरान ऑफलाइन माध्यमों से भी अंतिम समय में इसके जोर पकड़ने की उम्मीद है।

उद्योग जगत के लोगों ने कहा कि इस त्योहारी सीजन में प्रीमियमीकरण का चलन है, जहां उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता, उच्च क्षमता और बड़े आकार की सुविधाओं के लिए अतिरिक्त भुगतान करने को तैयार हैं। यहां तक कि एआई और आईओटी प्रौद्योगिकी संचालित उत्पादों में भी रुचि

- ऑनलाइन खुदरा मंच के त्योहारी सेल से दहाई अंक में वृद्धि, धनतेरस के लिए ऑफलाइन के जोर पकड़ने की आशा

दिखा रहे हैं। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स, पैनासोनिक, सोनी, गोदरेज अप्लायंसेज और हायर जैसी कंपनियों ने ओणम से ही त्योहारी बिक्री की शुरुआत कर दी है।

उम्मीद है कि यह गति 45 दिन की त्योहारी अवधि के शेष सप्ताह तक जारी रहेगी, जो दिवाली के बाद समाप्त होगी। एलजी इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (घरेलू उपकरण) संजय चितकारा ने कहा कि सभी श्रेणियों में अच्छी वृद्धि हुई है। इस सीजन में छोटे दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों से भी प्रीमियम उत्पादों की मांग बढ़ी है, जो उत्साहजनक है।

## कारोबारी से जुड़े म्यूचुअल फंड ने एक साल में दिया 56% रिटर्न

**नई दिल्ली।** निवेश परिदृश्य में कारोबारी चक्र से जुड़े म्यूचुअल फंड का प्रचलन बढ़ा है। पिछले साल इन म्यूचुअल फंड ने 32-56 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इस दौरान एचएसबीसी, महिंद्रा मनुलाइफ और क्वॉन्ट की योजनाओं से निवेशकों से 50 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न मिला है। कारोबारी चक्र फंड म्यूचुअल फंड का ही एक प्रकार है, जो आर्थिक चक्र के विभिन्न चरणों के दौरान ऐसे शेयरों और क्षेत्रों में निवेश करते हैं जिनके उस समय की परिस्थितियों के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद होती है। इन शीर्ष तीन फंड ने निफ्टी 500 टीआरआई सूचकांक से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिसने इसी अवधि में 35.11% रिटर्न दिया। आनंद राठी वेल्थ के डिप्टी सीईओ फिरोज अजीज ने कहा कि यह शानदार वृद्धि इन कोष में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। वर्तमान में, बाजार में केवल 16 कारोबारी चक्र से संबंधित कोष हैं, जिनमें से केवल तीन ने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया है।

# बाजार की दिशा तक करेंगे एफपीआई व वैश्विक रुख

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में विदेशी निवेशकों की गतिविधियों, वैश्विक रुख और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निदान से बाजार में कुछ और गिरावट देखने को मिल सकती है। विदेशी कोषों की भारी निकासी और कंपनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे अच्छे नहीं रहने से बाजार में बड़ी गिरावट आई थी।

एक विशेषज्ञ ने कहा कि अगले महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से निकट अवधि में बाजार में कमजोरी का रुख जारी रह सकता है। दिवाली पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे, लेकिन शाम को एक घंटे के लिए विशेष मुहूर्त कारोबार होगा। बीएसई और एनएसई एक नवंबर को दिवाली पर एक घंटे का विशेष मुहूर्त कारोबार आयोजित करेंगे, जो नए संवत 2081 की शुरुआत का प्रतीक है।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.09 लाख करोड़ घटी

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गिरावट के बीच गत सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 2,09,952.26 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,822.46 अंक या 2.24 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

### एफपीआई ने बाजार से निकाले 85,790 करोड़

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली का क्रम जारी है। इस महीने एफपीआई ने 85,790 करोड़ रुपये या 10.2 अरब डॉलर की निकासी की है। चीन के प्रोत्साहन उपायों, वहां शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन तथा घरेलू शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी कोषों की निकासी के मामले में अक्टूबर का महीना सबसे खराब साबित हो रहा है।

# केंद्रीय अनुबंध में ए से बी वर्ग में खिसके अफरीदी

लाहौर, एजेंसी

- फखर इफ्तिखार और मीर को नहीं मिला अनुबंध

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने रविवार को 2024-25 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को ए वर्ग से हटाकर बी वर्ग में खिसका दिया जबकि सीनियर खिलाड़ियों फखर जमां, इफ्तिखार अहमद और ओसामा मीर को अनुबंध नहीं दिया।

हाल में इंग्लैंड पर 2-1 से शृंखला में जीत हासिल करने के बावजूद टेस्ट कप्तान शान मसूद बी ग्रेड में बने हुए हैं। बोर्ड ने कुल 25 खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध दिए हैं जबकि पिछले साल 27 खिलाड़ियों को अनुबंध पेश किया था। पिछले साल की तरह पीसीबी ने तीन महीने के बाद अनुबंध की घोषणा की। पीसीबी के सूत्र ने बताया कि फिटनेस टेस्ट में विफल होने के कारण ही जमां को अनुबंध सूची से बाहर किया गया। फखर इस समय घुटने की समस्या के लिए लाहौर में एनसीए में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। वह हाल में दो फिटनेस जांच में विफल रहे जिससे अब नवंबर के अंत में फिर उनकी जांच की जाएगी। पीसीबी ने पांच खिलाड़ियों खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मुहम्मद इरफान खान और उस्मान खान को पहली बार केंद्रीय अनुबंध की पेशकश की।

### ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए घोषित की टीम

**लाहौर।** पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौर के लिए एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के टीम की घोषणा कर दी है। बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन शाह अफरीदी की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा जिम्बाब्वे दौरे के लिए भी टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान का ऑस्ट्रेलिया दौरा 4 से 18 नवंबर तक होगा। जबकि जिम्बाब्वे दौरा 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगा। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान एकदिवसीय टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हासीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन अफरीदी को रखा है। वहीं, टी-20 में अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रउफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, नसीम शाह, ओमेर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम और उस्मान खान शामिल है। वहीं, जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम में आमिर जमाल, अब्दुल्लाह शफीक, अबरार अहमद, फैसल अकरम, हारिस रउफ, हसीबुल्लह), कामरान गुलाम, हसनैन, रिजवान (विकेटकीपर), इरफान खान, सईम अयूब, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर को चुना गया है।

# गेंदबाजी में सीमित विकल्प चिंता का विषय : रवि

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व भारतीय कोच ने कहा- परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजर रही है भारतीय टीम
- गंभीर को लेकर बोले- कोच के रूप में करियर के शुरुआत है, वह जल्द ही सीख जाएंगे



न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में हार के बाद भारत का अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाना अधर में लटक गया है और अगर वह लगातार तीसरी बार इसमें सफल भी रहता है तो डब्ल्यूटीसी के अगले दो साल के चक्र के लिए कप्तान रोहित शर्मा का टीम में बने रहना मुश्किल लगता है। यही बात रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली पर भी लागू होती है। अश्विन तब 41 साल जबकि जडेजा और कोहली 39 साल के हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर उंगलियां उठने लगी हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर के प्रति सहानुभूति जताई। शास्त्री ने पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा न्यूजीलैंड ने भारत को दोनों टेस्ट मैचों में शानदार तरीके से हराया है। यह सोचनीय विषय है। गंभीर ने अभी-अभी कार्यभार संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता जिसके इतने अधिक चाहने वाले हों। यह कोच के रूप में उनके करियर के शुरुआती दिन हैं, लेकिन वह जल्द ही सीख जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजरने वाला है। कम से कम चार विश्व स्तरीय क्रिकेटर अगले दो साल में खेल को अलविदा कह देंगे और ऐसे में गंभीर कोच के रूप में अविश्वसनीय स्थिति में हैं।

### सेंटनर ने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर की : डूल

**पुणे।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने टेस्ट शृंखला में भारत की हार के लिए उसके बल्लेबाजों की स्पिन गेंदबाजी को खेलने की कमजोरी को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को थका हुआ मानने से इनकार कर दिया। बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के 13 विकेट की मदद से कीवी टीम ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 113 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल की। डूल ने कहा मुझे लगता है कि उनके पास बेहतर स्पिनर हैं और वे विपक्षी बल्लेबाजों की कमजोरी को उजागर करने में सक्षम हैं, लेकिन इस टेस्ट में मिशेल सेंटनर ने शानदार प्रदर्शन करके उनके बल्लेबाजों को थोड़ा बेनकाब कर दिया। न्यूजीलैंड का स्पिन आक्रमण विश्व स्तरीय नहीं है और उनके सामने भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन चिंता का विषय है।

## खेल डायरी

### रन फॉर यूनिटी 29 को होगी : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरदार पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ इस वर्ष 29 अक्टूबर को होगी। मोदी ने रेडियो पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी में राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष 31 अक्टूबर को दिवाली का पर्व होगा, इसलिए इस दिन होने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन 29 अक्टूबर को किया जाएगा। मोदी ने कहा इस बार 31 अक्टूबर को सरदार पटेल जी की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। हम हर साल 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन करते हैं। दीपावली की वजह से इस बार 29 अक्टूबर यानि मंगलवार को इसका आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें हिस्सा लेने का आग्रह किया।

### आकांक्षा ने पीएसए चैलेंजर स्क्वैश का जीता खिताब

**कूजिक्स (फ्रांस)।** भारत की आकांक्षा सालुंके ने मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को 3-0 से हराकर महिला एकल का पीएसए चैलेंजर वर्ल्ड टूर स्क्वैश का खिताब जीता। शनिवार को खेले गये मुकाबले में आकांक्षा सालुंके ने फाइनल में मलेशिया की यशमिता जदीश कुमार को (11-7, 11-7, 11-6) से हराकर वर्ष का अपना पहला पीएसए वर्ल्ड टूर स्क्वैश खिताब अपने नाम किया। इससे पहले आकांक्षा सालुंखे ने दूसरे राउंड में स्थानीय खिलाड़ी लॉरेन बाल्टायन को 3-0 (11-9, 11-4, 14-12) से हराया। उसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन की कीरा मार्शल के खिलाफ एक मुश्किल मुकाबले में जीत दर्ज की।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के क्वार्टरफाइनल में हारीं मनिका



**मोंटपेलियर (फ्रांस)।** भारत की टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मोंटपेलियर 2024 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में चीन की कियान तियानयी से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ मनिका का टूर्नामेंट में ऐतिहासिक सफर समाप्त हो गया है। शनिवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में मनिका बत्रा को चीन की कियान तियानी ने 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। 30वीं वरीयता प्राप्त मनिका बत्रा ने प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स को 3-1 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत में अमरीकी खिलाडी लिली झांग पर 3-0 से जीत दर्ज की थी।



### बेन्सन और रीना ने जीती कोच्चि स्पाइस कोस्ट

**कोच्चि।** केरल के सीबी बेन्सन और रीना मनोहर ने रविवार को यहां कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन 2024 में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। बेन्सन ने 42.2 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे 42 सेकंड में तय की। पिछले दो अवसरों पर वह दूसरे स्थान पर रहे थे। जस्टिन (03:06:56) और श्रीनिधि श्रीकुमार (03:08:49) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं में रीना ने 04:50:06 का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। मैरी जोशी (04:53:59) और निलीना बाबू (04:54:32) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। इस प्रतियोगिता के ब्रांड एंबेसडर सचिन तेंदुलकर हैं जो मैराथन के दौरान प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने के लिए यहां उपस्थित थे।

# दूसरा वनडे हारीं भारतीय महिलाएं

## न्यूजीलैंड ने 76 रनों से जीता मुकाबला, शृंखला 1-1 की बराबरी पर

अहमदाबाद, एजेंसी

- राधा और साइमा ने की नौवे विकेट के लिए 70 रन की रिकार्ड साझेदारी



‹‹ जीतने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम।

कप्तान सोफी डिवाइन (79 रन) और (तीन विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड की महिला टीम ने रविवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 76 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की शृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। सोफी डिवाइन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 259 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 27 ओवर में 108 के स्कोर पर अपने आठ विकेट गवां कर बड़ी हार की ओर बढ़ रही थी। स्मृति मंधाना (शून्य), शेफाली वर्मा (11), यास्तिका भाटिया (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (17), कप्तान हरमनप्रीत कौर (24), तेजल हसबनिस (15), दीप्ति शर्मा (15) और अरुंधति रेड्डी (दो)रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने नौवे विकेट के लिए रिकार्ड 70 रन की साझेदारी कर न्यूजीलैंड को बड़ी जीत से रोक दिया। यह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में नौवें विकेट के लिए भारत के तरफ सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने झूलन गोस्वामी और अल खादीर के 43 रनों की साझेदारी का रिकॉर्ड तोड़ा। राधा यादव ने 64 गेंदों में 48 रनों की पारी खेली। वहीं साइमा ठाकोर ने 54 गेंदों में 29 रन बनाए। इसके बाद 48वें ओवर में राधा यादव के आउट होने के साथ 183 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत हो गया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने भारत को जीत के लिए 260 रनों का लक्ष्य दिया था। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सूजी बेट्स जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 87 रन जोड़े। 16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने जॉर्जिया पलिमर (41) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद प्रिया मिश्रा ने अपने पर्दापण मैच में लौरेन डाउन (तीन) को रनआउट किया। कप्तान सोफी डिवाइन ने 79 रनों की पारी खेली। मैडी ग्रीन ने 42 गेंदों में 41 रन बनाए। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया। ब्रूक हैलिडे (8), इसाबेला गेज (11), जेस केर (12), लिया तहुहू (शून्य), ईडन कार्सन (एक) रन बनाकर आउट हुई। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 259 का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से राधा यादव ने चार विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड : 259/9** (50 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सूजी बेट्स का एवं बो राधा | 58 | 70 | 8/0 |
| जॉर्जिया प्लिमर का राधा बो दीप्ति | 41 | 50 | 6/1 |
| लौरेन डाउन रन आउट (प्रिया) | 3 | 19 | 0/0 |
| सोफी डिवाइन का जेमिमाह बो राधा | 79 | 86 | 7/1 |
| कारूक हैलिडे का राधा बो प्रिया | 8 | 15 | 1/0 |
| मैडी ग्रीन का अरुंधति बो राधा | 42 | 41 | 5/0 |
| इसाबेल गेज स्टं तानिया बो दीप्ति | 11 | 9 | 2/0 |
| जेस केर नाबाद | 12 | 6 | 2/0 |
| लिया तहूहू का दीप्ति बो राधा | 0 | 1 | 0/0 |
| ईडन कार्सन बो ठाकोर | 1 | 3 | 0/0 |
| फ्रैन जोनस नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 3, गेंदबाजी : साइमा 10-0-58-1, अरुंधति 10-0-52-0, दीप्ति 10-3-30-2, प्रिया 10-1-49-1, राधा 10-0-69-4

**भारत : 183/10** (47.1 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा पगबाधा जेस केर | 11 | 9 | 2/0 |
| स्मृति मंधाना का प्लिमर बो ताहूहू | 0 | 2 | 0/0 |
| यास्तिका भाटिया का गेज बो ताहूहू | 12 | 15 | 0/1 |
| हरमनप्रीत कौर का कार्सन बो डिवाइन | 24 | 35 | 1/1 |
| जोमिमा रोड्रिग्स का गेज बो डिवाइन | 17 | 28 | 2/0 |
| तेजल हसबनिस बो कार्सन | 15 | 38 | 2/0 |
| दीप्ति शर्मा का गेज बो ताहूहू | 15 | 23 | 1/0 |
| अरुंधति रेड्डी का गेज बो कार्सन | 2 | 9 | 0/0 |
| राधा यादव का डाउन बो डिवाइन | 48 | 4 | 5/0 |
| साइमा ठाकोर का बेट्स बो जेस केर | 29 | 54 | 3/0 |
| प्रिया मिश्रा नाबाद | 0 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 10, गेंदबाजी : ताहूहू 10-1-42-3, जेस केर 10-0-49-2, जोनास 10-2-33-0, डिवाइन 7.1-0-27-3, कार्सन 10-2-32-2

# आर्थर को हराकर स्विस इंडोर्स के फाइनल में पहुंचे बेन शेल्टन



**बासेल (स्विटजरलैंड)।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ने पुरुष एकल में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर स्विस इंडार्स के फाइनल में जगह बना ली है।

सेमीफाइनल मुकाबले में बेन शेल्टन ने अपने युगल जोड़ीदार आर्थर फिल्स को हराया। नंबर छह वरीयता प्राप्त शेल्टन ने टाईब्रेक में 6-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सातवीं वरीयता प्राप्त फिल्स को 6-3, 7-6 (9) से पराजित किया। शेल्टन का फाइनल में मुकाबला अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड से होगा। वहीं अन्य सेमीफाइनल मुकाबले में गैर वरीयता प्राप्त एमपेटशी पेरीकार्ड ने 17 ऐस की सर्विस करके डेनमार्क के होल्गर रूण को 7-6 (6), 6-4 से हराकर फाइनल में पहुंचे है।

### किनवेन झेंग ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में पक्की की जगह

**तोक्यो।** चीन की शीर्ष वरीय किनवेन झेंग ने रविवार को यहां अमेरिका की वाइल्डकार्डधारी सोफिया केनिन को 7-6 (5), 6-3 से हराकर टोरे पैन पैसिफिक ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स में जगह बनाई। झेंग ने 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन पर एक घंटे 52 मिनट में मिली जीत के दौरान 16 ऐस लगाए और सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया। झेंग का यह इस साल का तीसरा खिताब है और पिछले साल हांग्झोउ में जीतने के बाद हार्डकोर्ट पर यह उनका पहला खिताब है। डब्ल्यूटीए फाइनल दो नवंबर को रियाद में शुरू होगा।

# रोनाल्डो-मेस्सी के बाद बेलोन डी ओर जीतने को तैयार हैं युवा

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी

- 16 वर्षों में 13 बार खिताब जीत चुके हैं दोनों दिग्गज फुटबॉलर
- इस बार विनीसियस जूनियर को माना जा रहा है बड़ा दावेदार

वैश्विक फुटबॉल के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिये जाने वाले पुरस्कार बेलोन डी ओर का आयोजन जब सोमवार को होगा तो पिछले कई वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जबकि दो सबसे बड़े दिग्गजों में शामिल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी दावेदारों में शामिल नहीं होंगे।

अर्जेंटीना के मेस्सी और रोनाल्डो पिछले 16 साल में 13 बार इस खिताब के विजेता रहे हैं लेकिन इस बार इन दोनों को नामांकन नहीं मिला है। मेस्सी उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल है जिन्होंने इस खिताब को लगातार दो साल जीता है। 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैम्पियन बनाने के बाद अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आठवीं बार इसे जीता था। मेस्सी से पहले लगातार दो पुरस्कार जीतने वाले पिछले खिलाड़ी मार्को वैन बास्टेन थे। मेस्सी और रोनाल्डो के दबदबे को इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस के महान जिनेदिन जिदान सिर्फ एक बार इसके विजेता बने।

# बार्सीलोना ने रियल मैड्रिड को 4-0 से हराया

बार्सीलोना, एजेंसी



‹‹ स्पेन के सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में स्पेनिश ला लीगा फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए लड़ते रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर बार्सिलोना के पाउ क्यूबार्सी।

रॉबर्ट लेवानदोवस्की के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रियल मैड्रिड पर 4-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। इस हार के साथ मैड्रिड का ला लीगा में 42 मैच का अजेय अभियान भी थम गया।

टीम 2017-18 में बनाए बार्सीलोना के रिकॉर्ड से एक मैच पीछे रह गई। कार्लो एंकेलोटी की टीम की पिछले साल 23 सितंबर से ला लीगा में यह पहली हार है। पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद लेवांदोवस्की (54वें और 56वें मिनट) ने तीन मिनट में दो गोल दागकर बार्सीलोना को 2-0 की बढ़त दिलाई। लेमिन यमाल (77वें मिनट) और राफिन्हा (84वें मिनट) ने भी इसके बाद गोल दागकर बार्सीलोना की आसान जीत सुनिश्चित की। अन्य मुकाबलों में विलारियल ने वेलाडेलिड को 2-1 से हराया जबकि वालेकानो और पालमास ने एल्वेस और गिरोना को 1-0 के समान अंतर से शिकस्त दी।

### ब्राजील के खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया लाल कार्ड

**साओ पाउलो।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी। रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

## बॉलीवुड हलचल

# परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून होंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में बिजनेस टाइकून का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान पहले सिद्धार्थ और जाह्नवी को लेकर स्पाइडर नाम की एक एक्शन थ्रिलर फिल्म बना रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने दोनों के साथ एक रोमांटिक फिल्म परमसुंदरी बनाने का फैसला किया। कहा जा रहा है कि फिल्म परम सुंदरी में सिद्धार्थ मल्होत्रा दिल्ली के बिजनेस टाइकून का किरदार निभा रहे हैं। वहीं जाह्नवी कपूर, परम सुंदरी के किरदार में हैं, जो केरल से ताल्लुक रखती है और पेशे से एक कलाकार है। फरवरी, 2025 तक फिल्म की शूटिंग पूरी होने की उम्मीद है।

# सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज हो गया है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। ट्रेलर और गाना जय बजरंगबली रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक विनाशम करोहम रिलीज कर दिया है। अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिंघम अगेन के टाइटल ट्रैक ''विनाशम करोहम'' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए हैं।वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है। म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए अजय देवगन ने कैप्शन में लिखा, भयंकर रोंगटे खड़े हो जाने की गारंटी। रोहित शेट्टी निर्देशित सिंघम अगेन में अजय देवगन, सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे कई सितारे नजर आयेंगे। यह फिल्म 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर रिलीज होगी।

### सीआईडी के नए सीजन का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** लोकप्रिय जासूसी सीरियल सीआईडी के नये सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जासूसी सीरियल सीआईडी सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर फिर से शुरू होने जा रहा है, जिसके साथ ही उसके पसंदीदा किरदारों की भी वापसी हो रही है जिन्हें फैंस दो दशकों से अधिक समय से पसंद करते आए हैं। ट्रेलर में एक अकल्पनीय ट्विस्ट भी दिख रहा है। अभिजीत और दया, जो कभी अभिन्न दोस्त थे, अब कट्टर दुश्मन बन कर आमने-सामने खड़े हैं, जो देश के लिए हमेशा साथ में लड़े है, आज दुश्मन बन क्यों आमने सामने खड़े है। सीआईडी में एसीपी प्रद्युमन की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने कहा, सीआईडी के इस सीज़न में, दया-अभिजीत की अटूट जोड़ी टूट गई है और दोनों एक दूसरे के विरुद्ध खड़े हैं। सीआईडी की नींव हिल गई है, और एसीपी प्रद्युमन की दुनिया में बवाल मच गया है। छह साल बाद एसीपी प्रद्युमन के रूप में वापसी करके किसी सपने की तरह लग रहा है, क्योंकि इस किरदार को बहुत प्यार मिला है, और हम सस्पेंस और दिल को छू लेने वाले ड्रामा से भरे रोमांचक सफर का वादा करते हैं।

# जापान पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत ने जीते 24 पदक

**तोक्यो।** शिवराजन सोलईमलई और सुकांत कदम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को जापान पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में 24 पदक जीते। भारत ने छह स्वर्ण, नौ रजत और नौ कांस्य पदक जीते। शिवराजन को दोहरी सफलता मिली। उन्होंने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल में सुदर्शन श्रवणकुमार के साथ मिलकर खिताब जीता।

सुकांत ने पुरुष एकल (एसएल4) में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा पुरुष युगल (एसएल3-एसएल4) में दिनेश राजैया के साथ मिलकर रजत पदक जीता। उन्होंने एकल फाइनल में साथी भारतीय खिलाड़ी तरूण को 21-12, 21-10 से हराया। नवीन शिवकुमार और सूर्यकांत यादव को कांस्य पदक मिले। पुरुष युगल फाइनल में सुकांत और दिनेश को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कुमार नितेश ने एसएल3 फाइनल में रजत पदक जीता।

# जो भी क्रिकेट खेल रहा हूं, बस लुत्फ उठाना चाहता हूं : धोनी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एमएस धोनी को अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रख सकता है सीएसके



भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं। धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी।

आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक धोनी ने गोवा में कुछ दिन पहले आयोजित एक कार्यक्रम में कहा मैं अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल सका हूं उसका आनंद लेना चाहता हूं। मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। पिछले सप्ताह चेन्नई सुपरकिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कासी विश्वनाथन ने भी कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी आगामी सत्र में खिलाड़ी के तौर पर टीम का हिस्सा होंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# मिशेल ओबामा ने मिशिगन में हैरिस के समर्थन में की रैली

अमेरिका, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की पत्नी मिशेल ओबामा ने पुरुषों से कमला हैरिस का समर्थन करने की अपील की जिससे वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति बन सकें। अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में मिशिगन में शनिवार को एक रैली में मिशेल ओबामा ने कहा कि यदि डोनाल्ड ट्रंप पुनः राष्ट्रपति बनते हैं तो महिलाओं की जान खतरे में पड़ जाएगी।

अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला ने गर्भपात के संवैधानिक अधिकारों



को खत्म करने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि यह महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। ओबामा ने कहा कि कुछ पुरुष विकास की धीमी गति के कारण गुस्से में ट्रंप को मतदान कर सकते हैं, लेकिन आपके इस गुस्से का असर बाकी चीजों पर पड़ेगा।

### ट्रंप को खतरा बताने वाले खुद ही असली खतरा : मस्क

**अमेरिका।** कारोबारी एलन मस्क ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करते हुए कहा कि जो लोग पूर्व राष्ट्रपति को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हैं, वे स्वयं लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मस्क ने पेंसिल्वेनिया में संबोधित करते हुए अमेरिका के संसदीय परिसर यूएस कैपिटल में 6 जनवरी, 2021 को हुए दंगों के संदर्भ में कहा कि इस घटना को एक प्रकार का हिंसक विद्रोह कहा गया, जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है।

# धूम्रपान से हर साल भारत में 10 लाख मौतें, दुनिया में 80 पार

सिगरेट पीने से हर साल लाखों लोगों की मौत होती है। कई प्रकार के कैंसर होते हैं। दुनिया का हर स्मोकर जानता है कि वो जहर पी रहा है। हाल ही में विश्व प्रसिद्ध जर्नल द लैंसेट पब्लिक हेल्थ में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, अगर साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर सिर्फ 5% रह जाए तो इसके अविश्वसनीय नतीजे सामने आ सकते हैं। इससे पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 1 साल और महिलाओं की 0.2 साल तक बढ़ सकती है। उम्मीद की बात ये है कि रिसर्चर्स ने अनुमान जताया है कि पूरी दुनिया में साल 2050 तक स्मोकिंग रेट घटकर पुरुषों में 21% और महिलाओं में लगभग 4% तक हो सकता है। यह भी अनुमान जताया है कि अगर सिगरेट छोड़ने के प्रयासों में तेजी दिखाई जाए तो पूरी दुनिया में लोगों की जिंदगी में लगभग 87.6 करोड़ साल और जुड़ सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल सिगरेट पीने की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की प्रीमेच्योर मौत होती है। वहीं भारत में हर साल स्मोकिंग के कारण 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसमें अगर अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती है।



### स्मोकिंग से कौन सी बीमारियां होती हैं

स्मोकिंग के कारण 10 से ज्यादा तरह के कैंसर, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और अस्थमा का जोखिम होता है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि दुनिया में सबसे अधिक मौतों की वजह कैंसर और हार्ट डिजीज ही हैं। पूरी दुनिया में हर साल लगभग 6 करोड़ लोगों की मौत होती है। इनमें लगभग 1.80 करोड़ मौतें हार्ट डिजीज के कारण होती हैं और 1 करोड़ मौतों की वजह कैंसर है। भारत में 25.3 करोड़ स्मोकर्स हैं दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू का सेवन करने वाले देशों की लिस्ट में चीन के बाद भारत दूसरे नंबर पर है।

### उद्देश्य बनाएं फिर उन्हें नकारें

- खालीपन स्मोकिंग के लिए ट्रिगर पॉइंट है। इसलिए खुद को किसी-न-किसी काम में व्यस्त बनाए रखें। समय मिलने पर कोई फिल्म देख सकते हैं या म्यूजिक सुन सकते हैं।
- अगर खाली समय होने पर दिमाग स्मोकिंग की तरफ जाता है तो इस दौरान अपने घर की साफ-सफाई और सजावट का काम कर सकते हैं।
- सिगरेट छोड़ने के चलते पहले ही दिमाग स्ट्रेस में होता है। ऐसे में जरूरी है कि घर और वर्कप्लेस में स्ट्रेस फ्री माहौल मिले। स्मोकिंग के लिए स्ट्रेस सबसे बड़ा ट्रिगर है।
- अगर स्मोकिंग छोड़ने के कारण बहुत बेचैनी हो रही है या अजीब महसूस हो रहा है तो अपने दोस्तों के साथ या फैमिली के साथ वक्त बिताएं। मौजूदा मनोदशा के बारे में बात करें।
- अगर स्मोकिंग क्विट करने के कारण ऑफिस वर्क करना या घर के काम करना मुश्किल हो रहा है तो कुछ दिन का ब्रेक लें।
- स्मोकिंग क्विट करने से हो रही बेचैनी की भरपाई दूसरे नशे से न करें। इसके लिए शराब या कोई दूसरा नशा विकल्प कभी नहीं हो सकता है।

## एक नजर

### मध्य मैक्सिको में दुर्घटना में 24 की मौत, 5 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मैक्सिकन राज्य ज़ाकाटेकास में शनिवार तड़के एक यात्री बस और ट्रैक्टर-ट्रेलर की टक्कर में चौबीस लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेशनल गार्ड के समन्वयक जुआन मैनरिकेज ने कहा कि दुर्घटना तब हुई जब ट्रेलर मकई परिवहन कर रहे ट्रक से अलग हो गया, जिससे बस दाहिनी ओर झुक गई। जाकाटेकास सरकार के महासचिव रोड्रिगो रेयेस ने एक वीडियो बयान में कहा कि बस पश्चिमी राज्य नायरिट के टेपिक से उत्तरी राज्य चिहुआहुआ के स्यूदाद जुआरेज़ तक यात्रा कर रही थी।

### 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी विस्फोट, दूर तक फैला लावा

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के सबसे सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक में रविवार को विस्फोट होने से कम से कम तीन बार राख के गुबार उठे और आसपास के गांवों में मलबा फैल गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के अगम जिले में स्थित माउंट मारापी में होने वाले विस्फोटों का पूर्वानुमान लगाना कठिन है, क्योंकि वे मैग्मा की गहरी हलचल के कारण नहीं, बल्कि भूगर्भीय झटकों के कारण होते हैं। मारापी निगरानी चौकी पर इंडोनेशिया के ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय खतरा शमन केंद्र के अधिकारी अहमद रिफांदी ने बताया कि इससे निकला गर्म लावा कई मील तक फैल गया।

### जापान में महिला बार कर्मचारी की हत्या

**टोक्यो।** जापान के टोक्यो में एक बार में काम करने वाली 18 वर्षीय युवती की रविवार तड़के एक पुरुष ग्राहक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। क्योदो न्यूज ने पुलिस के हवाले से बताया कि ग्राहक की पहचान गुनमा प्रांत के निवासी 49 वर्षीय हिरोयुकी चिगिरा के रूप में की गयी है। उसने कथित तौर पर टोक्यो के शिम्बाशी जिले के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में स्थित बार में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 5:40 बजे महिला कर्मचारी युना तानिसावा की गर्दन पर चाकू से वार किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि बार के प्रबंधक ने संदिग्ध को पकड़ लिया और पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टोक्यो निवासी तानिसावा की अस्पताल में मौत की पुष्टि की गयी।

# गाजा में हवाई हमले, 22 की गई जान

## इजराइली सेना ने चरमपंथियों पर किया हमला, कहा- फिर से संगठित हो रहे हमास के चरमपंथी

दीर अल बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा पर इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमलों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। बुरी तरह प्रभावित उत्तरी क्षेत्र में इजराइल के हमले तीसरे सप्ताह भी जारी हैं और सहायता समूहों ने इसे मानवीय आपदा बताया है। इजराइल के मुताबिक हमास के चरमपंथी वहां फिर से संगठित हो गए हैं। इस बीच, उत्तरी तेल अवीव में रविवार को एक ट्रक बस स्टॉप से जा टकराया, जिससे दर्जनों लोग घायल हो गए।

इजराइली बचाव सेवा मैगन डेविड अडोम ने बताया कि चिकित्सक दर्जनों लोगों का उपचार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के पीछे की परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हो पाई हैं लेकिन फिलिस्तीनियों ने अतीत में इस प्रकार के कई हमले किए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि उत्तरी शहर बेत लाहिया में शनिवार देर रात कई मकानों एवं इमारतों पर हुए इन हमलों में मारे गए लोगों में 11 महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। उसने कहा कि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं और मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने बेत लाहिया में एक इमारत में चरमपंथियों पर हमला किया और आम नागरिकों को नुकसान से बचाने के लिए कदम उठाए। उसने मीडिया द्वारा प्रकाशित आंकड़ों को गलत बताया लेकिन स्वयं हताहतों की कोई संख्या नहीं बताई। सालभर से जारी युद्ध के दौरान विस्थापन की ताजा लहर में सैकड़ों लोग मारे गए हैं और हजारों फिलिस्तीनी 'गाजा सिटी' छोड़कर चले गए हैं। इजराइल गाजा में रोजाना हमले कर रहा है। साथ ही वह लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध लड़ रहा है।

प्राधिकारियों ने बताया कि लेबनान से प्रक्षेपित एक विस्फोटक ड्रोन उत्तरी इजराइल के औद्योगिक क्षेत्र की एक इमारत में जा घुसा, जिससे दो लोग घायल हो गए।



### ईरानी सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा, उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों से हुई पुष्टि

**दुबई।** ईरान की राजधानी के दक्षिण-पूर्व में स्थित उस गुप्त सैन्य अड्डे पर इजराइल के हमले से काफी नुकसान पहुंचा है, जिसे अतीत में विशेषज्ञों ने तेहरान के तत्कालीन परमाणु हथियार कार्यक्रम से संबद्ध बताया था। इस हमले में एक अन्य सैन्य अड्डे को नुकसान पहुंचा, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा था। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने उपग्रह से प्राप्त तस्वीरों का रविवार को विश्लेषण किया, जिससे पता चलता है कि क्षतिग्रस्त हुई कुछ इमारतें ईरान के पारचिन सैन्य अड्डे में स्थित थीं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को संदेह है कि ईरान ने पूर्व में वहां परमाणु हथियार से संबद्ध विस्फोटकों का परीक्षण किया था। ईरान लंबे समय से इस बात पर जोर देता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण है।

### इजराइली हमले का जवाब देने का अधिकार रखता है ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा कि वह अपने तीन प्रांतों में कई ठिकानों पर पहले हुए इजराइली हमले का कानूनी और वैध जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ईरानी सेना की जनसंपर्क वेबसाइट पर एक बयान में कहा कि इजराइली विमानों ने शनिवार तड़के पश्चिमी प्रांत इलम के सीमावर्ती इलाकों में खुज़ेस्तान का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत और तेहरान के आसपास हल्के हथियारों से लैस लंबी दूरी की हवा से प्रक्षेपित मिसाइलें दागीं।

### ईरान पर हमले से सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** जराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि इजराइल के हमलों से ईरान को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है और इस हमले से उसके सभी लक्ष्य हासिल हो गए हैं। इस महीने की शुरुआत में इजराइल पर हुए ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले के जवाब में एक दिन पहले इजराइल के लड़ाकू विमानों ने ईरान में कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया था।

### नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने किया बाधित, शर्म करो के नारे लगाए

**इजराइल।** दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के पीड़ितों की याद में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संबोधन को प्रदर्शनकारियों ने बाधित किया। प्रदर्शनकारियों ने शर्म करो के नारे लगाए और हंगामा किया, जिससे नेतन्याहू को अपना भाषण शुरू होने के कुछ ही समय बाद रोकना पड़ा। इस प्रमुख स्मृति कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जा रहा था।

# शाह ने बंगाल में सरकार प्रायोजित घुसपैठ के लिए टीएमसी पर साधा निशाना

कोलकाता, एजेंसी

- गृह मंत्री ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत कहा- राज्य सुरक्षित नहीं

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सरकार प्रायोजित घुसपैठ और भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाया और दावा किया कि संदेशखालि में महिलाओं पर हमले तथा आरजी कर अस्पताल में एक चिकित्सक से बलात्कार-हत्या जैसे मामले इस बात का सबूत हैं कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं।

शाह ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की और राज्य में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने 2026 के विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के लिए ठोस प्रयास का आह्वान किया और जोर देकर कहा कि भ्रष्टाचार व घुसपैठ जैसे ज्वलंत मुद्दों को हल करने का यही एकमात्र तरीका है। शाह ने अगले विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के पार्टी के उद्देश्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा हमें 2026 में दो तिहाई बहुमत के साथ बंगाल में अगली सरकार बनानी है। शाह ने पार्टी सदस्यों से राज्य में अपने प्रभाव को कम नहीं आंकने का आग्रह करते



हुए कहा ममता दीदी को यह नहीं सोचना चाहिए कि हमें बंगाल में कुछ सीटें मिली हैं तो हम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में बंगाल से 30 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उसे 2019 की तुलना में छह कम यानी 12 सीट पर जीत मिली।

पश्चिम बंगाल में 42 लोकसभा सीट हैं। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा के प्रति चिंता जताते हुए शाह ने संदेशखालि और आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल ही में हुई घटनाओं का जिक्र किया और कहा कि ये पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के अभाव को दर्शाती हैं।

## रूसी सेना ने सात क्षेत्रों में 51 यूक्रेनी ड्रोनों को किया नष्ट

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रूस के सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर 51 यूक्रेनी ड्रोनों को कल देर रात नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा यूक्रेन रूसी संघ के क्षेत्रों को लक्ष्य करके ड्रोन से आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का प्रयास कर रहा था जिसे ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 51 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, टैम्बोव क्षेत्र में कुल 18 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 16, ब्रांस्क, लिपेत्स्क और ओर्योल क्षेत्रों में चार-चार, वोरोनिश क्षेत्र में तीन और कुर्स्क क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट किया गया।

# चीन में जन्मदर में गिरावट हजारों किंडर गार्टन बंद

बीजिंग, एजेंसी

- जनसांख्यिकीय संकट गहराता अधिकारिक रिपोर्ट में दी गई जानकारी

चीन में जनसांख्यिकीय संकट गहराता जा रहा है और जन्म दर में गिरावट एवं बच्चों के नामांकन में गिरावट के मद्देनजर हजारों नामी किंडरगार्टन बंद हो गए हैं। एक अधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

चीन के शिक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में किंडरगार्टन की संख्या में 14,808 की कमी आई और यह घटकर 274,400 रह गई है। चीन की गिरती जन्म दर के नवीनतम संकेतक में यह लगातार दूसरी वार्षिक गिरावट है। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को मंत्रालय की रिपोर्ट के हवाले से खबर दी कि किंडरगार्टन में नामांकित बच्चों की संख्या में लगातार तीसरे वर्ष गिरावट आई है। खबर के मुताबिक नामांकन में पिछले वर्ष की तुलना में 11.55 प्रतिशत या 53.5 लाख की कमी के साथ यह संख्या 4.09 करोड़ रह गई है। प्राथमिक विद्यालयों की संख्या भी 2023 में 5,645 घटकर 143,500 रह गई है जो 3.8 प्रतिशत की गिरावट है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर में कहा गया है कि यह गिरावट चीन में व्यापक जनसांख्यिकीय बदलाव को दर्शाती है, जहां जन्म दर और कुल जनसंख्या दोनों में गिरावट जारी है।

## जापान के प्रधानमंत्री का संसदीय चुनाव में बहुमत खोना तय

**तोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के सत्तारूढ़ गठबंधन का रविवार को संसद के निचले सदन के चुनाव में बहुमत खोना लगभग तय है। ये परिणाम सत्तारूढ़ पार्टी के व्यापक वित्तीय घोटालों पर मतदाताओं के आक्रोश को दर्शाते हैं। एनएचके ने अपनी खबर में कहा कि इशिबा की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगी 'कोमिटो' को 456 सीटों वाले निचले सदन में बहुमत (233 सीटें) मिलता नहीं दिख रहा है। जापान की द्विसदनीय संसद में निचला सदन बहुत ताकतवर है। बहुमत खोने का मतलब सरकार में बदलाव नहीं है, लेकिन नतीजों से इशिबा के लिए अपनी पार्टी की नीतियों को संसद में पारित कराना मुश्किल हो जाएगा।

# पूर्व सेनाध्यक्ष सहित 10 पूर्व मंत्री तलब

## बांग्लादेश में नरसंहार को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने लिया संज्ञान

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने देश में जुलाई-अगस्त में विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ कथित अपराधों और नरसंहार के सिलसिले में रविवार को पूर्व सेनाध्यक्ष जियाउल अहसान, 10 पूर्व मंत्रियों और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 व्यक्तियों को अगले महीने तलब किया है।

देश की अंतरिम सरकार के अनुसार, विद्रोह के दौरान कम से कम 753 लोग मारे गए और हजारों घायल हुए, जिसे आईसीटी अभियोजन टीम और अंतरिम सरकार ने मानवता के खिलाफ अपराध एवं नरसंहार करार दिया। हसीना और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ अब तक आईसीटी की जांच एजेंसी और अभियोजन टीम के समक्ष मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार की 60 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं। द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, आईसीटी ने संबंधित अधिकारियों को 18 नवंबर को 10 पूर्व मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के दो सलाहकारों सहित 20 लोगों को अपने समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है।

### शेख हसीना के पूर्व सलाहकार पर भी आरोप

मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम के एक आवेदन के बाद न्यायमूर्ति एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय आईसीटी पीठ द्वारा जारी किया गया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, आरोपियों की सूची में पूर्व मंत्री फारूक खान, राशिद खान मेनन, हसनुल हक इनु, जुनैद अहमद पलक, अब्दुर रज्जाक, शाहजहां खान, कमाल अहमद मजूमदार और गोलाम दस्तगीर गाजी शामिल हैं। खबर के मुताबिक, आरोपियों की सूची में प्रधानमंत्री शेख हसीना के पूर्व सलाहकार तौफीक-ए-इलाही और सलमान एफ रहमान, पूर्व सेना प्रमुख अहसान, पूर्व न्यायाधीश शमसुद्दीन चौधरी माणिक और पूर्व गृह सचिव जहांगीर आलम के भी नाम शामिल हैं।

# फिलीपीन में भीषण बाढ़ व भूस्खलन से 126 की मौत

फिलीपीन, एजेंसी

फिलीपीन में उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 126 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई लोग लापता हो गए हैं। फिलीपीन के राष्ट्रपति ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है जिसके कारण लोग वहां फंस गए हैं।

सरकार की आपदा-प्रतिक्रिया एजेंसी ने पहले बताया था कि शुक्रवार को फिलीपीन के उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से आए 'ट्रामी' तूफान के कारण कम से कम 85 लोगों की मौत हो गई जबकि 41 अन्य लोग लापता हुए हैं। यह दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में इस साल का अब तक का सबसे घातक और विनाशकारी तूफान है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के



कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 126 हो गई है और कई अन्य लोग लापता हैं। तूफान से आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृतक संख्या और बढ़ने की आशंका है। प्रभावित इलाकों में पुलिस, अग्निशमन और अन्य आपातकालीन कर्मी राहत एवं बचाव कार्यों में लगे हुए हैं। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने तूफान के कारण मनीला के दक्षिण-पूर्व में बुरी तरह प्रभावित हुए क्षेत्र का शनिवार को निरीक्षण किया।

हिदायत

## जयशंकर बोले- मुंबई पर हुए 26/11 हमले के बाद भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी

# आतंकवाद बर्दाश्त नहीं, भारत इसके खिलाफ लड़ाई में अग्रणी

मुंबई, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई थी, लेकिन यदि ऐसी घटना दोबारा हुई तो अब ऐसा नहीं होगा। जयशंकर ने यहां संवाददाताओं से कहा मुंबई में जो हुआ, उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए कि यहां आतंकवादी हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई।

उन्होंने कहा मुंबई भारत और दुनिया के लिए आतंकवाद-विरोध का प्रतीक है। जयशंकर ने कहा कि जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य था, तब वह आतंकवाद-निरोधक समिति की अध्यक्षता कर रहा था। उन्होंने कहा हमने आतंकवाद-निरोधक समिति



की बैठक उसी होटल में की थी, जिस पर आतंकी हमला हुआ था। जयशंकर ने कहा लोग जानते हैं कि भारत आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। हम आज आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा जब हम आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा। यह स्वीकार्य नहीं है कि आप दिन में सौदेबाजी कर रहे हों और रात में आतंक में लिप्त हों और मुझे दिखावा करना पड़े कि सब कुछ ठीक है। अब भारत इसे स्वीकार नहीं करेगा। यही बदलाव है। जयशंकर ने कहा हम आतंकवाद को उजागर करेंगे और जहां हमें कार्रवाई करनी होगी, हम कार्रवाई भी करेंगे। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत और चीन जल्द ही लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त फिर से शुरू करेंगे, जिससे अप्रैल 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने से पहले की व्यवस्था बहाल होगी। जयशंकर ने कहा हमें उम्मीद है कि डेमचोक और देपसांग जैसे क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 2020 से पहले की गश्त व्यवस्था बहाल हो जाएगी।

### देपसांग, डेमचोक में सैनिकों की वापसी पहला कदम, तनाव कम करना अगला कदम

**मुंबई।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में सैनिकों का पीछे हटना पहला कदम है, और उम्मीद है कि भारत 2020 की गश्त की स्थिति में वापस आ जाएगा। विदेश मंत्री ने स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र करते हुए कहा कि अगला कदम तनाव कम करना है, जो तब तक नहीं होगा जब तक भारत को यकीन नहीं हो जाता कि दूसरी तरफ भी यही हो रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, भारत ने घोषणा की कि उसने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त करने को लेकर चीन के साथ समझौता कर लिया है। चार साल से अधिक समय से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता है। मुंबई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि देपसांग और डेमचोक में गश्त करने और पीछे हटने पर आम सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि इसे लागू करने में समय लगेगा। यह पीछे हटने और गश्त का मुद्दा है, जिसका मतलब है कि हमारी सेनाएं एक-दूसरे के बहुत करीब आ गई थीं और अब वे अपने ठिकानों पर वापस चली गई हैं। हमें उम्मीद है कि 2020 वाली स्थिति बहाल हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी करना पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है।